


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 131 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.12 2082 बुधवार, 6 अगस्त-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## शाह सबसे लंबे समय गृह मंत्री रहने वाले नेता

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमित शाह मंगलवार को भारत के सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। वे 2,258 दिनों से पद पर हैं। शाह ने 30 मई, 2019 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्री का कार्यभार संभाला था। शाह ने गृह मंत्री का पहला कार्यकाल 9 जून 2024 को पूरा किया था। 10 जून, 2024 को वे फिर से गृह मंत्री बने और तब से इस पद पर हैं। गृह मंत्रालय के अलावा, वे देश के पहले सहकारिता मंत्री भी हैं। इससे पहले शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गुजरात के गृह मंत्री रह चुके हैं। इत्तफाक से, शाह ने सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री रहने की उपलब्धि 5 अगस्त को हासिल की है। इसी दिन 2019 में, उन्होंने संसद में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को निरस्त करने की घोषणा की थी।

# ‘हम पसंद से दोस्त, नियति से साझेदार’

### > फिलीपींस के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पीएम मोदी

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत दौरे पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मुलाकात की। साथ ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच दोस्ताना और गहरे रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत हुई।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत और फिलीपींस के बीच सभ्यता, इतिहास और लोगों के बीच मजबूत जुड़ाव पर आधारित पुराने रिश्ते हैं। दोनों नेताओं के बीच हो रही बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों की दोस्ती और आपसी सहयोग को और मजबूत करना है। इस मुलाकात से उम्मीद की जा रही है कि भारत और फिलीपींस के संबंध और भी मजबूत होंगे और कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा।

**भारत-फिलीपींस की मबजूत दोस्ती पर की बात :**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और फिलीपींस अपनी मर्जी से दोस्त हैं और उनकी दोस्ती नियति से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक दोनों देशों को साझा मूल्य जोड़ते हैं। यह दोस्ती केवल पुरानी नहीं बल्कि भविष्य के लिए भी एक मजबूत वादा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की ‘एक्ट ईस्ट पॉलिसी’ और ‘महासागर’ विजन में फिलीपींस एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

दोनों देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियमों पर आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। अगले साल फिलीपींस आसियान का अध्यक्ष होगा, जिसके सफल संचालन के लिए भारत पूरी मदद देगा। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच हर स्तर पर बातचीत और सहयोग जारी है। आज दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में भारत-फिलीपींस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने का फैसला किया गया है।

इस साझेदारी को सफल बनाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना भी बनाई गई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 3 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसे और मजबूत करने के लिए भारत-आसियान फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की समीक्षा जल्द पूरी करने और द्विपक्षीय प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम करने का निर्णय लिया गया है। >14



## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

**बिहार सहित 4 राज्यों के राज्यपाल रहे, उनके कार्यकाल में आज ही के दिन आर्टिकल-370 हटा था**




नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सत्यपाल मलिक लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। 11 मई को हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे।

2018 में ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था।

## ‘विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर’

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने ‘हर-हर महादेव, भारत माता की जय’ के नारे लगाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा, संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है।

## बादल फटने से गांव जमींदोज चार की मौत, 50 से ज्यादा लापता

उत्तरकाशी, 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव में बादल फटने से खीरगंगा में भयंकर बाढ़ आ गई। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया की धराली आपदा में अब तक चार लोगों की मौत हुई है और 50 से ज्यादा लापता, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकाने ध्वस्त हो चुकी है। आर्मी हर्षिल/पुलिस/एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी के लिए रवाना हुई हैं।



उत्तराखंड में भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। आज मंगलवार सुबह ही उत्तरकाशी बडकोट तहसील क्षेत्र के बनाल पट्टी में भारी अतिवृष्टि होने से चपेट में आई करीब डेढ़ दर्जन बकरियां कुड गदेरे में बह गई। कुड गदेरा उफान पर आने से अफरा-तफरी मच गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश भर में 10 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। वहीं, बारिश की वजह से सुरक्षा को देखते हुए देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मंगलवार को भी स्कूल बंद रहेंगे।

धराली उत्तरकाशी क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का सीएम धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं।

### > सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी पर रार <

## क्या हम आतंकवादी हैं : खड़गे, मुझसे ट्यूशन ले लीजिए : नड्डा



नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी के मुद्दे पर आज राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल सभापति ने इस बात पर आपत्ति जताई कि जब खड़गे ने उन्हें सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को लेकर पत्र लिखा था तो उसे मीडिया में क्यों जारी किया गया। सभापति ने इसे सदन के नियमों का उल्लंघन करार दिया।

इस पर खड़गे ने कहा कि वह सभी को पत्र के बारे में जानकारी नहीं दे सकते थे तो उन्होंने इसे लेकर मीडिया में बयान जारी किया। चर्चा के दौरान जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए और नसीहत देते हुए कहा कि विपक्ष को उनसे ट्यूशन लेने की जरूरत है। दरअसल राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने खड़गे के पत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पत्र को मीडिया में जारी करके संसद के जनता को जानकारी देने के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद उपसभापति ने कई घटनाओं का जिक्र किया, जब सत्ता पक्ष के लोग सदन में बोल रहे थे और विपक्षी सांसदों ने उनकी सीटों के पास आकर उनके संबोधन बाधित करने का प्रयास किया। >14



# हैदराबाद में भारी बारिश, 8 अगस्त तक येलो अलर्ट



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद ने, 6 और 7 अगस्त को भारी मानसूनी बारिश का अनुमान लगाया है।यह चेतावनी तेलंगाना के विभिन्न जिलों के लिए मान्य है। येलो अलर्ट जारीमौसम विभाग ने 8 अगस्त तक विभिन्न जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

आईएमडी हैदराबाद के पूर्वानुमान के अनुसार, तीन दिनों तक भारी मानसूनी बारिश के बाद, राज्य में एक और दिन गरज, बिजली, आंधी आदि जारी रहेगी।इस बीच, मौसम विशेषज्ञ टी. बालाजी, जो अपने सटीक मौसम पूर्वानुमानों के लिए प्रसिद्ध हैं, ने भी दक्षिण और मध्य तेलंगाना में भयंकर तूफान की भविष्यवाणी की है। हैदराबाद के लिए, उन्होंने दोपहर और शाम के दौरान छिटपुट तूफानों की भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि रात और सुबह के समय छिटपुट भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने हैदराबाद में भारी मानसूनी बारिश का अनुमान लगाया हैमौसम विभाग ने हैदराबाद के लिए 8 अगस्त तक मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। बारिश के अलावा, शहर में तेज़ हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम की स्थिति को देखते हुए, आईएमडी हैदराबाद ने 8 अगस्त तक शहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अधिकतम तापमान गिरकर 30.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जो नागरकुरनूल में दर्ज किया गया। हैदराबाद में, सबसे कम अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस बहादुरपुरा में दर्ज किया गया। आईएमडी हैदराबाद की भारी मानसूनी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर, तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## 4 साल तक फरार रहने के बाद शेख जानी गिरफ्तार

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कमिश्नर टास्क फोर्स ने सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो धोखाधड़ी के एक मामले में चार साल से फरार था। सरूरनगर निवासी आरोपी शेख जानी (34) कथित तौर पर हैदराबाद और राचकोंडा में दर्ज मुद्रा ऋण धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल था। टास्क फोर्स के डीसीपी वाईवीएस सुधींद्र ने कहा, जानी ने मुद्रा लोन दिलाने के बहाने महिलाओं से भारी रकम वसूली और उन्हें ठगा।

## ट्रैक्टर चालक को 8 साल का कारावास

आदिलाबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानीय अदालत ने सोमवार को एक ट्रैक्टर चालक को चार साल पहले लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक व्यक्ति की मौत के लिए 8 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया। वरिष्ठ सिविल और सहायक सत्र न्यायाधीश सीएम राज्यलक्ष्मी ने आदिलाबाद शहर के सुरेथर संतोष को 26 जुलाई, 2021 को कलेक्ट्रेट चौरास्ता पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर नवीद अहमद की मौत का दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया।

अदालत ने फैसला सुनाने से पहले साक्ष्यों की जांच की और आठ गवाहों से जिरह की। पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन ने आदिलाबाद I टाउन इंस्पेक्टर सुनील कुमार, अदालती मामलों के निगरानी अधिकारी एमए बाकी, अदालत संपर्क अधिकारी गंगा सिंह और अदालत ड्यूटी अधिकारी एम अशोक की सजा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों के लिए सराहना की।

## घर में फटा सिलेंडर, एक की मौत

मेडचल, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के हैदराबाद के पास मेडचल में एक घटना सामने आई है. यहां एक घर में सिलेंडर फटने से मकान ढह गया. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. मेडचल में सिलेंडर फटने से मकान गिर पड़ा. घर में रह रहे दो लोग इस हादसे का शिकार हो गए.

इस हादसे के दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक दम से मकान गिरता हुआ नजर आ रहा है. दरअसल, मेडचल के अम्बेडकर मूर्ति के पास मौजूद पूर्व एमपीटीसी मुरली के घर में अचानक सिलेंडर फटने से बहुत बड़ा धमाका हुआ और मकान पूरी तरह ढह गया. बताया जा रहा है कि इस मकान में रह रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और महिला का इलाज चल रहा है. उनकी हालत भी नाजुक बनी हुई है. मुरली के घर में सिलेंडर कैसे फटा अभी तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर ये हादसा कैसे हुआ. क्या किसी शार्ट सर्किट की वजह से सिलेंडर फटा या फिर गैस लीक होने की वजह से फटा. पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी हुई है

## बीआरएस नेताओं ने केएलआईपी पंप हाउस पर किया विरोध प्रदर्शन



जयशंकर भूपालपल्ली, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) के कन्नेपल्ली पंप हाउस पर तनाव बढ़ गया है क्योंकि बीआरएस के वरिष्ठ नेताओं ने मोटरों को तुरंत चालू करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने सरकार से पानी छोड़ने और जलाशयों व अन्य जल निकायों को भरने की मांग की। पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर, पूर्व सांसद बी विनोद कुमार, एमएलसी पूरनम सतीश, पूर्व विधायक पुट्टा मधु और पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के अन्य नेताओं के नेतृत्व में बीआरएस कार्यकर्ता सोमवार सुबह पंप हाउस के गेट पर एकत्र हुए। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत कार्रवाई करे और वनकालम (खरीफ) की फसल को बचाए, अन्यथा किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। नेताओं ने पानी उठाने के लिए मोटरें चालू करने हेतु पंप हाउस में जबरन घुसने का प्रयास किया। हालांकि, भारी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें परिसर में घुसने से रोक दिया।

पुलिस और बीआरएस नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। अंदर जाने से मना करने पर, बीआरएस कार्यकर्ताओं ने प्रवेश द्वार पर धरना दिया और कांग्रेस सरकार द्वारा कालेश्वरम परियोजना की उपेक्षा के खिलाफ नारे लगाए।

## आरटीसी बस टिकट अब व्हाट्सएप पर उपलब्ध..!

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कई कदम उठा रहा है। नई बसों में इंटेलिजेंट टिकटिंग मशीनों (आईटीएम) के ज़रिए डिजिटल भुगतान की सुविधा पहले ही उपलब्ध करा दी गई है। हाल ही में, आरटीसी ने एक और अहम फैसला लिया है। यात्रियों को आधुनिक सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, वह 'व्हाट्सएप चैटबॉट' सुविधा शुरू करने पर काम कर रहा है। इस नई सुविधा के ज़रिए यात्री आसानी से टिकट बुक कर सकेंगे।

व्हाट्सएप चैटबॉट सुविधा को हैदराबाद हवाई अड्डे पर चलने वाली पुष्पक बसों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा । मियापुर और कैंटोनमेंट डिपो से शमशाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए प्रतिदिन लगभग 15,000 लोग यात्रा करते हैं। आरटीसी को उम्मीद है कि इस क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट शुरू होने से ज़्यादा यात्रियों को इस सुविधा का परीक्षण करने का अवसर मिलेगा। यह सुविधा अगले महीने उपलब्ध होने की संभावना है।

ये सेवाएँ तेलुगु और अंग्रेज़ी में उपलब्ध होंगी। किसी भी समस्या की स्थिति में, वे चैटबॉट के ज़रिए भी संपर्क कर सकेंगे। अगर यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा, तो आरटीसी की योजना सबसे पहले गरुड़ प्लस, राजधानी और लग्ज़री सुपरक्लास जैसी महंगी बसों में यह सुविधा शुरू करने की है। बाद में, इसे बाकी सभी बसों में भी उपलब्ध कराने की योजना है। अधिकारियों का मानना है कि इस आधुनिक सुविधा से न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि टिकट लेने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी।

## हाईटेक सिटी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प पूरा होने के करीब

### आधुनिक लुक और मिलेंगी सुविधाएं

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रेल मंत्रालय की अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) की "नया भारत नया स्टेशन पहल के तहत हाईटेक सिटी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से संबंधित कार्य तेजी से चल रहे हैं। अब तक लगभग 80 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। इसमें प्रवेश रैंप और फुटओवर ब्रिज सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। पुनर्विकास कार्य पर अनुमानित 26.60 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

पुनर्विकसित हाईटेक सिटी स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए नियोजित सुविधाओं में अवांछित संरचनाओं को हटाना, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र, उन्नत पार्किंग स्थल, दिव्यांगजन अनुकूल बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण अनुकूल भवन आदि शामिल हैं।

रेलवे स्टेशन को आधुनिक वास्तुकला और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है और यह दीर्घकालिक योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अधिकारियों ने कहा कि हाईटेक सिटी रेलवे स्टेशन का प्रस्तावित परिवर्तन अच्छी स्थिति में है। पूरा होने पर, स्टेशन में आधुनिक मुखौटा, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र और उन्नत यात्री सुविधाएँ होंगी।

शहर में पुनर्विकास किये जा रहे स्टेशनों की सूची मल्काजगिरी, हाफ़िज़पेट, हाईटेक सिटी, बेगमपेट, उप्पुगुडा और हैदराबाद।

# यात्रियों को परेशान कर रही जर्जर सड़कें

### जीएचएमसी की उदासीनता से बढ़ रही है और परेशानी



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लगातार बारिश के कारण शहर में सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो गई है, जिससे वाहन चालकों को दुःस्वप्न का सामना करना पड़ रहा है। जीएचएमसी केवल गड्ढे भरने और छोटी-मोटी मरम्मत तक ही सीमित रह गई है। नगर निकाय की धीमी प्रतिक्रिया से निराशा और बढ़ गई है, तथा यात्रियों ने समय पर कार्रवाई न होने पर असंतोष व्यक्त किया है। अधिकारियों ने दावा किया कि सड़कों की मरम्मत के प्रयास पहले से ही चल रहे थे, लेकिन बारिश के कारण हुई देरी के कारण काफी असुविधा हुई। जीएचएमसी के एक अधिकारी ने बताया, जुलाई के तीसरे हफ़्ते में शहर में हुई भारी बारिश ने इस काम में थोड़ी राहत दी। जीएचएमसी तुरंत हरकत में आया और सड़कों पर जहां भी गड्ढे दिखे, उन्हें भरने और गड्ढों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया।

सड़क सुरक्षा अभियान पर जीएचएमसी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 1 अगस्त तक %,250 से अधिक गड्ढों की मरम्मत की जा चुकी है। कुछ निवासियों ने जीएचएमसी की देरी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि नगर निकाय ने मुख्य सड़कों में रुचि दिखाई, लेकिन आवासीय कॉलोनियों में आंतरिक सड़क नेटवर्क की उपेक्षा की। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने जीएचएमसी से शहर में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में तेजी लाने का आग्रह किया है। एसोसिएशनों ने सड़कों की बिगड़ती हालत पर चिंता व्यक्त की, जिससे निवासियों को असुविधा हो रही है। मलकाजगिरी निवासी भास्कर रेड्डी ने बताया, शहर की सड़कों की हालत काफी खराब हो गई है, बड़े-बड़े गड्ढे और टूटी हुई सड़कें रोज़ाना आने-जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। निवासियों की बार-बार शिकायत के बावजूद, अधिकारियों ने अभी तक नुकसान की भरपाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

बेगमपेट के एक अन्य निवासी बीएन प्रभाकर ने कहा, कई वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को, खासकर व्यस्त समय के दौरान, मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यातायात धीमा हो जाता है और दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। स्थानीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई गई है। इस बीच, जीएचएमसी अधिकारियों ने सड़क नेटवर्क की मरम्मत और रखरखाव जारी रखने के लिए अनुबंध का विस्तार करने के लिए नगर प्रशासन और शहरी विकास (एमए और यूडी) विभाग से अनुमति मांगी है, जिसे ग्रेटर हैदराबाद में छह क्षेत्रों में व्यापक सड़क रखरखाव कार्यक्रम (सीआरएमपी) के तहत लिया गया था।

जीएचएमसी के सूत्रों ने बताया कि अगर एमए और यूडी मरम्मत और रखरखाव अनुबंध बढ़ाने पर सहमत हो जाते हैं, तो वे तदनुसार आगे बढ़ेंगे। अन्यथा, वे नए सिरे से निविदाएं जारी करेंगे।

## इंदिराम्मा लाभार्थियों के लिए खुशखबरी: खातों में जारी

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ज्ञातव्य है कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार इंदिराम्मा आवास योजना को बड़े ही उत्साह के साथ लागू कर रही है । छह गारंटियों में से एक, इंदिराम्मा आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है और घरों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। राज्य भर में डेढ़ लाख से ज़्यादा घरों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी क्रम में, लाभार्थियों को खुशखबरी दी जा रही है और उनके खातों में पैसे जमा किए जा रहे हैं। सरकार अब तक 700 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। घरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए, बिना किसी देरी के हर सोमवार को लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है।

अब तक राज्य भर में 3,08,702 घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि 1,77,932 घरों का निर्माण शुरू हो चुका है। घर का निर्माण पूरा होने तक लाभार्थियों को चार चरणों में कुल 5-5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस महीने की 4 तारीख को ही लाभार्थियों के बैंक खातों में 130 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। बताया गया कि हर सोमवार को लाभार्थियों के खातों में पैसे जमा किए जा रहे हैं।

# सृष्टि सरोगेसी घोटाला

### पीड़ितों में एनआरआई जोड़े भी शामिल



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर से जुड़े कथित सरोगेसी और आईवीएफ घोटाले की जांच तेज कर चुकी गोपालपुरम पुलिस को पता चला है कि इस घोटाले के कई पीड़ित हैं, जिनमें एनआरआई जोड़े भी शामिल हैं। पुलिस ने पीड़ितों की ताजा शिकायतों के बाद चार और एफआईआर दर्ज की हैं, जिन्होंने केंद्र के प्रबंधन पर धोखाधड़ी, चिकित्सा कदाचार और वित्तीय जबरन वसूली का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुख्य संदिग्ध, केंद्र की प्रजनन प्रबंधक डॉ. नम्रता ने सहयोगियों डॉ. सदानन्दम, चेन्ना राव, अर्चना और सुरेखा के साथ मिलकर नलगोंडा जिले के एक दम्पति से सरोगेसी प्रक्रिया में मदद करने के नाम पर 44 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। एक अन्य शिकायत में, हैदराबाद की एक महिला ने आरोप लगाया कि नम्रता ने सरोगेसी के नाम पर हार्मोन इंजेक्शन दिए और स्टाफ सदस्यों डॉ. विद्युलता, कल्याणी, शेषगिरी और श्रीनिवास रेड्डी के माध्यम से भारी धनराशि ऐंठी। अतिरिक्त शिकायतों से यह भी पता चलता है कि संदिग्धों की पहुंच घरेलू सीमाओं से परे भी है, जहां कथित तौर पर एनआरआई पीड़ितों से 25 लाख रुपये की ठगी की गई है। घोटाले के पीड़ितों ने अपनी मेडिकल रिपोर्ट और लेन-देन का विवरण सबूत के तौर पर जाँच अधिकारियों को सौंप दिया है,

जिससे कानूनी कार्रवाई का मामला मज़बूत हो गया है। पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि एक बड़ा संगठित गिरोह सहायक प्रजनन उपचारों की आड़ में कमज़ोर दंपतियों का शोषण कर रहा है। जांच जारी है, और जैसे-जैसे पुलिस प्रजनन केंद्र घोटाले के पीछे के नेटवर्क का पर्दाफ़ाश करेगी, और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

## एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन 2025 से पहले पूर्वाभ्यास आयोजित

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन 2025 के 14वें संस्करण की तैयारी के लिए, आज दौड़ मार्ग और ऊँचाई की स्थिति का परीक्षण करने के लिए एक पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन को भारत की दूसरी सबसे बड़ी शहरी मैराथन माना जाता है और यह एक प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स लेबल रेस है जो 23 और 24 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

हैदराबाद रनर्स सोसाइटी ने बताया कि फुल मैराथन (एफएम) और हाफ मैराथन (एचएम) श्रेणियों की शुरुआत पीपुल्स प्लाजा से हुई, जबकि 10 किलोमीटर की दौड़ के प्रतिभागियों ने हाईटेक्स से शुरुआत की, और सभी दौड़ें गाचीबोवली स्टेडियम में समाप्त हुईं। यह पूर्वाभ्यास (ड्राई रन) रसद व्यवस्थाओं की पुष्टि करने और सभी संबंधित प्रणालियों की सुरक्षा और तैयारी सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास सत्र के रूप में कार्य किया। इस प्रीव्यू रन में 815 से ज़्यादा प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और हिस्सा लिया, जिससे धावक समुदाय का ज़बरदस्त उत्साह और समर्थन देखने को मिला। इस कार्यक्रम में हैदराबाद रनर्स सोसाइटी द्वारा 8-सप्ताह की संरचित प्रशिक्षण पहल, काउच25K कार्यक्रम का ग्रेजुएशन रन भी शामिल था।

कार्यक्रम के सभी 462 प्रतिभागियों ने अपनी 5K ग्रेजुएशन रन पूरी की, जिससे दिन की गतिविधियों में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। आधिकारिक चिकित्सा भागीदार, अपोलो हॉस्पिटल्स ने धावकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीपल्स प्लाज़ा और गच्चीबोवली स्टेडियम में दो एम्बुलेंस तैनात करके आवश्यक सहायता प्रदान की।

## हैदराबाद उपनगरों में अब पानी की समस्या नहीं.. दो जलाशय तैयार एक हफ्ते में होगा उद्घाटन

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आउटर रिंग रोड (ओआरआर) फेज़-2 परियोजना के तहत पाटनचेरु निर्वाचन क्षेत्र के उस्मान नगर में बनाए गए दो नए जलाशय उद्घाटन के लिए तैयार हैं। अधिकारी इसी सप्ताह इनका आधिकारिक उद्घाटन करने की तैयारी कर रहे हैं। अगर ये जलाशय उपलब्ध हो जाते हैं, तो हैदराबाद के पाटनचेरु क्षेत्र के गाँवों, कॉलोनियों और गेटेड समुदायों की पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा।

4 एमएल और 2 एमएल क्षमता वाले ये जुड़वां जलाशय, पटनचेरु निर्वाचन क्षेत्र के सभी इलाकों में पानी की आपूर्ति कर सकेंगे। ये विशेष रूप से तेलपुर नगर पालिका को पेयजल उपलब्ध कराएँगे। जल बोर्ड को मिशन भगीरथ को दिए गए 15 एमजीडी पानी का पुनः उपयोग गजवेल और आसपास के इलाकों में पेयजल के लिए करने का अवसर मिलेगा। कुल 30 करोड़ रुपये की लागत से बने ये जलाशय लगभग एक लाख लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएँगे।

अधिकारियों ने उस्मान नगर जलाशयों को केवल जल संग्रहण के लिए ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके आदर्श जलाशयों में बदलने की योजना बनाई है। जलाशय से आपूर्ति की जाने वाली प्रत्येक बूंद की गणना के लिए प्रवाह मीटर लगाए जाएँगे। इससे संचरण हानि (जल हानि) का सटीक निर्धारण हो सकेगा। वितरण पाइपलाइन पर प्रायोगिक आधार पर स्मार्ट वाल्व तकनीक लगाई जाएगी।

## पलामुरु परियोजनाओं की उपेक्षा के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने पलामुरु क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं को छोड़ने और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को निशाना बनाने की साजिश रचने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना और अन्य परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूरा न करने के लिए कांग्रेस नेताओं की आलोचना की और इसके लिए चंद्रशेखर राव को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने पूछा, अगर बीआरएस ने कुछ नहीं किया, तो कई लाख एकड़ जमीन पर खेती कैसे हो गई? कांग्रेस ने पिछले दो सालों में क्या किया है? पलामुरु-रंगा रेड्डी परियोजना 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी है।

कांग्रेस सरकार को बाकी 10 प्रतिशत काम पूरा करने से किसने रोका? सोमवार को तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए, श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी दुर्घटना के बाद एसएलबीसी सुरंग में फंसे मज़दूरों के शव निकालने में विफल रहे। उन्होंने कालेश्वरम परियोजना की जांच को राजनीतिक साज़िश बताते हुए तोड़फोड़ की ओर इशारा किया और कहा कि कालेश्वरम या किसी भी अन्य परियोजना के ख़िलाफ आरोप और जांच केवल बीआरएस अध्यक्ष की छवि खराब करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कैबिनेट द्वारा मंज़ूरी मिलने से पहले ही कालेश्वरम जांच आयोग की रिपोर्ट लीक करने के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की।

## टीजी रेरा ने बिल्डर को ब्याज सहित 11.60 लाख रुपये वापस करने का दिया निर्देश

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (टीजीआरईआरए) ने हैदराबाद स्थित बिल्डर जयत्री इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कुकटपल्ली को वाणिज्यिक स्थान में समझौता ज्ञापन का अनुपालन न करने के लिए शिकायतकर्ता को 11 प्रतिशत ब्याज के साथ 11.60 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। करीमनगर जिले के जम्मीकुंटा के निवासी रविकांत नीलकंठम ने 10 अक्टूबर, 2021 को बिल्डर जयत्री इंफ्रा, कुकटपल्ली के साथ एक किया था और रंगा रेड्डी जिले के गोपनपल्ली गांव में गैलेक्सी की परियोजना में 200 वर्ग गज वाणिज्यिक स्थान की खरीद के लिए 11.60 लाख रुपये का भुगतान किया था। रविकांत ने टीजी रेरा से शिकायत की, एमओयू के अनुसार, बिल्डर ने आश्वासन दिया था कि पूरी तरह से निर्मित संपत्ति चार साल के भीतर या दिसंबर 2024 तक या उससे पहले सौंप दी जाएगी। हालांकि, यह आरोप लगाया गया है कि प्रतिवादी इसे सौंपने में विफल रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा, चूंकि प्रतिवादी निर्धारित समय के भीतर काम सौंपने में विफल रहा है, इसलिए मैं टीजीआरईआरए से परियोजना से हटने का आग्रह कर रहा हूं।

टीजीआरईआरए ने अक्टूबर 2023 में इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (ईएससीआई) को साइट का निरीक्षण करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ईएससीआई ने 1 दिसंबर, 2023 को टीजीआरईआरए को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा, परियोजना स्थल खाली पड़ा है और कोई प्रगति नहीं हुई है। ईएससीआई की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिवादी के स्वामित्व या परियोजना शुरू करने के कानूनी अधिकार को स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। साक्ष्यों की उपलब्धता के आधार पर, टीजीआरईआरए प्राधिकरण ने महसूस किया कि प्रतिवादी परियोजना को क्रियान्वित करने में विफल रहा। टीजीआरईआरए के अध्यक्ष एन सत्यनारायण और दो अन्य रेरा सदस्यों ने 31 जुलाई को आदेश जारी कर बिल्डर को आदेश की तारीख से 45 दिनों के भीतर पूरी राशि 11 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस करने का निर्देश दिया।

## व्यापारी को सांप की वजह से 50 लाख रुपये का नुकसान

भूपालपल्ली, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। किस्मत किस रूप में आती है और दुर्भाग्य किस राह पर आपका स्वागत करेगा, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। कभी-कभी, अगर आप मिट्टी भी पकड़ते हैं, तो वह सोने में बदल जाती है। दूसरी बार, अगर आप रस्सी के बारे में सोचते हैं, तो वह सांप बन जाती है और आपको डस लेती है। जयशंकर भूपालपल्ली जिले के टेकुमतला मंडल केंद्र में घटी एक घटना ने एक बार फिर इस कहावत को सच कर दिया है। श्रीनिवास नाम के एक व्यवसायी, जिन्होंने 15 वर्षों तक कपड़ा व्यवसाय करके जीवन बनाने के लिए कड़ी मेहनत की थी, को अप्रत्याशित रूप से सांप के रूप में दुर्भाग्य का सामना करना पड़ा । इसने 15 साल के सपनों और कड़ी मेहनत को मिनटों में जला दिया।

एक नहीं.. दो नहीं, इसने 50 लाख रुपये का नुकसान किया। बिजली के खंभे पर सांप के चढ़ने से हुए शॉर्ट सर्किट ने.. पास की एक कपड़े की दुकान को जला दिया। विस्तार से जानें... टेकुमटला मंडल केंद्र के श्रीनिवास पिछले 15 सालों से कपड़ों का व्यापार करके अपनी आजीविका चला रहे हैं। रोज़ाना की तरह, रविवार रात को उन्होंने अपनी दुकान बंद की और घर चले गए। दुर्भाग्य से... उसी रात, दुकान के पास लगे बिजली के खंभे पर एक कोबरा चढ़ गया। साँप बिजली के तारों को छू गया, जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे कुछ ही पलों में दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान के ऊपर रहने वाले श्रीनिवास ने आग देखी और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग तब तक फैल चुकी थी और उस पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँचे। आग बुझने से पहले ही दुकान में रखा सारा कपड़ा, फर्नीचर और नकदी जलकर राख हो गई। दुकान मालिक श्रीनिवास ने इस हादसे में अपना सब कुछ खो दिया। पीड़ित ने शिकायत की कि उसे लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जिस साँप की वजह से यह हादसा हुआ, वह भी बिजली का करंट लगने से खंभे पर ही मर गया।

सुविचार: याद रखना तपने से दुनिया में आपकी वैल्यू और बढ़ जाती है।

# कोमटिरेड्डी ने तेलंगाना में प्रमुख सड़क परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर दिया



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने केंद्र सरकार से तेलंगाना में विभिन्न सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया है। कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने सुरेश शेतकर, गड्डम वामसी कृष्णा, चमाला किरण कुमार रेड्डी और रघुरामी रेड्डी सहित कांग्रेस सांसदों और सरकार के विशेष प्रतिनिधि जितेंद्र रेड्डी के साथ मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें तेलंगाना में सड़क परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का अनुरोध किया गया। यह बातचीत मुख्य रूप से हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलबी नगर से हयात नगर तक एक डबल-डेकर कॉरिडोर सड़क के निर्माण के लिए केंद्र सरकार के समर्थन पर केंद्रित थी। कोमटीरेड्डी ने तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय रिंग रोड परियोजना से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के अलावा, हैदराबाद और अमरावती को जोड़ने वाले एक ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास का मुद्दा भी उठाया।

## मंचेरियल में ऑटो रिक्शा पलटने से 6 छात्र घायल

मंचेरियल, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक निजी स्कूल के 6 छात्र उस समय घायल हो गए जब मंगलवार को चेन्नूर मंडल के सुब्बारावपल्ली गांव में ऑटो रिक्शा पलट गया। सूत्रों ने बताया कि चेन्नूर कस्बे के एक स्कूल के छात्र गांव के पास एक मोड़ पर तिपहिया वाहन पलट जाने से मामूली रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के समय वे नारायणपुर से स्कूल जा रहे थे। कथित तौर पर गाड़ी एक नाबालिग लड़का चला रहा था। दुर्घटना का कारण तेज़ और लापरवाही से गाड़ी चलाना बताया जा रहा है। नाराज अभिभावकों ने नाबालिग ड्राइवर को तैनात करने और छात्रों की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में मंगलवार दोपहर तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

# बीआरएस टीम ने नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात की

### चुनावी सुधारों और सुरक्षा उपायों की मांग की




नई दिल्ली, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को औपचारिक रूप से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें संवैधानिक निकाय से चुनावी अखंडता और समान अवसर को प्रभावित करने वाली गंभीर चिंताओं का समाधान करने का आग्रह किया गया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के नेतृत्व में बीआरएस पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में चुनाव आयोग के निमंत्रण पर बातचीत के लिए आयोग से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सदस्य केआर सुरेश रेड्डी, वड्डीराजू रविचंद्र, पूर्व सांसद बी विनोद कुमार और वरिष्ठ नेता बाल्का सुमन और आरएस प्रवीण कुमार शामिल थे। मुख्य चुनाव आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में चार प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है। बिहार में चल रहा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पार्टी द्वारा मतपत्रों की वापसी का आह्वान, समान मुक्त प्रतीकों का बार-बार दुरूपयोग जो पार्टी की पहचान को कमजोर करता है और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन से संबंधित पिछले ज्ञापनों पर कार्रवाई न करना। बीआरएस ने बिहार में मतदाता सूचियों की चल रही एसआईआर (विशेष पंजीकरण सूचना) की असामयिक और लक्षित प्रकृति पर गंभीर आशंकाएं व्यक्त की हैं। पार्टी ने एसआईआर प्रक्रिया को, खासकर चुनावों के मद्देनजर, अनुचित बताया और आगाह किया कि इससे बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं, खासकर प्रवासी और वंचित समुदायों के मतदाताओं के।

बीआरएस पार्टी ने कहा कि आर्थिक जीवनयापन के लिए राज्यों में आने-जाने वाले प्रवासी श्रमिकों का मताधिकार से वंचित होना बेहद चिंताजनक है। मतदाता पात्रता के लिए आधार और मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज़ पर्याप्त होने चाहिए। बीआरएस ने बिहार में वर्तमान एसआईआर को वापस लेने, अर्धवार्षिक, वैज्ञानिक और पारदर्शी संशोधन प्रक्रियाओं की स्थापना, नाम हटाने या संशोधनों की पुष्टि के लिए बूथ-स्तरीय सर्वदलीय समितियों के गठन और नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों के प्रमुख सार्वजनिक प्रदर्शन की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी कि असत्यापित मीडिया आख्यानों और पक्षपातपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रेरित जल्दबाजी में किए गए संशोधन सार्वभौमिक मताधिकार और मतदाता सूची की वैधता को कमजोर कर सकते हैं। बीआरएस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के निरंतर उपयोग पर भी अपनी चिंता व्यक्त की, और बढ़ते जन अविश्वास और अंतर्राष्ट्रीय उदाहरणों का हवाला दिया। बीआरएस ने अपने पत्र में उल्लेख किया, बीआरएस पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के उपयोग पर संदेह के बारे में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करना चाहती है।

पिछले कुछ वर्षों में इस संबंध में कई मीडिया रिपोर्टें सामने आई हैं। कई राजनीतिक दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने भी ईवीएम के उपयोग को लेकर अपनी चिंताएँ व्यक्त की हैं। बीआरएस पार्टी ने याद दिलाया कि दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र, अमेरिका और ब्रिटेन, जापान और जर्मनी जैसे परिपक्व लोकतंत्र राष्ट्रीय चुनावों के लिए ईवीएम का उपयोग नहीं करते हैं।

## सिरसिल्ला में सड़क दुर्घटना में छात्र घायल

राजन्ना-सिरसिल्ला, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को येल्लारेड्डीपेट मंडल के बाहरी इलाके में एक सड़क दुर्घटना में कई छात्र घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय घटी जब गोलापल्ली से सिरसिल्ला जा रहा छात्रों को ले जा रहा एक ऑटोरिक्शा गायत्री डिग्री कॉलेज के पास एक कुत्ते से बचने के प्रयास में पलट गया। राचरला बोप्पापुर के एक छात्र हर्षवर्धन का पैर फ्रैक्चर हो गया। कुछ अन्य छात्रों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायल छात्रों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

# रोजगार गारंटी निधि बढ़ाई जाए : सीतक्का




नई दिल्ली, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य की पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दानसारी अनसूया सीतक्का ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पेम्मासनी चंद्रशेखर से मुलाकात की।

राज्य मंत्री पोन्नम प्रभाकर, ग्रेटर वारंगल की मेयर गुंडू सुधारानी और मुलुगु जिला कांग्रेस अध्यक्ष पैडकुला अशोक ने भी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की और सीतक्का के साथ विभागीय मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर, उन्होंने राज्य के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में निधि बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पिछले वर्ष 12 करोड़ मानव दिवस स्वीकृत किए थे, लेकिन इस वर्ष इसे केवल 6.5 करोड़ कार्य दिवसों तक सीमित कर दिया गया है, जो ग्रामीण विकास में बाधा बन रहा है।

उन्होंने कहा कि रोज़गार के साथ-साथ रोज़गार गारंटी योजना के माध्यम से ग्रामीणों को बुनियादी ढांचागत सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को एक याचिका प्रस्तुत कर उनके रोज़गार पर कोई प्रतिबंध लगाए बिना निधि बढ़ाने की मांग की। केंद्रीय राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर, जिन्होंने सीतक्का के अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, ने कथित तौर पर आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, BIKHAM BAITHA, Aadhar Card No 293956810184 is permanent resident of Vill- Bishnupura, PO-Giltenganj, Dist-Chhapra, Bihar-841211 presently residing at H.No 20-383, Ekalavyanagar, Malkajgiri, Hyderabad-47 do hereby declared that my name BIKHAM BAITTA is wrongly recorded in my service records, discharge book and PPO My correct name is BIKHAM BAITHA. Both name pertains to one and the same person. Vide Affidavit dated 05 Aug 25 by Notary Public Distt Hyderabad

I, SOHILA DEVI wife of BIKHAM BAITHA Aadhar Card No 632635514227 is permanent resident of Vill- Bishnupura, PO-Giltenganj, Dist-Chhapra, Bihar-841211 presently residing at H.No 20-383, Ekalavyanagar, Malkajgiri, Hyderabad-47 do hereby declared that my Date of Birth is wrongly recorded as 1957 in my husband service records, discharge book and PPO My correct DOB is 25 feb 1957. Vide Affidavit dated 05 Aug 25 by Notary Public Distt Hyderabad

I, Ratnawali Devi mother of Mr Vivek Kumar Singh presently residing at Vill-Barauli, Post - Amarpur, Teh- Siwan , Distt- Siwan (BIHAR) PIN- 841234 have changed my name from Ratnawali Devi to Ratnavali Singh vide affidavit dt 04 Aug 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

I, V PRASANNA LEKSHMI Spouse of No.14537504K, Hon.Nb.Sub. VELICHARLA ADISESHAIAH, Resident of H.No.1-17-8/14, Sai Nagar Colony, Alwal, Medchal-Malkajgiri Dist, TG-500010, my Incorrect name & DOB V PRASANNA LEKSHMI 10/06/1967 and my Correct name & DOB is VELICHARLA PRASANNA LAKSHMI 18/11/1968. Vide Affidavit dt. 05-08-2025, Sec-bad.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# सरकार ने निजी कॉलेजों के लिए शुल्क संरचना को अंतिम रूप देने हेतु विशेषज्ञ उप-समितियों का किया गठन



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए शुल्क संरचना को सुव्यवस्थित करने के लिए, राज्य सरकार ने एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की है जिसने शुल्क निर्धारण के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए चार उप-समितियों का गठन किया है। चार उप-समितियां- कानूनी समिति की अध्यक्षता टीजीसीएचई के अध्यक्ष प्रो. वी. बालाकिस्ता रेड्डी करेंगे, शैक्षणिक समिति की अध्यक्षता ओयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के संकाय सदस्य प्रो. कृष्णैया करेंगे, बुनियादी ढांचा समिति की अध्यक्षता डीटीसीपी के निदेशक देवेंद्र रेड्डी करेंगे और लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता राज्य लेखा परीक्षा निदेशक वेंकटेश्वर राव करेंगे। यह निर्णय सोमवार को विशेषज्ञ समिति द्वारा राज्य में निजी व्यावसायिक कॉलेजों के लिए शुल्क संरचना को अंतिम रूप देने के लिए विचार किए जाने वाले कारकों पर विस्तृत चर्चा के बाद लिया गया।

टीजीसीएचई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उप-समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों पर गौर करने तथा अगले चार से पांच दिनों में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। इन रिपोर्टों के आधार पर, विशेषज्ञ समिति द्वारा सरकार के लिए शुल्क संरचना और संबंधित नीतियों पर अपनी सिफारिशें तैयार करने की उम्मीद है। इससे पहले, सरकार ने निजी गैर-सहायता प्राप्त व्यावसायिक कॉलेजों में शुल्क निर्धारण के लिए संशोधित मापदंडों का सुझाव देने के लिए टीजीसीएचई के अध्यक्ष प्रोफेसर वी. बालाकिस्ता रेड्डी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।

समिति को निजी व्यावसायिक संस्थानों में शुल्क निर्धारण के लिए उपयुक्त मानदंडों की जांच और प्रस्ताव देने के लिए कहा गया था। समिति को अन्य राज्यों द्वारा अपनाई गई प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए, शुल्क संरचना निर्धारित करने हेतु प्रासंगिक संकेतकों और मानकों की खोज और पहचान करने का कार्य सौंपा गया था। साथ ही, उसे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्णयों तथा शिक्षा की लागत को प्रभावित करने वाले अन्य प्रासंगिक कारकों पर भी गौर करने को कहा गया है। सरकार का यह कदम टीएएफआरसी की सिफारिश के बाद आया है, जिसमें अन्य राज्यों में अपनाई जा रही प्रक्रिया का विधिवत अध्ययन करने तथा संबंधित सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों को ध्यान में रखते हुए शुल्क निर्धारण के लिए संशोधित मापदंडों का सुझाव देने हेतु एक समिति नियुक्त करने की सिफारिश की गई थी।

## गैस सिलेंडर विस्फोट से इमारत ढही

### एक की मौत, तीन घायल

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार देर रात मेडचल टाउन के बाजार क्षेत्र में एक गैस सिलेंडर फटने से एक इमारत ढह गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, विस्फोट पूर्व एमपीटीसी सदस्य मुरली के आवास पर हुआ, जहां एक मोबाइल फ़ोन की दुकान और दो फूलों की दुकानें भी थीं। अचानक हुए विस्फोट से इमारत ढह गई और मलबा सड़क पर बिखर गया। एक पैदल यात्री (जिसकी पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है) मलबा गिरने से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ढही हुई इमारत के सामने स्थित एक दुकान का शटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों में एक बुजुर्ग महिला थिरुपथम्मा और रफीक और दिनेश नाम के दो अन्य लोग शामिल हैं। उन्हें इलाज के लिए कोमपल्ली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मेडचल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विस्फोट के कारणों और उसके बाद हुई संरचनात्मक विफलता की जांच कर रही है। आगे की जानकारी का इंतज़ार है।

# कांस्टेबल से जुड़े 2.61 करोड़ रुपये के आवास ऋण धोखाधड़ी का भंडाफोड़

### छह लोगों के एक गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वानापर्थी, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिला पुलिस ने एक पुलिस कांस्टेबल समेत छह लोगों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर आवास ऋण लेकर कई बैंकों से धोखाधड़ी कर रहा था। गौरतलब है कि तेलंगाना पुलिस विभाग की 'भद्रता' शाखा, जो पुलिसकर्मियों को आवास ऋण प्रदान करती है, धोखाधड़ी के शिकार लोगों में शामिल थी। विवरण का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक आर गिरिधर ने सोमवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरोह का नेतृत्व पुलिस कांस्टेबल बंडारू राकेश कर रहा था, जो रियल एस्टेट के कारोबार में शामिल होने के लिए पांच साल से अधिक समय से लंबी छुट्टी पर था।

इस गिरोह में पी हरीश कुमार, टी मल्लेश, जी संदीप, एस शेखर और बी किशोर कुमार शामिल थे। उनकी कार्यप्रणाली में संपत्तियों के जाली दस्तावेज बनाना और इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी), एचडीएफसी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और भद्रता शाखा सहित कई बैंकों से आवास ऋण के लिए आवेदन करना शामिल था। एक मामले में, एस शेखर के स्वामित्व वाले एक मकान को राकेश द्वारा खरीदे जाने का दिखावा करने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए गए। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आईओबी, एचडीएफसी, एलआईसी और भद्रता से 89.3 लाख रुपये के ऋण लिए गए।

एक अन्य मामले में, गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए, जिनमें बताया गया कि एस शेखर, टी. श्रीनिवासुलु से एक मकान खरीद रहा है और उसने एचडीएफसी और भद्रता से 57.59 लाख रुपये का ऋण लिया। बाद में यही मकान प्रताप नाम के एक व्यक्ति को 40 लाख रुपये में बेच दिया गया। तीसरे मामले में, शिवशंकर के स्वामित्व वाले एक मकान की खरीद दिखाने के लिए स्वाति नाम की एक महिला के नाम से जाली दस्तावेज़ तैयार किए गए। एलआईसी से 38 लाख रुपये का ऋण लिया गया। फिर यह संपत्ति अरुण बाशा को बेच दी गई और भद्रता से 37 लाख रुपये और लिए गए। कुल मिलाकर गिरोह ने धोखाधड़ी से 2.61 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया। अधीक्षक ने कहा कि बैंकों और भद्रता शाखा के अधिकारियों की संभावित संलिप्तता की गहन जांच की जाएगी। उन्होंने जांच दल के प्रयासों की सराहना की, जिसमें वानापर्थी के सीआई एम कृष्णैया, एसआई हरिप्रसाद, रामाराजू, विजयकुमार और अन्य शामिल थे।

# एमबीबीएस/बीडीएस शुरू की काउंसलिंग

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (केएनआरयूएचएस) ने सीएपी (सशस्त्र कर्मियों के बच्चे) कोटे के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए 2025-26 के लिए सक्षम प्राधिकारी कोटा के तहत काउंसलिंग के माध्यम से एमबीबीएस/बीडीएस प्रवेश आयोजित करने का कार्यक्रम जारी किया है। स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की अधिसूचना में कहा गया है, इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सशस्त्र कार्मिकों के बच्चों (सीएपी) के तहत आरक्षण के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों को सभी प्रासंगिक मूल प्रमाण पत्रों के भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा। तदनुसार, वास्तविक प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया बुधवार, 6 अगस्त और गुरुवार, 7 अगस्त, 2025 को की जाएगी।

बुधवार को, 1 से 25,000 रैंक वाले उम्मीदवारों के लिए सुबह 9 बजे से और 1,25,001 से 2,50,000 रैंक वाले उम्मीदवारों के लिए दोपहर 12 बजे से प्रमाणपत्र सत्यापन होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि गुरुवार, 7 अगस्त को, 2,50,001 से अंतिम रैंक वाले उम्मीदवारों के लिए प्रमाणपत्र सत्यापन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। सत्यापन केंद्र निदेशक, सैनिक कल्याण, रत्नदीप सुपर मार्केट और यामाहा शोरूम के बीच वाली गली, राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद- 500082 है। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार प्रमाण पत्रों के भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं हुआ है, तो अभ्यर्थी सीएपी श्रेणी के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे, अधिसूचना में स्वास्थ्य विश्वविद्यालय ने कहा है।

## सरोगेसी घोटाला मामला

# भागने की कोशिश कर रहे डॉक्टर को हैदराबाद हवाई अड्डे पर लिया गया हिरासत में

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आव्रजन अधिकारियों ने सरोगेसी घोटाले में आरोपी एक महिला डॉक्टर को उस समय हिरासत में ले लिया जब उसने सोमवार रात राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर कथित तौर पर भागने की कोशिश की। हिरासत में ली गई महिला, जिसकी पहचान डॉ. विद्युलता के रूप में हुई है, पर गोपालपुरम पुलिस ने यूनिवर्सल फर्टिलिटी सेंटर में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। हिरासत में ली गई डॉक्टर को जांच अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है।

मुख्य संदिग्ध डॉ. नम्रता और पुलिस हिरासत में मौजूद अन्य लोगों (कल्याणी और धनश्री संतोषी) से निम्नलिखित बयान लिए गए। इस घोटाले में नम्रता की मदद करने के आरोप में विदुलता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि उसके इलाज के कारण कुछ लोगों के गर्भाशय निकाल दिए गए थे। पुलिस विद्युलता की गतिविधियों पर नज़र रख रही है। पता चला कि वह सोमवार को निजी काम से शहर आई थी। शाम को जब वह विशाखापट्टनम लौटने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंची, तो आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया और गोपालपुरम पुलिस को सूचित किया, जिसने पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। इस बीच, संदिग्धों की संख्या 16 और गिरफ्तार लोगों की संख्या 12 पहुंच गई है।

# हैदराबाद में 11 अगस्त को अमेरिकी शिक्षा मेला आयोजित होगा

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिकी उच्च शिक्षा पर अमेरिकी सरकार की आधिकारिक सूचना स्रोत एजुकेशनयूएसए, भारत भर में आठ स्टडी इन द यूएस शिक्षा मेलों की श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसकी शुरूआत 9 अगस्त को चेन्नई में होगी और समापन 17 अगस्त को पुणे में होगा। यह कार्यक्रम 11 अगस्त को शाम 4.30 बजे से 7.30 बजे के बीच हैदराबाद के होटल आईटीसी कोहेनूर में आयोजित किया जाएगा। 50 से ज़्यादा मान्यता प्राप्त अमेरिकी विश्वविद्यालय इस राष्ट्रव्यापी श्रृंखला में भाग लेंगे, जिससे छात्रों और अभिभावकों को अमेरिकी संस्थानों के आधिकारिक प्रतिनिधियों से मिलने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। ये मेले निःशुल्क हैं और आम जनता के लिए खुले हैं, लेकिन पंजीकरण आवश्यक है।

एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये मेले स्नातक, स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट के इच्छुक छात्रों के लिए शिक्षा विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने व्यक्तिगत मार्ग को निर्धारित करने में मदद मिलती है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, एजुकेशनयूएसए के सलाहकारों और अमेरिकी दूतावास के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संपर्क के माध्यम से, उपस्थित लोगों को विश्वसनीय और पारदर्शी जानकारी मिलेगी, जिससे उन्हें सूचित विकल्प बनाने और शैक्षणिक सफलता के लिए एक वैध और अच्छी तरह से समर्थित यात्रा का पालन करने में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया है कि मेले में विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले सत्र भी होंगे, जिनमें शैक्षणिक कार्यक्रम, आवेदन प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, पात्रता और संयुक्त राज्य अमेरिका में परिसर जीवन पर चर्चा की जाएगी।

# योगी बोले–वोकल फॉर लोकल अपनाएं

## विदेशी सामानों से मुनाफा आंतकवाद को मिलेगा, हर घर तिरंगा लहराएं



अलीगढ़, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अलीगढ़ की जनता के लिए 1195 करोड़ रुपए की 188 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास और ग्रामीण विकास से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। जनसभा में जनता को संबोधित करते हुए, सीएम योगी बोले- पूरे विश्व ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत के शौर्य को देखा है। दुश्मन कायरना हमला करता है। लेकिन भारत उसका मुंह तोड़ जवाब देता है। मोदी जी ने जो कहा वो करके दिखाया। सेना ने दुश्मन की मांद में घुस कर पाक को कराहने पर मजबूर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने मेक इन इंडिया की संकल्पना को भी साकार किया। जो दुनिया देख रही है।

युवाओं के लिए सीएम बोले-30 हजार पुलिस की भर्ती और निकलने वाली है। अब सरकारी नौकरी किसी एक परिवार की बपौती नहीं रही। 2017 के पहले नौकरी निकलती थी, लेकिन उसमें युवाओं का शोषण होता था। प्रदेश का नुकसान होता था।

**डिफेंस कॉरिडोर में अलीगढ़ शामिल**

योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि आपने देखा होगा 2018 मे प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की थी कि देश के अंदर दो कॉरिडोर बनेंगे। डिफेंस के दो कॉरिडोर बनेंगे, एक उत्तर प्रदेश में एक तमिलनाडु में और उत्तर प्रदेश में जो 6 नोड इसके तय हुए थे, उसमें से अलीगढ़ भी उसका एक मोड़ है।

**प्रोडक्शन भी प्रारंभ**

अलीगढ़ यहां पर भी डिफेंस कॉरिडोर के जिस नोड के विकास को हम लोगों ने 2018 से 19 से प्रारंभ किया था आज उसने भी प्रोडक्शन प्रारंभ कर दिया है। अब तो ब्रह्मोस मिसाइल भी उत्तर प्रदेश में बनने लग गई है। याद रखना ब्रह्मोस मिसाइल जैसी कोई मिसाइल आज के दिन पर दुनिया के पास नहीं है। यही कारण है ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत का ही है, पाकिस्तान को पसीने–पसीने कर दिया और पाकिस्तान ही नहीं भारत के हर दुश्मन के पसीने पसीने करने का काम अगर किसी ने क्या ब्रह्मोस मिसाइल उसका एक कारण है।

**त्योहारों पर भारत में बने सामान खरीदें, मुनाफा विदेशियों को न होने दें**

2017 से पहले पर्व के आने से पहले इस प्रदेश में चीन के सामान आ जाते थे। मगर 2018 के बाद ओडीओपी को जब लागू किया तो जनता की मांग के अनुसार प्रोडक्ट बनाना शुरू हुए, तो फिरोजाबाद की खुर्जा कॉंकरी के आइटम, कन्नौज का इत्र, मेरठ का स्पोर्ट्स, लखनऊ की जरीदोजी, भदोही की कारपेट, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, वाराणसी की सिल्क साड़ी की मांग बढ़ने लगी है। इससे यूपी की नई पहचान बनी है।

**वोकल फॉर लोकल को अपनाएं**

हमारा पैसा अगर विदेशियों के पास जाएगा, तो याद रखना, वो पैसा धर्मांतरण, आंतकी रूप में विस्फोट और अव्यवस्था के रूप में और भारत का अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ उपयोग किया जाएगा। इसलिए 2 अगस्त को पीएम मोदी ने देशवासियों का आवाहन करके वोकल फॉर लोकल का। जिसमें एक जनपद एक उत्पाद के माध्यम से भारत को मजबूत बनाना है।

# पति के सामने फंदे पर लटकी विवाहिता

कानपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सचेंडी थानाक्षेत्र के भीमसेन में मायके जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पत्नी ने कमरा बंद कर पति के सामने फांसी लगा ली। पत्नी को फंदे पर झूलता देख पति करीब 20 मिनट तक दरवाजा तोड़ने का प्रयास करता रहा, लेकिन सफल न हो सका। कुछ देर बाद विवाहिता की मौत हो गई।

ससुरालीजनों ने बताया कि विवाहिता पहले भी तीन बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है। परिजनों ने घटना से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें विवाहिता दोबारा सुसाइड करने की धमकी देते हुए दिख रही है।

सुसरालीजनों का यह है कहना... भीमसेन निवासी कुलदीप वर्मा की चार साल पहले फतेहपुर निवासी प्रभा उर्फ राधा से शादी हुई थी। दंपत्ति के एक तीन वर्षीय बेटी यशी और एक साल का बेटा यशु है। कुलदीप सीमेंट लोडिंग का काम करता है।

# राजकुमार सुसाइड मामले में रिवाल्वर किसकी?

## पुलिस को अब तक नहीं पता, परिजन बोले-सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग पर शक



लखनऊ, 5 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में चकबंदी मिनिस्टीरियल संघ के अध्यक्ष राजकुमार सिंह की सुसाइड मामले में पुलिस अब तक यह नहीं पता कर सकी है कि मौके से मिली रिवाल्वर किसकी है। कलेक्ट्रेट के शस्त्र विभाग ने कंप्यूटर रिकॉर्ड खंगाले, लेकिन रिवाल्वर नंबर किसी लाइसेंस से नहीं मिला। अब मैनुअल रिकॉर्ड देखे जा रहे हैं। इसके अलावा रिवाल्वर पर डब्ल्यू जर्मनी लिखा था। इससे भी जानकारी जुटाई जा रही है।

राजकुमार सिंह (55) निगोहां के करनपुर के मूल निवासी थे और वर्तमान में आशियाना के जोनल पार्क के पास पत्नी किरण, बेटी अंजली और बेटे शशांक के साथ रहते थे। वह चकबंदी विभाग में सीनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। बुधवार शाम शहीद पथ स्थित विंड क्लब के पास एक प्लॉट के कमरे में उनका शव मिला था। उनकी कनपटी पर गोली लगी थी। पास में जर्मनी निर्मित रिवाल्वर और एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। डीसीपी निपुण अग्रवाल के मुताबिक, रिवाल्वर का नंबर कलेक्ट्रेट के कंप्यूटर रिकॉर्ड से नहीं मिला। अब पुराने दस्तावेजों से नंबर का मिलान मैनुअल तरीके से कराया जा रहा है। रिवाल्वर पर डब्ल्यू जर्मनी लिखा था। इससे भी पता लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा गन हाउस से भी जानकारी की गई है। लखनऊ में रिवाल्वर का रिकॉर्ड न मिलने पर अन्य जनपदों से भी विवरण मांगा जाएगा।

**सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग पर परिजनों को शक**

मामले में एक और नया मोड़ तब आया जब राजकुमार सिंह के परिजनों ने सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग पर सवाल खड़े किए। पुलिस ने पुराने दस्तावेजों से मिलान कराया, लेकिन परिजन संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि नोट में लिखावट राजकुमार की नहीं लग रही। पुलिस का कहना है कि अगर परिजन तहरीर देंगे तो हैंडराइटिंग की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजकुमार सिंह के परिवारीजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। ऐसे में हत्या या साजिश के एंगल से फिलहाल औपचारिक जांच नहीं हो पा रही है। पुलिस केवल सुसाइड की थ्योरी पर जांच आगे बढ़ा रही है।

# मर चुकी महिला के खाते में आए 1 अरब रुपए

## बैंक ने अकाउंट फ्रीज किया, नोएडा में इनकम टैक्स भी हैरान

नोएडा, 5 अगस्त (एजेंसियां)। नोएडा में मर चुकी महिला के बैंक अकाउंट में 1 अरब से ज्यादा की रकम ट्रांसफर हो गई। बेटे ने जैसे ही इतनी बड़ी रकम का मोबाइल पर मैसेज देखा। वह तुरंत कोटक महिंद्रा बैंक पहुंचा। बैंक कर्मियों ने बताया कि खाते को सीज कर दिया गया है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है। गायत्री देवी की दो महीने पहले मौत हो गई थी। महिला का बेटा उनके खाते को अटैच कर यूपीआई यूज कर रहा था। 3 अगस्त को उसी खाते में 1 अरब 13 लाख 55 हजार करोड़ रुपए डिपाजिट होने का मैसेज आया। इसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। मामला ऊंची दनकौर गांव का है।

**इतनी बड़ी रकम देख घबरा गया युवक**

गायत्री देवी (मृतक महिला) का बेटा दिलीप बेरोजगार है। उन्होंने बताया कि मां की मौत के बाद से वह उनके बैंक खाते से अटैच यूपीआई का यूज कर रहे थे। 3 अगस्त को वह कुछ सामान खरीदने दुकान पर गए तो पेमेंट नहीं हो रहा था। इसी दौरान जब उन्होंने बैलेंस चेक किया तो एक बड़ी रकम खाते में दिखी, जिसके बाद उनके कुछ समझ में नहीं आया। वो तुरंत कोटक महिंद्रा बैंक की उस ब्रांच में पहुंचे, जहां से यह अकाउंट चल रहा है। बैंक कर्मियों ने उनसे कहा कि आप परेशान न हों। हमने खाते को फ्रीज कर दिया है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स को भी दे दी है।

# प्रयागराज में 5 बच्चे गंगा में डूबे, दो को बचाया

प्रयागराज, 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज में गंगा–यमुना उफान पर है। 15 लाख की आबादी बाढ़ की जद में है। ऐसे में हादसे भी हो रहे हैं। मंगलवार को दर्दनाक तीन बच्चे गंगा में डूब गए। 5 दोस्त गंगा स्नान को पहुंच गए थे। वह गहरे पानी में समा गए। चीख पुकार मची तो गोताखोरों, नाविकों ने छलांग लगाकर दो बच्चों को बचा लिया। जबकि तीन की तलाश में रेस्क्यू चलाया जा रहा है। घटना गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र के मनसैता की है। खबर पाकर रेस्क्यू टीमें पहुंच गईं। जल पुलिस के साथ एनडीआरएफ भी पहुंची है। परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

# मुरादाबाद में महिला से बैडटच करने वाले का एनकाउंटर

## > पैर में गोली लगी; कान पकड़कर बोला-माफ कर दो > दोबारा गलती नहीं होगी



मुरादाबाद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मुरादाबाद में बुर्का पहनी महिला से सरेआम छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर पकड़ लिया है। सोमवार रात 12 बजे पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी आरोपी बाइक से आया। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसके बाएं पैर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एनकाउंटर की सूचना पर एसपी सिटी अस्पताल पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी कान पकड़कर माफी मांगने लगा। कहा- अब कभी ऐसा नहीं करूंगा, मुझे एक बार माफ कर दो। मुठभेड़ जिगर कॉलोनी में नट बाबा मठ के पीछे रामगंगा घाट पर हुई। आरोपी आदिल (22) से पुलिस ने तमंचा और बाइक बरामद की है। आदिल डिप्टी गंज चौराहे पर प्राइवेट नर्सिंग होम में कंपाउंडर है।

**एसपी सिटी ने बताई एनकाउंटर की पूरी कहानी**

एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया- मुरादाबाद क्षेत्र में ड्रोन को लेकर अफवाह चल रही है। उसी के मद्देनजर सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को अवेयर कर रहे हैं। इस क्रम में नागफनी और रामगंगा किनारे लोगों को अवेयर कर रही थी। नदी किनारे के क्षेत्र में इस दौरान बिना प्लेट की बाइक से एक व्यक्ति जा रहा था। उसे रोककर पूछताछ की कोशिश की तो वह नदी के किनारे बने नट बाबा मठ की ओर से चांदमारी घाट की ओर भागने लगा। उसके भागते ही पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। उन्होंने बताया-आगे नदी किनारे भागते समय आरोपी की बाइक फिसल गई।

# मुजफ्फरपुर में जन्मी दो सिर वाली बच्ची

## डॉक्टर भी रह गए दंग-सामान्य प्रसव से हुआ है जन्म



मुजफ्फरपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पंचायत के मुशाचक गांव में एक अत्यंत दुर्लभ प्रसव ने पूरे इलाके को चौंका दिया है। यहां की निवासी शमसा खातून, पत्नी शौकत अली, ने एक ऐसी बच्ची को जन्म दिया है जिसके दो सिर, चार हाथ और दो पैर हैं। इस असाधारण नवजात को देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए। मेडिकल साइंस की भाषा में यह स्थिति 'कंजॉइंड ट्विन्स' कहलाती है, जो अत्यंत दुर्लभ मामलों में ही देखने को मिलती है। स्थानीय लोगों के बीच यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में लोग इस 'चमत्कारी बच्ची' को देखने उनके घर पहुंचने लगे। ग्रामीणों के बीच इस नवजात को लेकर कौतूहल और आश्चर्य का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मीनापुर के शौकत अली की पत्नी शमसा खातून को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच), मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया था।

# 'सत्ता में बैठने वाले नेता पूरे दिन पॉर्न देखते हैं'

## > पड़ोसियों से बेटियों को बचाना मुश्किल; बिहार में महागठबंधन एकजुट



"राहुल गांधी करो और मरो के विजन के साथ भाजपा से लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में वोट की चोरी की गई, हम लगातार वोटर लिस्ट मांगते रहे, चुनाव आयोग ने विपक्ष को नहीं दिया।

**पप्पू यादव**
निर्दलीय सांसद, पूर्णिया

पूर्णिया, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि, 'मुजफ्फरपुर में एक दलित की बच्ची से बलात्कार किया गया। कार में रेप की वारदात को अंजाम दिया गया।

पूरे देश में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि सत्ता में बैठे नेता पूरे दिन पोर्न देखते हैं, हवस के लिए शिकार बनाते हैं, नेता की भूमिका बहुत गंदी है।' बातचीत में निर्दलीय सांसद ने कहा कि भाजपा और क्षेत्रीय पार्टी से आप क्या उम्मीद रखेंगे, नफरत और मौत। पटना में भाई-बहन को जिंदा जला दिया गया। लगातार कहीं बस में बलात्कार, भाजपा के आईटी सेल के चार लड़के मोतिहारी में बारी-बारी से 14 साल की लड़की से बलात्कार करते हैं। पप्पू यादव ने कहा-इस देश में महिलाओं को भगवान बनाया गया है, लेकिन कभी भी महिलाओं की इज्जत नहीं की गई। कभी बांझ, कभी सती, कभी विधवा, कभी भ्रूण हत्या, कभी दहेज, कभी घरेलू हिंसा के लिए शिकार बनीं। 90 फीसदी से ज्यादा 20 साल से 30 साल के युवा नशे के चंगुल में फंस चुके हैं। किसी भी पड़ोसी से अब बच्ची को बचाना मुश्किल है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन एक है, यहां भाजपा का एजेंडा नहीं चलने वाला है। राहुल गांधी के विजन पर ही हम लोग 2029 में होने वाला लोकसभा चुनाव को जीतेगे। बिहार जीतेंगे, असम, केरल और तमिलनाडु भी जीतेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस ने देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बना लिया है। सर्वोच्च न्यायालय की बात भी संस्थाएं नहीं सुन रही हैं। संविधान से ऊपर उठकर ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग सब काम कर रहे हैं।

**'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पद पर रहने का कोई हक नहीं'**

बिहार में एसआईआर किया गया, मेरा सवाल है कि जब गलत वोटर लिस्ट पर साल 2024 के लोकसभा चुनाव में वोटिंग हुई है, तो सबसे पहले लोकसभा की सदस्यता से नरेंद्र मोदी इस्तीफा दे और लोकसभा के चयन की पूरी प्रक्रिया को रद्द करे और दोबारा देश में लोकसभा चुनाव कराए जाएं। नरेंद्र मोदी को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# आवास प्रमाण पत्र के लिए 'दरिंदा' नाम से आवेदन

## पिता का नाम 'राक्षस और माता का नाम 'करप्शन' डाला

मुजफ्फरपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में फर्जी तरीके से आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश का एक अनोखा मामला सामने आया है। इससे पहले जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर आवास प्रमाण पत्र बनाने का प्रयास हुआ था, वहीं अब जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र में दरिंदा नाम से आवासीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया। औराई प्रखंड क्षेत्र के इस आवेदन में दरिंदा के नाम से आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें पिता का नाम राक्षस और माता का नाम करप्शन ग्राम खेतलपुर, पोस्ट शाही मीनापुर,अंचल औराई, जिला मुजफ्फरपुर लिखा गया था।

साथ ही आवेदक की तस्वीर की जगह एक कार्टून इमेज अपलोड की गई थी। यह मामला 24 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन की जांच के दौरान सामने आया। जांच के दौरान अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने पाया कि यह आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के विशेष पुनरीक्षण अभियान एवं बिहार सरकार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की नीयत से किया गया है। उन्होंने इसे गंभीर मानते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। खेतलपुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार ने बताया कि यह आवेदन किसी साइबर कैफे संचालक द्वारा आरटीपीएस सर्विस प्लस पोर्टल पर अपलोड किया गया था, जिसका उद्देश्य सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाना था। उन्होंने आवेदन को निरस्त करने की अनुशंसा की।

# एयर फोर्स विंग कमांडर के घर 26 लाख की डकैती

## पटना में खिड़की से घुसे 8 बदमाश, फ्रिज का अलार्म बजने पर उठा परिवार

पटना, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पटना में एयर फोर्स के विंग कमांडर आलोक रंजन के घर में सोमवार रात डकैती हुई है। 8 डकैतों ने घर से 18 लाख के गहने और 8 लाख रुपए कैश पर हाथ साफ किया है। दरअसल, सोमवार रात 8 डकैत खिड़की का नट खोलकर घर में घुस आए। डकैत घर में घुसकर गोदरेज और बक्सा तोड़कर गहने और कैश निकालकर ले गए। वहीं, फ्रिज के अलार्म बजने के बाद घर के लोगों की नींद खुली। इस बीच डकैत कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक कर फरार हो गए। घटना पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटकी नगला मोहल्ले की है।

# पान मसाला में करोड़ों की टैक्स चोरी

## दो नामचीन कंपनी शामिल, बड़े-बड़े एक्टर करते हैं प्रचार; इन जिलों में कार्रवाई

लखनऊ, 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शासन के निर्देश पर दो बड़े ब्रांड के पान मसाला इकाइयों की जांच में करोड़ों की टैक्स चोरी और बिना ई-वे बिल के सप्लाई का खुलासा हुआ है। ये कार्रवाई नोएडा में विमल पान मसाला पर की गई। वहीं कानपुर और बाराबंकी में शिखर पान मसाला के बिना ई वे बिल के चार ट्रक सीज किए गए। विमल पान मसाला ने 2.5 करोड़ रुपये जमा किए हैं। वहीं शिखर मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव राज्यकर एम. देवराज को दो ब्रांड्स में टैक्स चोरी की गोपनीय सूचना मिली थी। नोएडा में विमल पान मसाला की इकाइयों में जांच के लिए उन्होंने बाहरी जिले की टीमों को भेज कर जांच कराई।

# शिवांश और ऋतिक के शरीर पर थी सिर्फ निक्कर गायब थी टीशर्ट

## > तीन बच्चों के शव मिलने के मामले में नया मोड़




मेरठ, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ के सिवालवास में लापता हुए तीन बच्चों के शव मिलने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लापता तीन मासूमों के शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया। परिजनों ने तंत्र-मंत्र में हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मेरठ के कस्बा सिवालखास से रविवार दोपहर लापता हुए तीन मासूम शिवांश (8), ऋतिक (8) और मानवी (7) के शव सोमवार सुबह छह बजे घर से करीब 200 मीटर दूर प्लॉट में बरसात के पानी से भरे गहरे गड्ढे में मिले। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर मेरठ-बागपत मार्ग पर करीब पांच घंटे हंगामा किया और जाम लगाया। तंत्र क्रिया की भी आशंका जताई।

रविवार सुबह 10 बजे कस्बा निवासी जितेंद्र की सात वर्षीय पुत्री मानवी, मोनू का आठ वर्षीय पुत्र शिवांश और हिम्मत का आठ वर्षीय पुत्र ऋतिक घर के बाहर खेल रहे थे। तीनों अचानक लापता हो गए। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, मगर वे नहीं मिले। रात में परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट जानी थाने में दर्ज करवाई। रविवार सुबह ग्रामीणों को बच्चे मृत अवस्था में प्लॉट में बारिश के पानी में मिले। ऋतिक और शिवांश के शरीर पर केवल निक्कर था, जबकि दोनों घर से टी-शर्ट और निक्कर पहनकर निकले थे।

मानवी के शरीर पर पूरे कपड़े थे। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा का कहना है कि खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई हैं। मेरठ के कस्बा सिवालखास में तीन बच्चों शिवांश, ऋतिक और मानवी की मौत से परिजनों के साथ ही हर कोई हैरान है। इस घटना से तीनों परिवारों की खुशियां छिन गई और मातम छा गया। घटना के शोक और विरोध में कई बाजार बंद रहे। बच्चों में शिवांश और मानवी चचेरे भाई बहन थे। इनका परिवार वाल्मीकि समाज से है जबकि ऋतिक का परिवार जाटव समाज से है।

# ट्रेन से कटकर 2 युवकों की मौत

आरा(भोजपुर), 5 अगस्त (एजेंसियां)। भोजपुर में सिकरिया हॉल्ट के समीप अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। एक की मौत घटनास्थल पर जबकि दूसरे की अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। दोनों झारखंड के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान लातेहार जिला के सुरली निवासी पंकज कुमार और नेसारूल अंसारी(18) के तौर पर हुई है। घटना दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड की है।

मृतकों के दोस्त नौशाद ने बताया कि सभी लोग रघुनाथपुर स्थित जे.के सीमेंट फैक्ट्री में काम करते थे। काम खत्म करने के बाद दोनों बाजार करने गए थे। वापस लौटते समय सिकरिया हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से जान चली गई। आरा रेल पुलिस से हादसे की जानकारी मिली। जिसके बाद परिजन अस्पताल पुहंचे।

# भगवान सबके, आप क्यों चाहते हैं फंड आपकी पॉकेट में जाए?

## बांके बिहारी प्रबंधन कमेटी से सुप्रीम कोर्ट ने पूछे सवाल, आज सुनवाई टली




मथुरा, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सरकार के वकील ने कहा- हमारी मंशा मंदिर कब्जाने और धन हड़पने की नहीं है। हमारी मंशा है कि वहां बेहतर प्रबंधन कर भीड़ को मैनेज किया जाए। इस पर याचिकाकर्ताओं के वकील से सुझाव मांगे। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई शुक्रवार तक टाल दी।

एक दिन पहले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए थे। कोर्ट ने पूछा- मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए?

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच सुनवाई कर रही थी। उन्होंने कहा- याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाईकोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की, जिसकी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये टिप्पणी की। फिर मंगलवार को सुनवाई की डेट दी।

**याचिकाकर्ता के वकील के स्टेटमेंट पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया, जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट के सख्त सवालों के जवाब में याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने कहा- असल बात यह है कि हमें सुने बिना ऐसा आदेश सुप्रीम कोर्ट से कैसे आया? जबकि मामला कुछ और था, उसमें अचानक आदेश आ गया कि मंदिर का फंड कॉरिडोर बनाने के लिए लिया जाए। इससे असहमति जताते हुए कहा कि किसी जगह का विकास सरकार की जिम्मेदारी है। अगर उसे भूमि अधिग्रहण करना तो वह अपने पैसों से कर सकती है।

याचिकाकर्ता की तरफ से वकील श्याम दीवान ने कोर्ट में कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया।मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया।

इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए। इसी पर कोर्ट ने नाराजगी दिखाते हुए सख्त टिप्पणी की।

## गैंगस्टर सुमित बिश्नोई को लगी गोली

### पीजी में छुपा था लॉरेंस गैंग का मुख्य सदस्य

मोहाली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मोहाली के डेराबस्सी में मंगलवार सुबह पुलिस एनकाउंटर हुआ है। राजस्थान पुलिस के वांछित अपराधी को मुठभेड़ में गोली लगी है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और मोहाली पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन से हुए एनकाउंटर में शातिर अपराधी गोली लगने से घायल हुआ है। आरोपी का नाम सुमित बिश्नोई है। पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी एक पीजी में छुपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए पीजी में रेड की।

गैंगस्टर सुमित बिश्नोई डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड पर स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर के ऊपर बने अवैध पीजी में रह रहा था। पुलिस ने पहले इसे सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंगस्टर के पैर पर गोली लगी और वह जख्मी हो गया। आरोपी से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। मौके पर मोहाली पुलिस के अधिकारी डीएसपी विक्रमजीत सिंह बराड़ व उनकी टीम पहुंची है।

## नेविगेशन एप के जरिए यात्री को लेने जा रही टैक्सी नहर में गिरी

कोच्चि, 5 अगस्त (एजेंसियां)। करेल में नेविगेशन एप का इस्तेमाल कर रही टैक्सी नहर में जा गिरी। घटना कोच्चि शहर की है, जहां भारी बारिश की वजह से जलमग्न सड़क पर जा रही टैक्सी एक खुली नहर में गिर गई। गनीमत रही कि चालक ने तुरंत ही ब्रेक लगा दिए, जिससे आधा वाहन सड़क पर ही फंस गया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह पेट्टा के पास बारिश के पानी से भरी सड़क पर एक निजी टैक्सी उस समय खुली नहर में गिर गई, जब उसका चालक नेविगेशन टूल का इस्तेमाल करके एक यात्री को लेने जा रहा था।

दिखाए गए दृश्यों के मुताबिक, वाहन नहर में गिर गया और उसका तीन-चौथाई हिस्सा पानी में डूब गया। पुलिस ने बताया कि चालक सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहा। घटना सुबह करीब 7.30 बजे हुई, जब एक लोकप्रिय एप-आधारित राइड-हेलिंग सेवा का चालक एक यात्री को लेने जा रहा था। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के कारण सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो गई थी और इलाके में नए लोगों के लिए यह पता लगाना मुश्किल होगा कि नहर कहां है। मरदु पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, 'कार को बाहर निकाल लिया गया है

## चार साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप

ठाणे, 5 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाली चार साल की बच्ची के माता-पिता ने उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई शिकायत में माता पिता ने कहा है कि नीले कपड़े पहने एक अज्ञात व्यक्ति ने 30 जुलाई की सुबह 11:15 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच स्कूल परिसर में उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हम पॉक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) के तहत मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि शुरुआती सीसीटीवी जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं दिखी, फिर भी हम जांच का विस्तार कर रहे हैं ताकि कोई भी कड़ी छूट न जाए।' उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन इस मामले में पुलिस के साथ सहयोग कर रहा है।

## प्रदेश में भारी बारिश से फिर तबाही गोहर में बादल फटने से कई मकान जमींदोज, 453 सड़कें बंद

शिमला, 5 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में ऑरेंज अलर्ट के बीच लगातार जारी बारिश से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भारी बारिश से राज्य में नदी-नाले उफान पर हैं और कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं।मंडी जिले के गोहर उपमंडल में रविवार रात बादल फटने से तबाही हुई है। लोट गांव में दो मकान पूरी तरह से ढह गए जबकि कई अन्य को आंशिक नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद लोगों ने पूरी रात दहशत में घरों से बाहर काटी। प्रशासन ने प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। इसी क्षेत्र के पास स्थित जहल गांव में रीनू देवी पत्नी कश्मीर सिंह पर पेड़ गिर गया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

गांव तक सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से घायल को अस्पताल पहुंचाने में भारी कठिनाई आई। सराज क्षेत्र का परवाड़ा गांव भी इस आपदा की चपेट में आ गया है। यहां भारी बारिश और मलबा आने से तीन मकान पूरी तरह से बह गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे। एसडीएम गोहर बचित्र सिंह ने बताया कि नुकसान का जायजा लिया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को तात्कालिक राहत मुहैया करवाई जाएगी।

# अमृतसर में एनआईए की दबिश, ट्रैवल एजेंट के घर पर जांच जारी

अमृतसर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर और गुरदासपुर में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने दबिश दी है। दोनों जगहों पर जांच एजेंसी ने रेड की है। अमृतसर में विदेश भेजने की आड़ में लोगों के साथ ठगी करने वाले एक




ट्रैवल एजेंट के घर पर सुबह एनआईए की टीम ने रेड की। यह रेड शास्त्री नगर में विशाल कुमार नाम के एजेंट के घर पर की गई। टीम सुबह-सुबह विशाल के घर पर पहुंची और घर के अंदर से जरूरी दस्तावेज चेक किया और उनको अपने कब्जे में लिए हैं। जानकारी मुताबिक एनआईए की टीम को विशाल कुमार के पास संदिग्ध दस्तावेज और गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह रेड की गई है। हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है कि पुलिस ने एजेंट को गिरफ्तार किया है या नहीं। बता दे कि अमेरिका सरकार की ओर से युवकों को डिपोर्ट किए जाने के बाद से ही एनआईए की टीम लगातार इमीग्रेशन एजेंट पर नजर रखे हुए हैं और गलत तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई है।



# जम्मू-कश्मीर को मिलेगा राज्य का दर्जा?

### दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 अगस्त को सुनवाई करेगा

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार, 8 अगस्त को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और कहा कि इसे 8 अगस्त के लिए सूचीबद्ध दिखाया गया है। गोपाल शंकरनारायणन ने अनुरोध किया कि इस मामले को उस दिन की सूची से न हटाया जाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि न्यायमूर्ति गवई ने अनुरोध स्वीकार कर लिया। बता दें कि पांच अगस्त, 2019 को केंद्र ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह याचिका निपटाए गए मामले संविधान के अनुच्छेद 370 के संबंध में एक विविध आवेदन के रूप में थी, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा था। हालांकि, दिसंबर 2023 में दिए गए उस ऐतिहासिक फैसले में, संविधान पीठ ने सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन के आलोक में कि राज्य का दर्जा "जल्द से जल्द" बहाल किया जाएगा, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की संवैधानिकता पर फैसला देने से परहेज किया था, जिसने राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। अदालत ने तब टिप्पणी की थीः राज्य का दर्जा जल्द से जल्द और यथाशीघ्र बहाल किया जाना चाहिए, लेकिन कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की थी।

#### याचिका दायर की गई थी

हाल ही में यह याचिका कॉलेज शिक्षक ज़हूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की थी। एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड एजाज मकबूल द्वारा प्रस्तुत, आवेदकों का तर्क है कि क्षेत्र में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बावजूद, केंद्र सरकार फैसले के बाद से ग्यारह महीनों में राज्य का दर्जा बहाल करने की दिशा में कोई कदम उठाने में विफल रही है।

## 'पुलिस ने जबरदस्ती करवाए कोरे कागज पर साइन'

### ज्योति मल्होत्रा के पिता ने राष्ट्रपति और पीएम को लिखी चिट्ठी

हिसार, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यू-ट्यूबर और न्यू अग्रसेन कॉलोनी की रहने वाली ज्योति मल्होत्रा के पिता हरीश मल्होत्रा ने सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखा। पत्र में पिता ने अपनी बेटी को बेकसूर बताया है और कहा कि पुलिस ने दबाव देकर ज्योति से कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर करवाए। पुलिस अदालत में बेटी के खिलाफ देशद्रोह के कोई सबूत पेश नहीं कर पाई है। उन्होंने पत्र के माध्यम से पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। पिता ने पत्र में कहा कि यह विश्वास दिलाते हैं कि उनकी बेटी पाकिस्तान कभी नहीं जाएगी। पिता ने पॉलीग्राफी टेस्ट करवाने की मांग उठाई है। आरोपित ज्योति मल्होत्रा की सोमवार को वीसी के जरिए अदालत में पेशी हुई। अब इस मामले में आगामी सुनवाई 18 अगस्त को होगी। आरोपित के वकील एडवोकेट कुमार मुकेश ने बताया कि 15 अगस्त को आरोपित को पकड़े हुए 90 दिन हो जांएगे। पुलिस को 90 दिन के अंदर चालान पेश करना होता है।

## नाबालिग बेटी ने की अपने पिता की हत्या

सोनीपत, 5 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक वारदात सामने आई। यहां एक नाबालिग बेटी ने प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर अपने ही पिता की हत्या करवा दी। अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर उसने इस रूह कंपा देने वाली वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस ने नाबालिग लड़की सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। बाकी दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन की रिमांड पर गया लिया है,

## लेडी डॉन जिकरा के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के सीलमपुर इलाके में अप्रैल में 17 साल के नाबालिग की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने आरोपी लेडी डॉन जिकरा समेत सात अन्य आरोपियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस के द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है।

कड़कड़डूमा कोर्ट ने मामले में शामिल सभी आरोपियों को 8 अगस्त को पेश होने के लिए समन भी जारी किया है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के द्वारा दाखिल चार्जशीट पर सुनवाई करते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सबूत के अवलोकन से साफ होता है कि अपराधों का संज्ञान लिया जाना उचित है। दिल्ली पुलिस के द्वारा दाखिल चार्जशीट में हत्या आपराधिक साजिश ,अपराधिक धमकी ,अपराधी को शरण देने या छुपाने और सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में जिन आरोपियों के नाम शामिल हैं उनमें मुख्य आरोपी जिकरा है जो कि जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी के लिए बाउंसर का काम कर चुकी है। अन्य आरोपियों में अनस, साहिल अंसारी, जाहिदा, नफीस, विकास, शाहिद उर्फ शुएब और अनीश के नाम शामिल हैं। कड़कड़डूमा कोर्ट ने सभी आरोपियों को 8 अगस्त को पेश होने के लिए समन जारी किया है।

# 105 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी के मामले में रिटायर्ड आईएएस सेवाली शर्मा के ठिकानों पर ईडी की रेड

गुवाहाटी, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओएलडी) स्कैम के मामले में ईडी ने आज यानि मंगलवार (5 अगस्त, 2025) को गुवाहाटी में 8 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। ये कार्रवाई रिटायर्ड आईएएस अफसर सेवाली देवी शर्मा और उनसे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की जा रही है। सेवाली देवी शर्मा असम सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के ओएलडी सेल की एग्जिक्यूटिव चेयरपर्सन कम डायरेक्टर थीं। उन्हें राष्ट्रीय



अध्यापक शिक्षा परिषद की डीएलएड यानी डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन की डिस्टेंस मोड से पढ़ाई कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। सरकार ने सिर्फ 59 मान्यता प्राप्त संस्थानों में 27897 सरकारी टीचर्स को ट्रेनिंग देने की मंजूरी दी थी, लेकिन सेवाली देवी शर्मा ने बिना अनुमति 347 स्टडी सेंटर खोल दिए और कुल 10,6,828 ट्रेनीज को एडमिशन दे दिया। इसका मकसद सिर्फ एक था ज्यादा फीस वसूलना। सेवाली देवी शर्मा ने ओएलडी सेल के नाम से 5 बैंक अकाउंट खुलवाए, जिनमें सिर्फ वही साइन कर सकती थीं। ये अकाउंट असम फाइनेंशियल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट 2005 के खिलाफ था।

इन अकाउंट्स में 115 करोड़ से ज्यादा फीस जमा की गई, जो सीधे सरकारी खजाने में जानी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने ये पैसा प्राइवेट अकाउंट्स में रखकर उसमें से 105 करोड़ से ज्यादा खर्च भी कर दिए वो भी बिना सरकार की मंजूरी के। ईडी की जांच में ये भी सामने आया है कि काम करने के लिए बिना टेंडर निकाले, बिना किसी विज्ञापन के ठेके दिए गए। ये सारे ठेके उनके अपने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों की कंपनियों को दिए गए। जैसे उनकी बेटी, दामाद और उनके करीबी चार्टर्ड अकाउंटेंट सारंग मोरे। अधिकतर कंपनियों को ऐसा कोई अनुभव नहीं था कि वे ये काम कर सके फिर भी उन्हें बड़ी रकम दे दी गई। कई मामलों में सामान की सप्लाई नहीं हुई। इसके बावजूद भी पेमेंट कर दिया गया। इस पूरे मामले में सीएम स्पेशल विजिलेंस सेल ने पहले ही एफआईआर दर्ज की हुई है और सेवाली देवी शर्मा समेत कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। पुलिस की शुरुआती जांच में उनके पास से 5.7 करोड़ से ज्यादा की बेनामी संपत्ति होने के सबूत मिले है। जो उनकी इनकम से कहीं ज्यादा है। अब ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच कर रही है, जिसमें सरकारी पैसे का गलत इस्तेमाल कर निजी फायदे के लिए ट्रांजेक्शन किए गए।

# 12 करोड़ एलुमनी और बीएमडब्ल्यू मांगने वाली पत्नी को क्या मिला? सुप्रीम कोर्ट ने सुना दिया फैसला

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के एक मामले बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में पत्नी ने बीएमडब्ल्यू गाड़ी और 12 करोड़ के गुजारा भत्ता मांगा था। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद वैवाहिक विवाद का खात्मा हो चुका है। जस्टिस के विनोद चंद्रन ने कहा कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दायर करने से रोक दिया गया है। इसके साथ ही तलाक को मंजूर कर लिया गया है।

इसके मुताबिक पत्नी को मुंबई में फ्लैट पत्नी को दे दिया गया। जस्टिस चंद्रन ने कहा कि मुंबई में फ्लैट गिफ्ट डीड के ज़रिए दिया जाएगा। हल्के अंदाज़ में मुस्कुराते हुए सीजेआई ने कहा फ्लैट के साथ मिलने वाली दो पार्किंग के अलावा दो बीएमडब्ल्यू भी दीजिए। पत्नी ने बीएमडब्ल्यू और 12 करोड़ रुपए की गुजरा भत्ते की मांग की थी। इस पर सीजेआई ने सुनवाई के दौरान आपत्ति जताते हुए कहा था कि आपको सिर्फ फ्लैट मिलेगा नहीं तो वह भी नहीं मिलेगा। मुंबई के तलाक के मामले में महिला ने अपने पति से अलग होकर कोर्ट से गुजारा भत्ता के तौर पर 12 करोड़ की मांग की थी। इसके साथ ही महिला की तरफ से तर्क दिया गया था कि पति बहुत अमीर है इसलिए अपार्टमेंट और एक बीएमडब्ल्यू कार दी जाए। कोर्ट में जब महिला की तरफ से ये मांगें रखी गईं तो वहां मौजूद हर कोई हैरान रह गया। इस सुनवाई से पहले कोर्ट ने कहा था , या तो वह किसी भी कानूनी दांव-पेच से मुक्त एक फ्लैट को स्वीकार कर लें या फिर एकमुश्त 4 करोड़ की रकम लेकर यह समझौता कर लें। खास बात यह है कि महिला अपने केस की खुद पैरवी कर रही थी। कोर्ट ने कहा था कि जब आप उच्च शिक्षित हो और अपनी इच्छा से काम न करने का फैसला करें। या तो आप वो चार करोड़ रुपये ले लें और पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु में कोई अच्छी नौकरी ढूंढ लें। आईटी केंद्रों में मांग है। इस मामले में आज आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है।

## चिड़ियाघर में बहार, मादा बाघ अदिति ने एक साथ दिए 6 नन्हे तोहफे



नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के चिड़ियाघर में खुशी का माहौल रहा। बंगाल टाइगर प्रजाति की बाघिन अदिति ने एक साथ 6 शावकों को जन्म दिया। चिड़ियाघर के इतिहास में पिछले 20 सालों में यह पहला मौका है जब एक ही दिन में इतने सारे शावकों का जन्म हुआ है। मादा बाघ और उसके सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

अधिकारियों के अनुसार, 7 साल की बाघिन अदिति ने सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच इन शावकों को जन्म दिया। अदिति को नागपुर के गोरेवाड़ा बचाव केंद्र से दिल्ली लाया गया था। चिड़ियाघर प्रशासन के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि यह न केवल बाघों की संख्या में वृद्धि करेगा, बल्कि संरक्षण प्रयासों को भी बढ़ावा देगा। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक, संजीत कुमार ने बताया कि अदिति और उसके नवजात शावकों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद के पहले 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए चिड़ियाघर की टीम पूरी सतर्कता बरत रही है। कुमार ने यह भी बताया कि मां बाघिन अपने बच्चों की देखभाल अच्छी तरह से कर रही है।

## 14वीं बार जेल से बाहर आया गुरमीत राम रहीम, इस बार 40 दिन की मिली पैरोल

रोहतक, 5 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह एक बार फिर से बाहर आ गया है। इस बार उसे 40 दिन की पैरोल मिली है। यह 14वीं बार है जब गुरमीत राम रहीम पैरोल पर जेल से बाहर लाया गया है। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच वह सिरसा डेरे के लिए रवाना हो गया है। इससे पहले 9 अप्रैल को गुरमीत राम रहीम को 21 दिन की फरलो मिली थी, जब वह जेल से बाहर आया था। 29 अप्रैल को डेरा सच्चा सौदा के स्थापना दिवस से 20 दिन पहले ही उसे जेल से बाहर भेज दिया गया था। बता दें, गुरमीत राम रहीम साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड का दोषी है और कारावास की सजा भुगत रहा है।

## हमसे संविधान, झंडा और बोलने का अधिकार तक छीन लिया गया

# अनुच्छेद 370 हटाने पर इल्तिजा मुफ्ती का आरोप



जम्मू, 5 अगस्त (एजेंसियां)। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया था। आज 5 अगस्त है, इसलिए भी अनुच्छेद 370 को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने इसपर कहा कि अनुच्छेद 370 को गैरकानूनी तरीके से हटाया गया। हमसे जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा तक छीन लिया गया है। यहां 6 सालों के बाद भी कोई बदलाव नहीं आया है।

मीडिया से बातचीत के दौरान इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि हमसे जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीन लिया गया है। हम एक कानूनी पक्ष रखते हैं, लेकिन अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के छह साल बाद भी हमें विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा रही है। हमें छह साल पहले नजरबंद कर दिया गया था। उस समय जम्मू-कश्मीर के आम नागरिकों, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों (जमातों) को भी गिरफ्तार किया गया था। आज छह साल बीतने के बावजूद स्थिति में कोई ठोस बदलाव नहीं आया है।

इल्तिजा मुफ्ती ने आगे कहा कि सीआरपीएफ की एक बड़ी सी गाड़ी खड़ी हुई है और हमें आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। ये सब लोकतांत्रिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमपर लगातार दबाया बनाया जा रहा है। यहां पर जमीनी हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है।

उन्हेंने कहा कि बीते कुछ दिनों से अफवाहें फैल रही हैं कि शायद जम्मू को अलग बना दिया जाएगा, और दक्षिण कश्मीर को जम्मू में मिलाकर नए सिरे से राज्य का दर्जा दिया जाएगा, लेकिन सच्चाई तो यह है कि यहां संविधान कि किन बातों को लागू किया जा रहा है? हमसे हमारा बोलने तक का अधिकार और विरोध जताने का मौलिक अधिकार छीना जा रहा है। यह सिर्फ हमारे विशेष दर्जे, झंडे और संविधान की बात नहीं है, बल्कि अब हमारी आवाज और हमारे अधिकारों को भी छीने जाने की कोशिश है।

## थार से एटीएम लूटने पहुंचे बदमाश

छत्रपतिसंभाजीनगर , 5 अगस्त (एजेंसियां)। संभाजीनगर में चोरों ने शाहनूरवाड़ी दरगाह इलाके में स्थित एसबीआई बैंक शाखा की एटीएम मशीन को रस्सी से बांधकर थार से उखाड़ने की कोशिश की। हालांकि चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। क्योंकि थार से रस्सी खींचने के दौरान रस्सी ही टूट गई और पकड़े जाने की डर से फरार हो गए। इस घटना में एटीएम मशीन और केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त हो गए। इस मामले में जवाहर नगर पुलिस स्टेशन में चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बैंक के शाखा प्रबंधक विशाल हरिदास इंदुरकर ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

## कुबेरेश्वर धाम में बड़ा हादसा



### कांवड़ यात्रा से पहले भीड़ में दबकर दो महिलाओं की मौत

सीहोर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार सुबह भारी भीड़ के दौरान अफरा-तफरी मच गई। इस भगदड़ में दो महिलाओं की दबकर मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। प्रशासन और पुलिस द्वारा मृत महिलाओं की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस हादसे से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने फिलहाल स्थिति सामान्य होने तक लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

## भारती टावर में भीषण आग 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक, कई लोग फंसे

शहडोल, 5 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के मध्य स्थित न्यू गांधी चौक से कुछ ही दूरी पर बने भारती टावर में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर हरियाणा हैंडलूम, एक बड़ा जिम सेंटर और कई अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे सबसे पहले हैंडलूम की दुकान में आग लगी, जो देखते ही देखते पूरे टावर में फैल गई। आग लगने के वक्त जिम सेंटर में पचास से अधिक युवक-युवतियां मौजूद थे। समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि ऊपर के फ्लैट में रह रहे चार सदस्यीय परिवार को नगर पालिका की हाइड्रोलिक ट्रॉली के जरिए बाहर निकाला गया। सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

इंदौर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्यार में धोखा खाने वाली एक युवती ने सुसाइड कर लिया। उसके माता-पिता के बयान और युवती के मोबाइल से मिली रिकार्डिंग के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच की और घटना के करीब 9 माह बाद सोमवार रात आरोपी युवक शुभम शिंदे के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आरोपी युवती के बड़े पिता (ताऊ) का बेटा है। घटना इंदौर के सिमरोल इलाके की है। युवती हर्षिता शिंदे ने 8 नवंबर 2024 को घर में ही जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। तब पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया था। बाद में माता-पिता को पता चला कि हर्षिता के बड़े पिता का बेटा शुभम उससे प्यार करने लगा था। दोनों के बीच बातें होती थीं। परिजनों ने युवती के मोबाइल से कुछ रिकार्डिंग निकालकर पुलिस को दी और बयान भी दर्ज कराए।

## फिर खतरे में दमोह नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी, अविश्वास प्रस्ताव पर रोक का एक साल पूरा

दमोह, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दमोह नगर पालिका में एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेंद्र राय के खिलाफ भाजपा पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, पिछले वर्ष सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की न्यूनतम अवधि को दो साल से बढ़ाकर तीन साल कर दिया गया था। अब अध्यक्ष का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने को है, जिससे फिर से अविश्वास प्रस्ताव का रास्ता खुलता दिखाई दे रहा है। ज्ञात हो कि अगस्त 2022 में कांग्रेस की मंजू वीरेंद्र राय ने नगर पालिका अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला था। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने उन्हें हटाने के लिए कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था, जिसकी वोटिंग की तिथि भी निर्धारित की गई थी।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 6 अगस्त- 2025

## राहुल गांधी को सुप्रीम हिदायत

कभी राहुल गांधी और उनका कुनबा सपने में भी नहीं सोचा होगा कि सेना के लिए आपत्तिजनक बयान देने के लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से इतनी कडी हिदायत मिलेगी। राहुल गांधी लोक सभा के एलओपी हैं इसलिए वे प्रोटोकाल के हिसाब से सातवें नंबर पर आते हैं जबकि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस नौवें नंबर पर। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस द्वारा दी गई नसीहत कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है। उनकी बहन प्रियंका गांधी ने भी जस्टिस के इस बयान पर कडी आपत्ति जाहिर की है कि कोर्ट का काम निर्णय देना है न कि इस तरह की टिप्पणियों के जरिए नसीहत देना। दरअसल जस्टिस का कहना था कि सार्वजनिक जीवन में मौजूद हर शख्स के लिए यह सीख है कि उसे अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। ऐसे बयान केवल जनता को ही गुमराह नहीं करते, बल्कि सेना जैसी संस्था के मनोबल पर भी असर डालते हैं। बता दें कि राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, 20 जवानों को मारा गया और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों को पीटा गया। उन्होंने जब यह बयान दिया तब भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव चरम पर था। वैसे भी दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद लंबे समय से चल रहा है और दोनों के कूटनीतिक रिश्तों में यही सबसे नाजुक कड़ी है। ऐसे में राहुल गांधी के बयान ने देश के भीतर सीमा के हालात को लेकर संदेह पैदा किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ही सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इतनी सख्त टिप्पणी आई कि एक सच्चा भारतीय ऐसा बयान नहीं देगा। शीर्ष अदालत ने बिल्कुल सही कहा कि राहुल गांधी के पास अपनी बात रखने और सरकार से सवाल पूछने के लिए संसद जैसा मंच है। अगर उन्हें लग रहा था कि सरकार तथ्यों को देश से छिपा रही है, तो वह सदन में यह मुद्दा उठा सकते थे, जिससे ज्यादा दबाव बनता। सोशल मीडिया पर इस तरह की बयानबाजी ठीक नहीं है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसले पर बहस हो। राहुल गांधी की मंशा भले ही सेना का अपमान करने या उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की न रही हो, लेकिन इससे संदेश यही गया कि वह भारतीय सेना को कमतर आंक रहे हैं। हालिया बरसों में हुए टकरावों में, जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी से लेकर अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर तक, भारतीय सेना ने चीन की हर आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसमें कुछ नुकसान जरूर हुआ, लेकिन यह नुकसान भी संघर्ष की कीमत होती है और चीन को भी उसे चुकाना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले पर फिलहाल रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को इस रूप में देखा जाना चाहिए कि राजनीतिक बयानबाजी की भी कुछ मर्यादाएं होती हैं। बात जब सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हो, तो जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इनका ख्याल रखना केवल सरकार का ही नहीं, सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## नशे में समाज या समाज में नशा?



संजीव ठाकुर

देश में कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई और तस्करी ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं। शराब, गांजा, भांग और ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने में लगे हैं। नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगातार बढ़ती जा रही है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। द

ूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया था। दूसरी तरफ पंजाब,उत्तर प्रदेश, दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की थी। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ मे सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र सरकार के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली जाती है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट जाना चाहिए और शासन तथा पुलिस प्रशासन को अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित कर देने में लगाना होगा। मूलतः मुंबई गोवा और समुद्र मार्ग से पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए थे, तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की गई थी। इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। नए वर्ष के आगमन और होली की सेलिब्रेशन में तमाम नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट जाते हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं।

सूखे नशे से अपराधयों के ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते ।

# मालदीव के साथ संबंध सुधरने के बाद क्या बदला?



अशोक भाटिया

मालदीव की यात्रा भारत की ₹पड़ोसी पहले₹ नीति के महत्व की भी पुष्टि करती है, ऐसे समय में जब भारतीय विदेश नीति अमेरिका के व्यापार शुल्कों और यूक्रेन व गाजा में संघर्षों से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। पहलगाम हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष और बांग्लादेश के साथ तनाव ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, नई दिल्ली विभिन्न देशों से संपर्क साधने में भी व्यस्त रही है, लेकिन उसने पड़ोसी देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजे हैं। यह उत्साहजनक है कि नई दिल्ली नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का स्वागत करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें एक साल पहले पदभार ग्रहण करने के बाद से भारत आमंत्रित नहीं किया गया है। मालदीव द्वारा अपने राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए जारी एक स्मारक डाक टिकट पर पारंपरिक भारतीय और मालदीव की नावें दिखाई गईं, जिन्हें श्री मोदी ने भारत और मालदीव के न केवल पड़ोसी होने, बल्कि ₹एक साझा यात्रा पर साथी यात्री₹ होने का प्रतिबिंब बताया। वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के दौर में, पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ संबंध - जो उनकी आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करे और जहाँ तक संभव हो, उनकी विकास योजनाओं का समर्थन करे - आवश्यक है।

मालदीव के साथ भारत के संबंध, जो भारत के बहुत ही करीब है और हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, पिछले दो वर्षों में खराब हो गए हैं; लेकिन अब, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के साथ, दोनों देशों के बीच संबंधों को पुनर्जीवित किया गया है और मालदीव के शासकों ने अब महसूस किया है कि देश की अर्थव्यवस्था व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था से अधिक महत्वपूर्ण है।इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केरल तट से लगभग 500 किलोमीटर दूर मालदीव की यात्रा भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव की यात्रा छह साल बाद ही संभव हो सकी। चीन और पाकिस्तान के प्रयासों से वहां बने भारत विरोधी माहौल को बेअसर करने में कुछ समय लगा। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब से प्रभावित होने लगे जब चीन ने हिंद महासागर के मुख्य व्यापार मार्ग के पास देश की निगरानी शुरू की। ये था। इस दशक में, चीन और पाकिस्तान द्वारा मालदीव की राजनीति में हस्तक्षेप करने और उनके अनुकूल सरकार बनाने के प्रयास किए गए हैं; लेकिन भारत की चिंता स्वाभाविक रूप से तब बढ़ गई जब चीन ने मालदीव के जल में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के उद्देश्य से एक द्वीप पट्टे पर लिया। इस द्वीप के बहाने चीन ने न केवल अपने नौसैनिक जहाजों को मालदीव भेजना शुरू किया, बल्कि उन्हें स्थायी रूप से तैनात करने पर भी विचार किया। दूसरी ओर, भारत ने मालदीव के जल की निगरानी के लिए अपने तट रक्षक के साथ सहकारी संबंध स्थापित नहीं किए। इसने वहां एक द्वीप पर अपना रडार स्टेशन भी स्थापित किया।

दो साल पहले मालदीव ने भारतीय सैनिकों की वापसी का सुझाव दिया था। भारत को लेकर सुगबुगाहट मच गई थी। इसलिए, भारतीय पर्यटकों ने मालदीव के बजाय अंडमान और निकोबार को चुना। परिणामस्वरूप, इस देश के साथ हमारे संबंध बिगड़ गए। मालदीव की अर्थव्यवस्था भारत और रूस के पर्यटकों पर निर्भर है। मालदीव के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का हिस्सा 30 प्रतिशत है। हालांकि चीनी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन मालदीव में कम पर्यटक हैं। मालदीव भारत के साथ खिलवाड़ नहीं कर सका; इसके अलावा, मालदीव के शासकों ने महसूस किया कि अगर चीन कर्ज के जाल में फंस गया, तो देश और भी अधिक संकट में पड़ जाएगा। चीन की मदद स्वैच्छिक है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मुसीबत के समय वह पीछे रहेगा। भारत ने मालदीव के आक्रामक रुख पर बहुत धैर्य से प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारत ने मदद करना बंद नहीं किया, लेकिन मदद का हाथ बढ़ाया। तो अब अंतर यह है कि हमारा सच्चा दोस्त कौन है और कौन दोस्त है जो लाभ के लाभ के लिए दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है। मालदीव, चीन और पाकिस्तान भारत के साथ सहयोगात्मक संबंधों के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते हैं। लगभग चार दशक पहले, जब कुछ विद्रोही तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल गयूम को उखाड़ फेंकने के लिए माले में उतरे, तो उन्होंने भारत की मदद मांगी। राजीव गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने गयूम की शक्ति को बचाने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' के हिस्से के रूप में भारतीय वायु सेना के एक परिवहन विमान को माले में लॉन्च किया।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत के साथ संबंधों को प्रभावित करने के लिए मालदीव में 500,000 सुन्नी मुस्लिम आबादी की धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रही है। लेकिन मोदी की यात्रा से यह स्पष्ट है कि यह प्रयास सफल नहीं होगा। मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान, भारत ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मालदीव को लगभग 4850 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। इससे दोनों देशों को लाभ होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की वित्तीय सहायता मालदीव पर चीन के कर्ज के बोझ को कम करने में भी मदद करेगी। मालदीव पर 1 अरब डॉलर से अधिक का कर्ज है। मालदीव पूर्व में चीन और अन्य देशों को प्रति वर्ष 51 मिलियन डॉलर का भुगतान करता था। इस तरह। भारत की मदद से, यह राशि अब घटकर केवल 29 मिलियन डॉलर रह जाएगी। इससे चीन पर मालदीव की निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। मोदी की यात्रा ने उम्मीद जताई है कि मालदीव के नेता अब चीन द्वारा अपने देश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए तैयार की जा रही रणनीति को समझेंगे। भारत ने मुइज़्ज़ू को चीनी प्रभाव से दूर रखकर पड़ोसी देश के साथ पुराने संबंधों को बहाल करने के लिए अभूतपूर्व धैर्य और कूटनीतिक कौशल दिखाया है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज़्ज़ू ने भारत के साथ रक्षा सहयोग संबंधों को बहाल करने का संकेत दिया है और कोई भी जो भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसने कार्रवाई न करने का भी वादा किया है। भौगोलिक रूप से, मालदीव को दुनिया का सबसे बिखरा हुआ देश कहा जाता है। इसे एक द्वीप से दूसरे द्वीप तक यात्रा करने के लिए नौका नाव का उपयोग करना पड़ता है। मालदीव 1965 में ब्रिटेन से राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो गया। स्वतंत्रता के तीन साल बाद, मालदीव एक संवैधानिक इस्लामी गणराज्य बन गया। स्वतंत्रता के बाद, मालदीव के लोगों की राजनीति और जीवन में इस्लाम का महत्वपूर्ण स्थान है। 2008 में मालदीव में इस्लाम राज्य धर्म बन गया। मालदीव दुनिया का सबसे छोटा इस्लामी देश है। 26 जुलाई मालदीव का 60वां स्वतंत्रता दिवस था। मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। यह मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा है। अतीत में, मालदीव सरकार 'इंडिया फर्स्ट' नीति का पालन कर रही थी। लेकिन मुइज़्ज़ू ने इस नीति को समाप्त करने का वादा किया था। मुइज़्ज़ू ने चीन के साथ संबंधों को मजबूत किया था। भारत द्वारा 7.5 अरब डॉलर समृद्ध मालदीव को दिवालिया होने से बचाने के बाद मुइज़्ज़ू ने भारत के बारे में अपना दृष्टिकोण बदल दिया। मालदीव हिंद महासागर में प्रमुख समुद्री मार्गों के करीब है। ये मार्ग अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को आकर्षित करते हैं। ये मार्ग खाड़ी देशों से भारत को ऊर्जा प्रदान करते हैं। मालदीव के साथ भारत के बिगड़ते संबंधों को किसी भी तरह से अच्छा नहीं माना जाता था। और यह दृष्टिकोण रणनीतिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मालदीव के साथ अच्छे संबंध भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। भारत की समुद्री निगरानी में मालदीव का सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मालदीव लक्षद्वीप से लगभग 700 किमी और मुख्य भूमि भारत से 1200 किमी दूर है। मालदीव में चीन का नौसैनिक अड्डा बनाना भारत के लिए सुरक्षा चुनौती है।

## अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामलें में जमानत देने से इंकार करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपालोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। दरअसल डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में भी बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ ही डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। मजे की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर हजारों नही बल्कि लाखों रुपए अपने खातों में ड़लवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रहे हैं पर इस सबके बाजवूद इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है।

1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ ही केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए।

हैंकिंग, रेनसमवेयर, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन धोखाधड़ी, ब्लेक मेलिंग अपराधियों के प्रमुख हथियार है। व्यक्ति को इस तरह से सम्मोहित व भयग्रस्त कर देते हैं कि समझदार और पढ़े लिखे होने के बावजूद पैसा गंवा बैठते हैं। ठगी, जबरन वसूली, पोर्नोग्राफी, बाल पोर्नोग्राफी, धनशोधन, औद्योगिक जानकारी चुराने, ड्रग, ब्लेक मेलिंग, ड़राने-धमकाने सहित विभिन्न तरह के अपराध को अंजाम देने में इन्होंने विशेषज्ञता हासिल कर ली है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा कि यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल तकनीक ने बहुत कुछ बदल कर रख दिया हैं। तकनीक ने समझ और संवाद को आसान बनाया है। जानकारी का पिटारा खोला है। पर इसके साइड इफेक्ट के रुप में अपराधियों के जाल भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में तकनीक का सकारात्मक उपयोग हो इसके लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। साइबर कानून और साइबर थाने बना देने मात्र से समस्या का समाधान होने वाला नहीं हैं। अवेयरनेस प्रोग्राम के बावजूद जिस तरह से हजारों लोग प्रतिदिन साइबर अपराधियों के आसानी से शिकार कार बन रहे हैं।

## वायरल का विलाप, गुणवत्ता का क़हर



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बहुत समय पहले की बात नहीं है, बल्कि आज भी यही बात है। एक ऐसे डिजिटल ब्रह्मांड में, जिसे हम 'सोशल मीडिया का जंगल' कहते हैं, एक प्रचंड, सर्वशक्तिमान प्राणी का राज था। उसका नाम था 'तेजतर्रार टिपिकल', जो 'क्लिकबेट कॉर्पोरेशन' के 'वायरल कंटेंट' विभाग का 'महा-महिम' था। उसकी एक आँख में 'ट्रेंडिंग हैशटैग' का चश्मा था, तो दूसरी में 'इंस्टेंट नोटिफिकेशंस' का लेंस। उसके लिए 'सफलता' का अर्थ केवल 'लाइक' की सींगें और 'फॉलोअर' की दुम थी। जिसका 'व्यू काउंट' जितना नुकीला, वह उतना ही 'प्रतिभाशाली'। जिसका 'रीच' जितना चिकना, वह उतना ही 'प्रभावशाली'। तेजतर्रार टिपिकल की 'पोस्ट' से पूरा सोशल मीडिया का जंगल थर्राता था। सुबह-शाम उसकी 'एल्गोरिथम-पूजा' चलती थी, जिसमें हर 'कंटेंट' को 'वायरल होने की कसौटी' पर कसा जाता था। अगर आपके पास 'मिलियन व्यूज' की सींगें नहीं थीं, तो आप 'अनदेखे' समझे जाते थे; और अगर 'ट्रेंडिंग टॉपिक' की दुम नहीं थी, तो 'बेदम'। बेचारे 'क्वालिटी क्रिएटर', 'गहरे विचारक', और 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' सोचने वाले, सब के सब इस 'वायरल-यज्ञ' की अग्नि में स्वाहा हो रहे थे। किसी ने कहा, अरे भाई, 'सब्स्टांस' भी कोई चीज होती है! तो तेजतर्रार टिपिकल ने ऐसे घूरा कि बोलने वाले के 'कमेंट सेक्शन' पर 'ब्लॉक' लग गया। उसका सिद्धांत था, जो दिख रहा है, वही बिक रहा है, और जो दिख रहा है, वह केवल 'वायरल' है। इस 'क्लिकबेट-अंधेरगर्दी' में, हर 'गहराई' एक 'अनावश्यक बोझ' और हर 'विचार' एक 'अपराधी' बन चुका था। सोशल मीडिया के जंगल में 'मेरिट' का मतलब अब 'वायरल हिट' बन चुका था, और 'स्किल' का मतलब 'थमनेल' की चमकदार परत। एक दिन की बात है, तेजतर्रार टिपिकल अपने 'वायरल-महल' में 'रील्स' देखकर आराम फरमा रहा था। तभी एक 'अजीबोगरीब' प्राणी उसके सामने आ खड़ा हुआ। उसके पास न तो 'शॉर्ट-फॉर्म वीडियो' की सींगें थीं, न 'इंस्टेंट फेमस' होने की दुम। वह तो एक 'धीमी-मगर-गहरी धूर्त' था, जिसने 'लंबे-फॉर्म कंटेंट' की गलियों में अपनी 'गहराई' के झंडे गाड़ रखे थे। तेजतर्रार टिपिकल ने उसे 'पुराना ज़माना' समझकर 'खारिज' करना चाहा, पर उस 'धूर्त' ने एक ऐसा 'लेख' पेश किया, जिसने 'क्लिकबेट कॉर्पोरेशन' के सबसे 'घमंड भरे' 'वायरल वीडियो' की सारी 'कमियां' उजागर कर दीं। वह 'वीडियो', जिसे 'ट्रेंडिंग क्रिएटरों' ने 'परफेक्ट' घोषित किया था, उस 'धूर्त' के एक 'शब्द' से ऐसे ढह गया, जैसे 'फेक न्यूज़' का महल। तेजतर्रार टिपिकल का 'अहंकार' बुरी तरह घायल हो गया। उसकी 'वायरल सत्ता' को चुनौती मिली थी। उसे लगा, ये 'अपरंपरागत' और 'सोच-समझकर' चलने वाले लोग उसके 'साम्राज्य' के लिए खतरा हैं। उसका चेहरा गुस्से से लाल हो गया, जैसे किसी 'डी-लिस्टेड' इन्फ्लुएंसर का 'एनालिटिक्स' ग्राफ। उसने तुरंत 'शाही फरमान' जारी किया, आज से इस सोशल मीडिया के जंगल में 'बिना वायरल' हुए, 'कम लाइक्स' वाले, और 'गहरे विचार' वाले किसी भी प्राणी के लिए कोई जगह नहीं है! जो भी 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' सोचेगा, उसे 'बॉक्स' से बाहर कर दिया जाएगा! यह घोषणा सुनकर 'क्वालिटी' और 'सब्स्टांस' के मारे बेचारे 'गहरे विचारक' क्या करते? सबमें तेजतर्रार टिपिकल का भय था।

## चुनाव आयोग पर हमला गंभीर रूप ले चुका है



राजेश पासी

राहुल गांधी और विपक्ष के दूसरे नेताओं का चुनाव आयोग पर हमला अब बहुत गंभीर हो चुका है क्योंकि अब ये लोकतंत्र और संविधान पर सवाल खड़े करने तक पहुँच गया है। कुछ लोग कह सकते हैं कि विपक्ष तो संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग लड़ रहा है तो फिर चुनाव आयोग के खिलाफ उसकी मुहिम लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा कैसे हो सकती है। वास्तव में संविधान और लोकतंत्र तब तक सुरक्षित हैं तब तक कि जनता का उनमें विश्वास है । जिस दिन देश की जनता का विश्वास लोकतंत्र और संविधान से उठ गया, उस दिन से इनकी समाप्ति का वक्त शुरू हो जाएगा। भारत की सारी व्यवस्था संविधान से उत्पन्न हुई है. अगर संविधान के ऊपर से विश्वास खत्म हो गया तो व्यवस्था से भी जनता का भरोसा खत्म हो जाएगा।

चुनाव आयोग के पास वो काम है जो लोकतंत्र का आधार है. अगर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता ही खत्म हो गई तो फिर लोकतंत्र कैसे बच सकता है । लोकतंत्र का मतलब ही है जनता द्वारा चुनी गई जनता की सरकार लेकिन जब चुनाव आयोग बेईमानी करके सरकार बनाने लगेगा तो फिर सरकार जनता द्वारा चुनी हुई कैसे मानी जायेगी। जो सरकार जनता द्वारा नहीं चुनी गई होगी, वो जनता द्वारा और जनता के लिए बनी सरकार कैसे मानी जायेगी। संविधान का संरक्षक सुप्रीम कोर्ट है लेकिन जब उसकी भी बात नहीं सुनी जाएगी तो संविधान का संरक्षण कौन करेगा । प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल मिलने के बाद विपक्ष को लग रहा था कि इस बार उनके पास पूर्ण बहुमत नहीं है, वो सहयोगी दलों पर निर्भर हैं इसलिए उनकी सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाएगी । सरकार ने जिस तरह से अपने कार्यकाल का एक साल पूरा किया है और मोदी जी आत्मविश्वास के साथ सभी को साथ लेकर चल रहे हैं, उससे विपक्ष को अहसास हो गया है कि ये सरकार अपना कार्यकाल पूरा करने वाली है।

इस अहसास ने विपक्ष को हताशा और निराशा से भर दिया है जिसके कारण वो कुंठित हो गया है।

विपक्ष को अहसास हो चला है कि उसके लिए केंद्र की सत्ता पाना बहुत मुश्किल होने वाला है । आने वाले कौन से चुनाव में उसे सत्ता मिलेगी, यह भी उसे पता नहीं है । अपनी कुंठा में राहुल गांधी चुनाव आयोग पर उल्टे-सीधे आरोप लगाने में सारी हदें पार करते जा रहे हैं । वो सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए चुनाव चोरी करने का आरोप लगा रहे हैं । अब तो उनकी हालत यह हो गई है कि उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भी धांधली का आरोप लगा दिया है । हैरानी की बात है कि उनकी सरकार के अधीन होने वाले चुनाव में चुनाव आयोग कैसे धांधली कर गया । दूसरी बात यह है कि उस चुनाव आयोग का चयन तो यूपीए सरकार द्वारा ही किया गया था तो वो कैसे भाजपा के साथ चला गया । राहुल गांधी चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से धमकी देने लगे हैं कि जब उनकी सरकार आएगी तो सबका हिसाब होगा। अगर कोई रिटायर भी हो गया होगा तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी ।

कांग्रेस के दूसरे नेता भी राहुल गांधी की शह पर चुनाव आयोग के खिलाफ उल्टे-सीधे बयान देने लगे हैं । पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी चिदंबरम ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर कहा है कि चुनाव आयोग अपनी शक्तियों को दुरुपयोग कर रहा है और इसका मुकाबला कानूनी तरीके से किया जाएगा । सवाल यह है कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम उसका संवैधानिक कर्तव्य है और वो अपना कर्तव्य पूरा कर रहा है तो विपक्ष क्यों परेशान है । अगर चुनाव आयोग के काम में कुछ गलत है तो उसे इसकी शिकायत करनी चाहिए लेकिन चुनाव आयोग ने कहा है कि उसने मतदाता सूची का जो प्रारूप तैयार किया है उस पर अभी तक उसे किसी भी राजनीतिक दल की आपत्ति नहीं मिली है । सवाल यह है कि चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष सुप्रीम कोर्ट भी जा चुका है और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है तो विपक्ष क्यों बवाल कर रहा है । दूसरी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट जब मामले की सुनवाई कर रहा है तो उसे विपक्ष के झूठे आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए लेकिन वो ऐसा क्यों नहीं कर रहा है ।

राहुल गांधी ने बयान दिया है कि उनके पास एटम बम है, जब वो इसे फोड़ेंगे तो चुनाव आयोग दिखाई नहीं देगा । उनके कहने का मतलब है कि उनके पास चुनाव आयोग की धांधली के पक्के सबूत हैं जिन्हें वो जनता के सामने रखेंगे तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता खत्म हो जाएगी । केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा है कि वो जल्दी से जल्दी यह एटम बम फोड़ दें और सारे सबूत जनता के सामने रख दें । सवाल यह है कि अगर राहुल गांधी के पास कोई सबूत है तो वो उसे सुप्रीम कोर्ट में क्यों नहीं पेश कर देते या संसद के पटल पर क्यों नहीं रखते । वास्तव में राहुल गांधी को सनसनीखेज बयान देने का शौक है. कभी वो भूकंप लाने की बात करते हैं, कभी सुनामी ले आते हैं और अब एटम बम फोड़ने वाले हैं हालांकि उनकी हालत खोदा पहाड़, निकली चुहिया से भी ज्यादा बुरी है ।

# गणेश जी की पत्नी का नाम क्या है? कैसे हुआ गणपति बप्पा का विवाह?




विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का जन्म माता पार्वती के उबटन से हुआ था। गणपति बप्पा जब शिव जी को देवी पार्वती ने मिलने नहीं देते हैं, तो महादेव गुस्से में आकर उनका सिर काट देते हैं। बाद में उनको हाथी का सिर लगाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार गणेश जी का शरीर बेडौल था। उनका पेट निकला था, सिर हाथी का था। इससे वे काफी दुखी थे। इस वजह से उन्होंने ब्रह्मचारी रहने का निर्णय लिया था, लेकिन तुलसी जी ने उनको श्राप दिया था कि गणेश जी की दो पत्नियां होंगी। आइए जानते हैं कि गणेश जी की पत्नी का नाम क्या है? गणेश जी का विवाह कैसे हुआ?

**गणेश जी की पत्नी का नाम**

मंगलमूर्ति गणेश जी की पत्नी का नाम रिद्धि और सिद्धि है। रिद्धि और सिद्धि ब्रह्मा जी की मानस पुत्रियां हैं। रिद्धि समृद्धि, ऐश्वर्य और संपन्नता प्रदान करने वाली देवी हैं, जबकि सिद्धि सफलता, उपलब्धि और सिद्धि प्रदान करती हैं। गणेश जी के दो पुत्र शुभ और लाभ बताए गए हैं।

जब आप किसी भी कार्य का शुभारंभ गणेश जी के पूजन से करते हैं तो आपको रिद्धि और सिद्धि की कृपा भी सहज मिल जाती है। गणपति पूजा से व्यक्ति को बुद्धि और शुभता के साथ सफलता, समृद्धि भी प्राप्त होती है।

**गणेश जी का विवाह**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार तुलसी जी गणेश जी पर मोहित हो गईं। उन्होंने गणेश जी से विवाह करने की बात कही। तब तपस्या कर रहे गणेश जी ने उनके प्रस्ताव को नकार दिया। इससे तुलसी नाराज हो गईं। उन्होंने गणेश जी को श्राप दे दिया कि आपकी दो पत्नियां होंगी। इससे नाराज होकर गणेश जी ने तुलसी को अपनी पूजा से वर्जित कर दिया।

इस वजह से गणेश जी की पूजा में तुलसी का उपयोग नहीं करते हैं। तुलसी के श्राप की वजह से गणेश जी का विवाह रिद्धि और सिद्धि से हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार, बेडौल शरीर के कारण गणेश जी दुखी थे कि उनसे कोई विवाह नहीं कर रहा। जहां भी विवाह होता तो गणेश जी उसमें बाधा डाल देते थे। उनके इस व्यवहार से सभी देवी और देवता परेशान हो गए। तो वे ब्रह्मा जी के पास इस समस्या को लेकर गए।

**ब्रह्मा जी ने अपनी दो पुत्रियों रिद्धि और सिद्धि को प्रकट किया।**

वे रिद्धि और सिद्धि को लेकर गणेश जी के पास गए। उन्होंने गणेश जी से उन दोनों को शिक्षा देने का आग्रह किया। गणेश जी रिद्धि और सिद्धि को शिक्षा देने के लिए सहमत हो गए तो ब्रह्मा जी वहां से चले गए। अब गणेश जी के पास विवाह की कोई जानकारी आती तो रिद्धि और सिद्धि उनका ध्यान भटका देती थीं। इससे दूसरों के विवाह होने लगे।

काफी समय व्यतीत होने पर गणेश जी को मालूम हुआ कि लोगों का विवाह हो रहा है। रिद्धि और सिद्धि के कारण ऐसा हुआ है क्योंकि वे दोनों गणेश जी को दूसरे के विवाह में विघ्न डालने नहीं दे रही थीं। गणेश जी नाराज हुए, वे रिद्धि और सिद्धि को श्राप देने जा रहे थे, तभी ब्रह्मा जी प्रकट हुए और उनको रोका। ब्रह्मा जी ने गणेश जी के समक्ष रिद्धि और सिद्धि से विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे वे मान गए। इसके बाद रिद्धि और सिद्धि से गणेश जी का विवाह हुआ।

# क्या है 13 मुखी रुद्राक्ष की असली ताकत?



13 मुखी रुद्राक्ष को एक ऐसा मनका माना जाता है, जो न सिर्फ दिखने में खास होता है, बल्कि इसके पीछे छुपे आध्यात्मिक और ज्योतिषीय राज भी उतने ही गहरे होते हैं, ये रुद्राक्ष बहुत दुर्लभ होता है और माना जाता है कि इसमें भगवान इंद्र की शक्ति समाई होती है।

1. क्या है 13 मुखी रुद्राक्ष?

13 मुखी रुद्राक्ष एक ऐसा बीज होता है, जिसकी सतह पर 13 अलग-अलग लाइनें होती हैं। इन रेखाओं को 'मुख' कहा जाता है। इसका संबंध भगवान इंद्र से जोड़ा जाता है, जो देवताओं के राजा माने जाते हैं। पुरानी मान्यताओं के मुताबिक, ये रुद्राक्ष भगवान शिव के आंसुओं से बना है और इसे पहनने वाला इंसान आध्यात्मिक रूप से मजबूत हो जाता है।

2. **इसकी खास बनावट और पहचान**

13 मुखी रुद्राक्ष दिखने में आमतौर पर भूरे या गहरे रंग का होता है। ये गोल होता है और इसकी सतह पर साफ-साफ 13 धारियां दिखाई देती हैं। असली रुद्राक्ष की सबसे बड़ी पहचान यही होती है कि ये एकदम नैचुरल होता है, यानी इसकी रेखाएं किसी तरह से बनाई नहीं जातीं, वो खुद उभरी होती हैं।

**मानसिक फायदे**

**एकाग्रता और ध्यान बढ़ाता है**

**सोचने और समझने की क्षमता मजबूत करता है**

**तनाव और बेचैनी को कम करता है**

**आत्मविश्वास बढ़ाता है**

अगर आप किसी एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं या ऑफिस के काम में लगातार फोकस नहीं कर पा रहे हैं, तो ये रुद्राक्ष आपके दिमाग को शांत और स्थिर रखने में मदद कर सकता है।




**4. आध्यात्मिक फायदे**

गले के चक्र को एक्टिव करता है

आत्मा और परमात्मा के बीच संबंध गहरा करता है

तीसरी आंख चक्र (आज्ञा चक्र) को खोलता है

नकारात्मक ऊर्जा से सुरक्षा देता है

जो लोग ध्यान या मेडिटेशन करते हैं, उनके लिए ये रुद्राक्ष बेहद फायदेमंद होता है। इससे आपके अंदर की ऊर्जा संतुलित रहती है और मानसिक शांति मिलती है।

# रक्षाबंधन 5 राशियों के लिए है लकी होगी खुशियों की बौछार




रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इस साल का रक्षाबंधन 5 राशियों के लिए लकी साबित होने वाला है। इस दिन इन राशिवालों के जीवन में खुशियों की बौछार होगी और उनके लिए सफलता के द्वार खुलेंगे। इस दिन नई नौकरी का मौका मिल सकता है या इससे जुड़ी कोई खुशखबरी मिल सकती है। रक्षाबंधन पर बना सौभाग्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी इन लोगों के लिए शुभ फलदायी होगा। आइए जानते हैं रक्षाबंधन की 5 लकी राशियां कौन सी हैं?

**रक्षाबंधन की 5 लकी राशियां**

**मेष:** रक्षाबंधन का दिन मेष राशि के लोगों के लिए शुभ और मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होगा। इस दिन मेष राशिवालों के यश और कीर्ति में बढ़ोत्तरी होगी। राखी का दिन आपके जीवन में खुशहाली लेकर आने वाला है। नई जॉब या पेशेवर जीवन से जुड़ी कोई खुशखबरी आपको मिल सकती है। इस दिन आप परिवार और रिश्तेदारों के साथ खुशियां मनाएंगे।

**वृषभ:** रक्षाबंधन का त्योहार वृषभ राशिवालों के लिए शुभता लेकर आ रहा है। इस दिन आपको करियर से जुड़ी कोई खुशखबरी मिल सकती है। जिस प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं, उसमें बड़ी सफलता मिल सकती है। काफी समय से आप जो मेहनत कर रहे थे, उसका शुभ फल मिलने वाला है। नौकरी में समय अच्छा रहेगा। आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**सिंह:** इस साल राखी के दिन सिंह राशिवालों को कोई खुशखबरी मिल सकती है। यह आपके बिजनेस या नौकरी से जुड़ी हो सकती है। आपको नए अवसरों को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। जो भी मौका हाथ लगे, उसका भरपूर उपयोग करें। करियर में छलांग मार सकते हैं। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। रिश्तों में मधुरता आएगी।

**कन्या:** रक्षाबंधन के अवसर पर कन्या राशिवालों का दिन परिवार के बीच व्यवतीत होगा। खुशहाली और उत्सव का माहौल रहेगा। त्योहार के दिन परिवार के साथ रहकर आप खुश महसूस करेंगे। आपको रिश्तों की अहमियत पता चलेगी। सेहत ठीक रहेगी। कोई रिश्तेदार या दोस्त करियर में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण टिप्स दे सकता है। यह दिन आपके लिए नए अवसर और संभावनाओं का होगा।

**मकर:** रक्षाबंधन का त्योहार मकर राशिवालों के लिए शुभता और सफलता देने वाला होगा। करियर या बिजनेस में किए गए कार्य उस दिन आपको शुभ फल दे सकते हैं। आपके फैसलों की सराहना होगी। त्योहार का दिन परिवार और रिश्तेदारों के बीच बीतेगा। इससे खुशी मिलेगी और रिश्ते मजबूत होंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल होगा। धन लाभ की उम्मीद है।

# पत्नी को आज से ही देना शुरू कर दें ये 5 चीजें



ज्योतिष ने बताया कि आपके घर में पत्नी होगी तो सबसे पहले उसको जो भी आप कमाते हैं। उसमें से 10% हिस्सा पॉकेट मनी के रूप में दे दें। आप यह ना देखें कि मेरा पैसा जा रहा है। बल्कि, आप यह समझे कि आप माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर रहे हैं।

क्योंकि, खासतौर पर जब पत्नी आपकी अंदर से प्रसन्न रहती है, तो आपके ऊपर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा हो जाती है। आपको लगता है कि आप बहुत ज्यादा पूजा पाठ करके माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर लेंगे तो ऐसा नहीं है। आप अपने घर की महिलाओं को प्रसन्न करके ऐसा कर सकते हैं।

अब दूसरी सबसे बड़ी चीज आप कोई भी फैसला लेते हैं, तो अपनी पत्नी से एक बार सलाह मशविरा लें। ऐसे में पत्नी को लगता है कि मुझे इज्जत मिल रही है और उन्हें अंदर से खुशी मिलती है। निश्चित तौर पर माता लक्ष्मी आप पर प्रसन्न होंगी।

भूलकर भी अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट यह चीज बिल्कुल भी ना करें। वरना आप मेहनत करते-करते थक जाएंगे और पैसे नहीं आएंगे और पैसे आएंगे भी तो वह टिकेंगे नहीं या गलत तरीके से बाहर निकल जाएंगे। इसीलिए सारी चीज बिल्कुल ना करें, माता लक्ष्मी काफी क्रोधित होती हैं।

इसके अलावा घर में जो किचन होता है। उसको हमेशा भर कर रखें जो भी राशन पानी होता है एकदम बढ़िया से स्टॉक कर के रखें। बोलने का मौका ना दें। अपने घर की महिलाओं को की यह ला दो वह ला दो। छोटी-छोटी चीज के लिए उन्हें तरसाये ना। अगर आपकी इनकम कम भी है तो फिर किचन में आप कटौती न करें, फिर आप देखिए कैसे आपका घर बरकत करता है।

इसके अलावा हर शुक्रवार को सफेद कलर का मिठाई अपनी पत्नी को खिलाना शुरू कर दें। इससे शुक्र ग्रह काफी मजबूत होता है। शुक्र ग्रह धन, वैभव, लग्जरी पैसा इन सब चीजों का कारक होता है। शुक्र मजबूत होगा तो यह सारी चीज आपको आसानी से मिल जाएगी।

# घर में फिश पेंटिंग लगाने के वास्तु नियम

वास्तु के अनुसार, मछलियों की तस्वीर को घर में कभी भी ऐसे स्थान पर नहीं लगाना चाहिए जहां गंदगी रहती हो। ऐसा करने से अशुभ फल प्राप्त हो सकता है।

फिश पेंटिंग को रसोईघर या बाथरूम या टॉयलेट की पास वाली दीवार पर लगाने की भी मनाही होती है। ऐसा करने से घर में नकारात्मकता आ सकती है।

घर में कभी भी मछलियों की ऐसी तस्वीर नहीं लगानी चाहिए, जिसमें मछलियां धुंधली दिखाई दे रही हों या तस्वीर कहीं से टूटी-फूटी हो। इस प्रकार की फोटो लगाना शुभ नहीं माना जाता है।

वास्तु के अनुसार, मछलियों की तस्वीर के बैकग्राउंड पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। कभी भी ऐसी पेंटिंग न लगाएं जिसमें पीछे तूफान या जल में ज्यादा उथल-पुथल दिख रही हो।

**घर में ऐसी लगाएं मछलियों की तस्वीर**

माना जाता है कि घर में फिश की ऐसी पेंटिंग लगानी चाहिए जिसमें वे चलती हुईं नजर आ रही हों और पीछे का बैकग्राउंड भी पॉजिटिव होना चाहिए।

वास्तु के अनुसार घर में कोइ और सुनहरी मछली की तस्वीर लगाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से घर में हमेशा संतुलन और प्रेम बना रहता है। आप चाहें तो फिश पेंटिंग को अपने घर के लिविंग रूम में लगा सकते हैं। ऐसा करने से जातक को पैसों की तंगी से भी छुटकारा मिल सकता है।

# बिलासपुर के चमत्कारी शिव मंदिर



मल्हार को छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक राजधानी के रूप में जाना जाता है। पातालेश्वर मंदिर 10वीं शताब्दी का शिव मंदिर है, जो जमीन से नीचे (पाताल) स्थित गर्भगृह के कारण प्रसिद्ध है। यहां की मूर्तियां और स्थापत्य शैली कलचुरी वंश की शिल्प परंपरा की अनोखी झलक देती हैं। पास में ही एक छोटा संग्रहालय भी है, जहां कई दुर्लभ मूर्तियां संरक्षित हैं।

इस मंदिर का नाम महाभारत की कथा से जुड़ा हुआ है, जहां कहा जाता है कि पांडवों के अज्ञातवास के दौरान भीम ने किचक का वध इसी क्षेत्र में किया था। कलचुरी काल के समय निर्मित यह मंदिर पत्थर की बारीक नक्काशी, शिल्पकला और स्थापत्य के लिए जाना जाता है। यह एक जीवित ऐतिहासिक दस्तावेज है, जो छत्तीसगढ़ के गौरव को दर्शाता है।

बिलासपुर के रतनपुर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा महादेव मंदिर और सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अलसुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और पूरा क्षेत्र 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। हजारों शिवभक्तों ने गंगाजल और पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। संध्या तक भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन चलता रहेगा। स्थानीय और दूरदराज से श्रद्धालु मंदिर आ रहे हैं।







सावन मास में बिलासपुर के सिरगिट्टी क्षेत्र स्थित स्वयंभू शिव मंदिर श्रद्धा और चमत्कार का अद्भुत केंद्र बन जाता है। माना जाता है कि यहां भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए थे और तभी से यह मंदिर संतानहीन दंपतियों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि दर्शन मात्र से ही यहां संतान सुख की प्राप्ति होती है। सावन के हर दिन यहां हजारों श्रद्धालु उमड़ते हैं, विशेष रूप से महिलाएं भोलेनाथ को दूध, जल और बेलपत्र अर्पित कर संतान और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। आस्था, परंपरा और अलौकिक विश्वास का यह स्थल हर भक्त को भाव-विभोर कर देता है।

बिलासपुर का अष्टमुखी शिव मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि अपनी अनोखी शिल्पकला और वास्तुकला के कारण भी यह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भगवान शिव के 8 मुखों वाली दुर्लभ प्रतिमा वाला यह मंदिर आस्था और रहस्य का अद्भुत मेल प्रस्तुत करता है। श्रावण मास सहित पूरे साल यहां भक्तों की भीड़ लगी रहती है, जो शिव आराधना के साथ-साथ मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करने पहुंचते हैं।

# अजय देवगन ने खास अंदाज में दी काजोल को जन्मदिन की बधाई



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल का आज 51वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर सभी काजोल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। वहीं काजोल के पति और बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन ने उनकी ब्लैक एंड व्हाइट में दो खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

**अजय देवगन का पोस्ट**

अजय देवगन ने आज इंस्टाग्राम पर काजोल की दो बेहद ही खूबसूरत अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं। इन ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों के साथ अजय ने कैप्शन में लिखा, 'बहुत कुछ कह सकता हूं लेकिन फिर आप अपनी आंखें घुमा लोगी तो....जन्मदिन मुबारक हो प्रिय।' अजय के अलावा कई सेलेब्स और फैंस ने भी काजोल को जन्मदिन की बधाई दी है।

**सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स**

आज काजोल के 51वें जन्मदिन पर कई सेलेब्स और फैंस ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। सन ऑफ सरदार 2 की एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, 'मेरे जीवन की सबसे बेहतरीन अभिनेत्री को जन्मदिन की हा र्दि क शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'मेरी सबसे पसंदीदा काजोल जी जन्मदिन मुबारक हो', अजय की इस पोस्ट की तारीफ में एक और फैन ने लिखा, 'यह जन्मदिन की बधाई बहुत प्यारी है', एक और फैन ने लिखा, 'आज आपका दिन है हैप्पी बर्थडे ब्यूटी क्वीन', एक और फैन ने लिखा, 'अजय देवगन सुपरस्टार और काजोल महिला सुपरस्टार।'

**अजय और काजोल का करियर**

अजय देवगन की हालिया रिलीज फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है। एक्शन कॉमेडी इस फिल्म में अजय के अलावा मृणाल ठाकुर, रवि किशन और संजय मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। इस फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एन आर पचीसिया और प्रवीण तलरेजा ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह 2012 की फिल्म सन ऑफ सरदार का आध्यात्मिक सीक्वल है। वहीं काजोल हाल ही में फिल्म 'मां' में नजर आई थीं। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है।

# क्या वाकई पति सोहेल से तलाक ले रही हैं हंसिका मोटवानी



अभिनेत्री हंसिका मोटवानी और उनके पति सोहेल खतुरिया की तलाक की खबरें लगातार सोशल मीडिया पर हलचल मचा रही हैं। दिसंबर 2022 में हुई उनकी शानदार शादी के लगभग तीन साल बाद, दोनों के अलग होने की अफवाहें तेज हो गई हैं। वहीं ताजा जानकारी के अनुसार, हंसिका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शादी की तस्वीरों और वीडियोज को डिलीट कर दिया है।

**अपनी मां के घर रहती हैं हंसिका**

एक खबर के अनुसार, हंसिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से सोहेल के साथ अपनी शादी की तस्वीरें और वीडियोज को हटा दिया है। अब वह अपनी मां के साथ रहने लगी हैं, जो उनके वैवाहिक जीवन में बदलाव का संकेत है। उनकी शादी को जियो सिनेमा पर प्रसारित रियलिटी शो ₹हंसिकाज लव शादी ड्रामा में दिखाया गया था, जिसमें सोहेल के पेरिस में प्रपोजल से लेकर शादी तक की कहानी दिखाई गई थी। इस शो में दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था।

**सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं सोहेल**

हालांकि, सोहेल 2023 से सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं और उन्हंने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल को प्राइवेट कर लिया है। हंसिका ने भी इन अफवाहों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। दोनों की चुप्पी और सोशल मीडिया पर बदलाव ने प्रशंसकों को उनके रिश्ते की स्थिति पर सवाल उठाने के लिए मजबूर कर दिया है।

**हंसिका का करियर**

हंसिका मोटवानी एक मशहूर अभिनेत्री हैं। हंसिका ने बाल कलाकार के रूप में कई टीवी सीरियल्स और फिल्मों में काम किया है। वहीं उन्होंने बतौर एक्ट्रेस तेलुगु और तमिल की कई फिल्मों में शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने 'देसमुदुरू', 'वेलायुधम', 'महा' और 'माई नेम इज श्रुति' में काम किया है। वहीं, सोहेल खतुरिया एक उद्यमी हैं, जो कपड़ा निर्यात और इवेंट मैनेजमेंट के व्यवसाय से जुड़े हैं।

# बोनी कपूर ने किया श्रीदेवी को याद शेयर की खूबसूरत तस्वीर





'मिस्टर इंडिया', 'नो एंट्री' और 'वांटेड' जैसी कई शानदार फिल्मों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर ने अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को याद किया। उन्होंने श्रीदेवी की एक बेहद ही खूबसूरत तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ बोनी ने श्रीदेवी की खूबसूरती पर एक खास नोट भी लिखा है।

बोनी कपूर ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी दिवंगत पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रीदेवी की एक बेहद ही खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में श्रीदेवी प्यारी मुस्कान बिखेरती नजर आ रही हैं। साउथ स्टाइल के लुक में उनकी यह तस्वीर बेहद ही सुंदर और आकर्षक है। श्रीदेवी की इस प्यारी और मुस्कुराती तस्वीर के साथ बोनी ने कैप्शन में लिखा, 'इंडियन ब्यूटी'। बोनी के इस लेटेस्ट पोस्ट को उनकी बेटी और बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने लाइक किया है।

**फैंस के कमेंट्स**

श्रीदेवी की दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में यह तस्वीर उनके फैंस को भी बेहद पसंद आ रही है। एक फैन ने लिखा, 'कोई भी उनके जैसा नहीं था और न ही कभी होगा', एक फैन ने लिखा, 'तुम जहां भी रहो महफूज हो दिल मेरा मांगे बस ये दुआ', एक फैन ने लिखा, 'यह कुणाल गोस्वामी के साथ कलाकार फिल्म से है', एक फैन ने लिखा, 'सर आपकी पत्नी एक स्टार थीं, भगवान उन्हें स्वर्ग में आशीर्वाद दें, आप बहुत भाग्यशाली हैं कि वह आपकी पत्नी थीं।'

**श्रीदेवी ने किया था वजन कम करने के लिए प्रेरित**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में बोनी कपूर ने बिना जिम के 26 किलो वजन कम करके इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। वह अपने इस बदलाव का श्रेय अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को देते हैं। हालांकि इसके लिए बोनी ने रात का खाना छोड़कर सूप पीना और नाश्ते में फलों का जूस और ज्वार की रोटी लेना शामिल किया। एक इंटरव्यू के दौरान बोनी ने बताया कि उनकी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी ने उन्हें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और वजन कम करने के लिए प्रेरित किया।

# 'बैटल ऑफ गलवां' के बाद सलमान खान को मिली बड़ी फिल्म, मलयालम निर्देशक से मिलाया हाथ

सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसकी शूटिंग के लिए वह बहुत मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में सलमान खान ने इस फिल्म का मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक



सलमान खान अभी इस फिल्म पर काम कर ही रहे हैं कि उनको एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिला है।

**सलमान खान को मिली नई फिल्म**

सलमान खान को जो फिल्म मिली है वह पीरियड थ्रिलर फिल्म है। सलमान खान ने मलयालम निर्देशक महेश नारायणन के साथ कई मुलाकातें की हैं। अब सलमान खान महेश नारायणन के साथ पीरियड थ्रिलर फिल्म पर काम करने के लिए राजी हो गए हैं। यह फिल्म 1970 से लेकर 1990 के दशक में सेट की जाएगी।

**फिल्म के लिए सलमान ने ली ट्रेनिंग**

बताया जाता है कि सलमान खान इन दिनों अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर फिल्में करना चाहते हैं। इस फिल्म में भी वह जमकर मेहनत करने वाले हैं। इससे पहले खबरें आईं थीं कि सलमान खान ने 'बैटल ऑफ गलवां' के लिए काफी मेहनत की है। उन्होंने अपने घर के जिम में कई बदलाव किए थे। उन्होंने फिल्म में आर्मी का किरदार निभाने के लिए आर्मी की ट्रेनिंग ली थी।

**'बैटल ऑफ गलवां' के बारे में**

आपको बता दें कि सलमान खान जल्द ही फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन सीमा पर हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह सलमान खान के साथ अहम किरदार में होंगी। इससे पहले सलमान खान फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे। यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी।

# क्या भंसाली की 'लव एंड वॉर' में स्पेशल डांस नंबर कर रही हैं प्रियंका चोपड़ा?

फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर ऐसी खबरें हैं कि इसमें प्रियंका चोपड़ा आइटम नंबर करने वाली हैं। संजय लीला भंसाली निर्देशित इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आएंगे। प्रियंका चोपड़ा के डांस नंबर जैसी खबरों ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी। मगर, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका इस फिल्म में आइटम नंबर नहीं करने वाली हैं।

**प्रियंका नहीं कर रहीं आइटम नंबर**

फिल्म 'लव एंड वॉर' में प्रियंका चोपड़ा के आइटम नंबर करने की खबरों ने सिने जगत में हलचल बढ़ा दी। मगर, बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'लव एंड वॉर' में प्रियंका के आइटम नंबर करने की खबरें सिर्फ अफवाह हैं। वे कोई सॉन्ग फिल्म में नहीं करने वाली हैं।

**क्या प्रियंका और भंसाली के बीच हुई तकरार?**

सूत्र के मुताबिक, 'प्रियंका ने भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रास लीला राम लीला' में





एक खास गाना किया था। इसे पहले ऐश्वर्या राय करने वाली थीं, मगर आखिरी वक्त में उनके पीछे हट जाने के कारण प्रियंका ने फेवर करे तौर वह गाना किया'। सूत्रों के मुताबिक आगे यह भी कहा गया है कि, 'प्रियंका ने रामलीला में इस शर्त पर गाना और डांस किया था कि उन्हें भंसाली की अगली फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रूप में लिया जाएगा। वादा पूरा नहीं किया गया और दोनों के बीच तकरार हुई। इस वजह से प्रियंका 'लव एंड वॉर' में कुछ नहीं कर रही हैं'।

**'बाजीराव मस्तानी' में नजर आईं प्रियंका**

'राम लीला' के बाद प्रियंका चोपड़ा ने भंसाली के साथ फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में काम किया था, मगर इसमें वे सपोर्टिव रोल में नजर आई थीं। ऐसी खबरें थीं कि दोनों 'गुस्ताखियां' नाम की फिल्म में साथ काम करेंगे, लेकिन बाद में खबर आई कि अभिनेत्री ने इससे इनकार कर दिया है। प्रियंका के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे एसएस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगी। इसमें महेश बाबू लीड रोल में हैं।

# पत्नी जेनेलिया डिसूजा के जन्मदिन पर रितेश ने दी शुभकामनाएं, कहा-'मैं कितना लकी हूं'

बॉलीवुड एक्ट्रेस और रितेश देशमुख की पत्नी जेनेलिया डिसूजा का आज 38वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर रितेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पत्नी जेनेलिया के साथ कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। रितेश की इस पोस्ट पर सेलेब्स और फैंस भी जेनिलिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

**जेनेलिया के जन्मदिन पर रितेश का खास पोस्ट**

रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जेनेलिया के साथ कई शानदार अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं। इन खास तस्वीरों के साथ रितेश ने जेनेलिया को जन्मदिन की शुभकमानाएं देते हुए कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो, मेरी प्यारी पत्नी, मेरा प्यार। आज तुम्हारा जन्मदिन है, और ये मुझे याद दिलाता है कि मैं कितना खुशकिस्मत हूं कि तुम मेरी जिंदगी में हो।'



**क्या खूबियां हैं जेनेलिया में**

आगे रितेश ने अपनी इस पोस्ट के जरिए जेनेलिया की खूबियों के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, 'तुम एक अद्भुत इंसान हो—तुम मुझे हंसाती हो, हमारे बच्चों की सबसे अच्छी मां हो, एक प्यारी बेटी हो, और एक सच्ची दोस्त हो। तुम में बहुत सारी खूबियां हैं, और तुम हमेशा दूसरों को अपना प्यार और समय देती हो। तुम हमारे परिवार की ताकत हो, तब भी जब तुम थक जाती हो। तुम वो प्यार हो जो हमें जोड़े रखता है।'

**मेरा सबसे बड़ा सहारा हो- रितेश**

आगे रितेश ने जेनेलिया को अपना सबसे बड़ा सहारा बताते हुए लिखा, 'तुम मुझे चिढ़ाती हो, हंसी-मजाक करती हो, और दोस्तों के साथ मेरे किस्से सुनाकर मुझे शर्मिंदा करती हो, लेकिन मैं इसे बहुत प्यार करता हूं। तुम हमेशा मेरे साथ रहती हो, मेरा हौसला बढ़ाती हो और मेरा सबसे बड़ा सहारा हो। तुम हमारे घर की जान हो, और हमारे बच्चे हमेशा तुम्हारी ओर देखते हैं। आज, मैं चाहता हूं कि तुम्हें अपनी हर खूबी पर गर्व महसूस हो। तुम्हें खुशी, प्यार, और थोड़ा आराम मिले क्योंकि तुम ने ये सब कमाया है।'

**जेनेलिया को पाकर रितेश खुद को मानते हैं खुशकिस्मत**

रितेश ने आगे खुद को खुशकिस्मत बताते हुए लिखा, 'तुम मुझे बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती हो। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि तुम मेरी जिंदगी में हो। मैं तुम से बहुत प्यार करता हूं और अपनी पूरी जिंदगी तुम्हें ये दिखाने में बिताऊंगा। जन्मदिन मुबारक हो, मेरी जान।'

**रितेश और जेनेलिया की शादी**

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की शादी 3 फरवरी, 2012 को हुई थी। रितेश और जेनेलिया की पहली मुलाकात 2002 में फिल्म तुझे मेरी कसम के सेट पर हुई थी। फिल्म 'तुझे मेरी कसम' जेनेलिया और रितेश की डेब्यू बॉलीवुड फिल्म थी।

# आलिया के प्यार में खोए दिखे विजय वर्मा, 'डार्लिंग्स' के तीन साल पूरे होने पर एक्टर ने शेयर की तस्वीरें

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री आलिया भट्ट की साल 2022 में एक थ्रिलर-कॉमेडी फिल्म रिलीज हुई 'डार्लिंग्स', जिसमें अभिनेता विजय वर्मा मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म की कहानी दर्शकों को पसंद आई थी। आज 5 अगस्त को फिल्म को बने हुए तीन साल हो चुके हैं। इस खुशी के अवसर पर अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म से जुड़े कुछ बिहाइंड द सीन शेयर किए हैं। आइए देखें तस्वीरें।

**विजय वर्मा ने साझा की तस्वीरें**

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता विजय वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें एक्टर ने 'डार्लिंग्स' फिल्म के 3 साल पूरे होने पर फिल्म के कुछ यादगार पलों को साझा किया है। पहली तस्वीर में अभिनेता और आलिया भट्ट का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक्टर्स एक-दूसरे में खोए हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में भी अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े बिहाइंड द सीन्स शेयर किए हैं।



**अभिनेता ने लिखा प्यारा नोट**

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए विजय वर्मा ने पोस्ट में कैप्शन भी दिया है। उन्होंने कहा, 'डार्लिंग्स के तीन साल पूरे होने पर टीम और फिल्म के प्रशंसकों को ढेर सारा प्यार। प्यारे दोस्तों, मैं आप सभी से प्यार करता हूं।' इस पोस्ट पर अभिनेता को काफी प्यार मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा कि ये मेरी सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है।

**'डार्लिंग्स' फिल्म के बारे में**

2022 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन किया था और इसके निर्माण की जिम्मेदारी आलिया भट्ट, गौरव वर्मा और गौरी खान ने निभाई थी। इस फिल्म की कहानी की बात करें, तो इसमें दिखाया जाता है कि हमजा और बदरू एक दूसरे से बहुत प्रेम करते हैं। फिर हमजा को भारतीय रेलवे में टिकट कलेक्टर के रूप में सरकारी नौकरी मिल जाती है।

इसके बाद दोनों शादी करने का फैसला करते हैं, लेकिन बदरू की मां उसकी पसंद से खुश नहीं है। हालांकि, दोनों की शादी हो जाती है, लेकिन कहानी में असली मोड़ तब आता है जब हमजा को शराब की लत लग जाती है।






# औरतों को समझना जरा भी मुश्किल नहीं इन तरीकों से सीखें महिला को मनाना



अक्सर लोग कहते हैं कि महिलाओं को समझना मुश्किल है। कहा जाता है कि वो जो कहती हैं और महसूस नहीं करतीं और जो महसूस करती हैं वो जाहिर नहीं करतीं। ऐसे में पुरुष किसी महिला को कैसे समझें? अगर आप महिलाओं को समझना चाहते हैं तो उन्हें सही तरीके से महसूस करना सीख जाएं तो यह बिल्कुल आसान हो सकता है। हर महिला चाहती है कि कोई उसे सिर्फ सुने नहीं, समझे भी। अगर आप किसी महिला के साथ रिश्ते में हैं, चाहे वह आपकी पत्नी हो, बहन हो, दोस्त हो या प्रेमिका हो तो इन 10 बातों को समझकर आप उसके सबसे करीबी और भरोसेमंद व्यक्ति बन सकते हैं।

### जब वो चुप हों

अक्सर ऐसा होता है कि अचानक आपकी पत्नी, पार्टनर या मां चुप्पी साध लेती हैं। दिन की शुरुआत जिनकी बातों और आवाज से होती है, अगर व शांत हो जाएं तो उनकी चुप्पी को हल्के में न लें। महिलाएं तब चुप हो जाती हैं जब वो बहुत कुछ सोच रही होती हैं या टूट रही होती हैं। ऐसे में सलाह देने से ज्यादा जरूरी है, उन्हें सुनना। बस उनके पास बैठिए और पूछिए ₹क्या हुआ?₹ और उन्हें अपना मन खोलने दीजिए।

### जब वो रोए

हर आंसू का कोई न कोई कारण होता है। जब वह रो रही हो तो उसे ज्ञान न दें, बस चुपचाप उसका हाथ पकड़िए, कंधा दीजिए और अपने होने का अहसास कराइए। यही सच्चा जुड़ाव है। ऐसी स्थिति में एक महिला को सलाह नहीं, सहारा चाहिए होता है।

### जो वो गुस्से में हों

अगर कोई लड़की गुस्से में है तो उस वक्त बहस करने से बात बिगड़ सकती है। यहां आपका दायित्व है कि आप धैर्य रखें। उन्हें थोड़ा वक्त दीजिए और जब माहौल शांत हो, तब प्यार से बात करें। यही समझदारी है।

### जब वो खुद को कम समझे

कभी-कभी महिलाएं खुद को दूसरों से कम समझने लगती हैं। कई बार परिवार, कॉलेज, दफ्तर या समाज में उन्हें ऐसा महसूस कराया जाता है कि वह बेहतर नहीं हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें उनकी वैल्यू बताएं। उन्हें याद दिलाना जरूरी है कि वो खास हैं, जरूरी हैं और उनके बिना सब अधूरा है।

### जब वो खुश हो

महिलाओं के अलग-अलग मूड पर अलग रिएक्शन जरूरी है। अगर वो खुश हैं तो उसकी खुशी में शामिल हो जाइए। उनकी मुस्कान को नजरअंदाज न करें। छोटी-छोटी बातों में एक्साइटेड होना उनकी खूबी होती है। साथ में खुश होना ही रिश्तों को मजबूत बनाता है।

### वो असमंजस में हो

वो जब उलझन में हो या किसी बात पर कंफ्यूज हो तो उन्हें राह मत दिखाओ, बल्कि साथ चलो। इसका मतलब है कि उन्हें ये मत बताइए कि उन्हें 'करना क्या है'। बल्कि उनके साथ बैठिए, समझिए और मिलकर हल ढूंढिए। वो सिर्फ सलाह नहीं, साथ चाहती है।

### बार-बार सवाल करें

महिलाएं जब सवाल करती हैं तो जरूरी नहीं कि वो आप पर शक कर रही हैं। वो बस भरोसा ढूंढ़ रही होती हैं, ये आपका टेस्ट नहीं, उनका डर होता है। इसलिए उनके सवालों से चिढ़े मत, बल्कि धैर्य रखें।

### वो तैयार होकर आए

जब लड़की तैयार होकर आए तो उसकी तारीफ करना न भूलें। तुम बहुत अच्छी लग रही हो", ये शब्द उनका पूरा दिन बना सकते हैं। हर महिला तारीफ पसंद करती है, खासकर अपने खास इंसान से।

### जब वो थकी हो

कई बार महिलाएं जब थक जाती हैं तो पुरुष उनकी थकान को समझने की बजाएं उनसे सवाल करते हैं। जैसे इतना क्यों थक गई? इस तरह के सवाल पूछने से अच्छा है, चुपचाप उसका काम बांट लीजिए। उनकी थकान को कम करने के लिए मदद करें।

### जब वो कुछ निजी शेयर करे

महिलाएं जब भी कोई बात आपसे शेयर करती हैं तो समझें कि उनकी तरफ से ये भरोसे का इशारा होता है। इसे हल्के में लेना या मजाक बनाना उनका दिल तोड़ सकता है।

# सिर्फ महिलाओं को ही नहीं पुरुषों को भी होता है मूड स्विंग्स, जानें क्या हैं लक्षण



अक्सर ऐसा माना जाता है कि मूड स्विंग्स सिर्फ महिलाओं में होने वाली एक समस्या है, जो उनके मासिक धर्म चक्र या हार्मोनल बदलावों से जुड़ी होती है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि मूड स्विंग्स सिर्फ महिलाओं में नहीं पुरुषों में भी होती है। यह एक ऐसी गलत धारणा है जिसके कारण समाज में पुरुषों में होने वाले मूड स्विंग्स को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, या उसे 'चिड़चिड़ापन' या 'गुस्सा' मानकर खारिज कर दिया जाता है।

सच तो यह है कि मूड स्विंग्स एक सार्वभौमिक मानवीय अनुभव है, और पुरुष भी इससे अछूते नहीं हैं। शारीरिक, हार्मोनल और मनोवैज्ञानिक कारणों से उनमें भी भावनात्मक उतार-चढ़ाव आते हैं, जो उनकी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी पर गहरा असर डालते हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि पुरुषों में मूड स्विंग्स के पीछे क्या कारण होते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि उनके क्या लक्षण होते हैं।

### पुरुषों में मूड स्विंग्स के कारण

पुरुषों में मूड स्विंग्स के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ शारीरिक और कुछ जीवनशैली से जुड़े हैं। सबसे प्रमुख कारणों में से एक है टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्तर घटना। उम्र बढ़ने के साथ, विशेषकर 30 के बाद, पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर धीरे-धीरे कम होने लगता है, जिससे चिड़चिड़ापन, थकान और अवसाद जैसे लक्षण पैदा हो सकते हैं। इसे एंड्रोपॉज भी कहते हैं।

इसके अलावा क्रोनिक स्ट्रेस भी एक बड़ा कारण है। काम का दबाव, वित्तीय चिंताएं और पारिवारिक जिम्मेदारियां तनाव के स्तर को बढ़ाती हैं, जिससे मूड में बार-बार बदलाव आते हैं। नींद की कमी, खराब खान-पान, शराब का अधिक सेवन और सेडेंटरी लाइफस्टाइल भी इस समस्या को बढ़ा सकती है।

### लक्षणों को कैसे पहचानें?

पुरुषों में मूड स्विंग्स के लक्षण अक्सर महिलाओं की तुलना में अलग तरीके से प्रकट होते हैं। जहां महिलाओं में ज्यादातर उदासी या रोने की प्रवृत्ति दिख सकती है, वहीं पुरुषों में यह अक्सर चिड़चिड़ापन और अचानक गुस्सा आने के रूप में सामने आ सकता है। वे छोटी-छोटी बातों पर भड़क सकते हैं या आसानी से निराश हो सकते हैं।

अन्य प्रमुख लक्षणों में लगातार थकान और ऊर्जा की कमी महसूस कर सकते हैं, इतना ही नहीं उन गतिविधियों में भी रुचि लेना कम देते हैं जो उन्हें पहले पसंद थीं। इसके अलावा, नींद के पैटर्न में बदलाव देखने को मिलता है, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और भूख में बदलाव भी इसके संकेत हो सकते हैं। अगर किसी को ये लक्षण दिखते हैं तो उन्हें नजरअंदाज किए बगैर किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### क्या है इसका असर?

पुरुषों में मूड स्विंग्स की समस्या को गंभीरता से न लेने पर इसके कई नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। सबसे पहले, यह रिश्तों पर बुरा असर डालता है। बार-बार होने वाले गुस्से या चिड़चिड़े व्यवहार से परिवार, दोस्तों और पार्टनर के साथ संबंधों में तनाव आ सकता है। काम के प्रदर्शन पर भी इसका बुरा असर पड़ सकता है, क्योंकि ध्यान केंद्रित करने और निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाती है।

सबसे गंभीर बात यह है कि अनियंत्रित मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ापन अक्सर डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इसलिए, इस समस्या को अनदेखा करना बहुत हानिकारक हो सकता है। पुरुषों में मूड स्विंग्स को नियंत्रित करने के लिए कई प्रभावी तरीके हैं। सबसे पहले, जीवनशैली में बदलाव लाना जरूरी है।

एक संतुलित आहार लें, जिसमें ताजे फल, सब्जियां और ओमेगा-3 फैटी एसिड शामिल हों। नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करें, जिससे हार्मोन संतुलित होते हैं और तनाव कम होता है। पर्याप्त नींद लेना भी बहुत महत्वपूर्ण है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर समस्या बनी रहती है, तो किसी डॉक्टर या थेरेपिस्ट से सलाह लेने में न हिचकिचाएं।

# बच्चों को कैसे छुड़ाएं मोबाइल की लत? अपनाएं ये टिप्स

आज के डिजिटल युग में बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना हर माता-पिता के लिए बड़ी चुनौती



बन गया है। गेम, यूट्यूब, सोशल मीडिया ये सब बच्चों को इतना आकर्षित करते हैं कि वे बाहरी दुनिया से कटने लगते हैं। इससे न सिर्फ उनकी पढ़ाई और आंखों पर असर पड़ता है, बल्कि उनका सामाजिक विकास भी प्रभावित होता है।

अब बच्चे घर से बाहर खेलने नहीं जाना चाहते, बल्कि मोबाइल पर अपना अधिकतर वक्त बिताते हैं। आजकल का दौर तो ऐसा है कि एक साल का छोटा बच्चा मोबाइल पर वीडियो देखकर खाना खाता है, वरना रोता रहता है। वहीं 14 साल का किशोर बालक भी स्कूल से आकर मोबाइल में लग जाता है और गेम्स व यूट्यूब में घंटों बिता देता है।

मोबाइल फोन के इस्तेमाल की लत उनके सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास में बाधन बन सकती है। लेकिन चिंता की बात नहीं, क्योंकि कुछ छोटे-छोटे बदलाव और स्मार्ट ट्रिक्स से आप बच्चों की मोबाइल पर निर्भरता को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

### बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के असरदार तरीके

### स्क्रीन टाइम तय करें

मोबाइल की लत को कम करने के लिए बच्चों के स्क्रीन टाइम का रूल बनाएं। हर दिन के मोबाइल इस्तेमाल का एक समय तय कर दें ताकि बच्चा पूरा दिन मोबाइल न उपयोग करके सिर्फ उसी समय तक इस्तेमाल करे। इससे वह धीरे धीरे मोबाइल की लत से दूर हो जाएंगे।

### एक्टिविटीज में लगाएं

पेंटिंग, कहानियां, आउटडोर गेम्स और DIY प्रोजेक्ट्स से बच्चों का ध्यान मोबाइल से हटाएं। उन्हें इंटरैक्टिव एक्टिविटीज में व्यस्त करें ताकि वह मोबाइल का उपयोग करना कम कर दें।

### परिवार के साथ बिताएं क्वालिटी टाइम



बच्चों के साथ खेलें, बात करें और उन्हें ऐसा महसूस कराएं कि मोबाइल से ज्यादा मजा परिवार के साथ है। बच्चा जब बोर फील करता है या अकेलापन महसूस करता है तो मोबाइल का उपयोग करता है जो कि लत बन जाती है लेकिन जब उसे अपने आसपास या परिवार के बीच मजा आने लगेगा तो वह मोबाइल भूल परिवार के साथ वक्त बिताएगा।

### मोबाइल का विकल्प दें

बच्चा मोबाइल का उपयोग मनोरंजन के लिए या समय व्यतीत करने के लिए करता है। इस कारण को समझते हुए उन्हें मोबाइल के दूसरे विकल्प उपलब्ध कराएं। जैसे बच्चों के लिए पजल्स, बोर्ड गेम्स, किताबें और संगीत जैसे विकल्प रखें, जो बच्चों में जिज्ञासा को जगाएंगे और इससे मोबाइल की लत घटेगी।

### खुद बनें उदाहरण

कहावत है, बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं। ऐसे में अगर आप खुद दिनभर मोबाइल पर रहेंगे तो बच्चे भी यही करेंगे। इसलिए खुद भी लिमिटेड मोबाइल यूज करें। उनके लिए एक अच्छा उदाहरण पेश करें ताकि वह वैसी ही दिनचर्या अपनाएं, जैसी आपमें देखें।

# सावन में झूला झूलना सिर्फ मजा नहीं, सेहत का खजाना भी है

सावन यानी रिमझिम बूंदों का महीना! बादल, ठंडी हवाओं की लहरें, कोयल की कुहू-कुहू- सावन के ये नजारे मन में बस जाते हैं। तेज गर्मी और आंधी की उमस के बाद सावन की हल्की फुहारों से मिली ठंडक जिंदगी में एक नई ऊर्जा भर देती है। लेकिन इस दृश्य को आप शहरों में कैसे महसूस करेंगी? यहां तो हम खुद ही प्रकृति से दूर हो गए हैं।

### सावन को कितना जिया

जीवन की भागदौड़ में सावन कब आया, पता ही नहीं चलता। कुछ लोग कहते हैं कि सावन में अब वो बात नहीं! सच है, सावन में वो बात कहां, क्योंकि हम बदल गए हैं। मौसम तो आज भी वही है। याद है, सावन के महीने में जब काले-काले बादल उमड़-घुमड़ कर बरसते थे, तब गांवों में महिलाएं झूले डालकर कजरी गीत गाया करती थीं। पूरे महीने घर में उत्सव का माहौल रहता था। जिस तरह सावन में प्रकृति श्रृंगार रचती है, उसी तरह सावन में महिलाएं सोलह श्रृंगार से खुद को सजा



लेती थीं। एक समय था, जब मौसम पर आधारित गीतों से सभी ऋतुओं के बारे में जानकारी मिलती थी, मगर आज पुरानी परंपरा और उससे जुड़े गीत आधुनिक जमाने की चकाचौंध में खो गए हैं।

### झूले के ढेर सारे फायदे

चारों ओर हरियाली, ठंडी हवाओं के झोंके, कोयल की मीठी बोली, बारिश की फुहार और सखियों का साथ। फिर कैसे दिल मान सकता है सावन में बिना झूला झूले। यही तो मौसम है अपनी सखियों संग सावन के मधुर गीत गाकर आम के पेड़ पर पड़े झूले पर मस्ती करने का। हरियाली तीज हो या कजरी, त्योहार के बहाने सावन के महीने में झूला झूलने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। साल में एक बार होने वाले इस रोमांचक पल का इंतजार हर सुहागन को होता है। सावन में बगीचे में लगे झूले के प्रति मन में विशेष उल्लास होता था। हालांकि झूला झूलना मात्र आनंद नहीं, बल्कि इसके पीछे स्वास्थ्य लाभ भी हैं।

सावन मास में हवाएं अन्य महीनों की तुलना में अधिक शुद्ध होती हैं। ऐसे में बाहर की एक्टिविटीज श्वसन तंत्र के लिए सही होती हैं।

झूलते समय आंखें कभी खुलती हैं तो कभी बंद होती हैं। इस क्रम से आंखों का व्यायाम हो जाता है।

इसी तरह झूला झूलने से हमारे मन में हर्ष और उल्लास की वृद्धि होती है।

झूलते समय सांस अधिक भरी, रोकी और गति से छोड़ी जाती है, जो एक तरह का प्राणायाम है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं।

कुल मिलाकर, झूला उल्लास के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

# धनिया-मिर्च कभी नहीं खरीदनी पड़ेगी घर में ऐसे उगाएं और पैसा बचाएं



भारतीय रसोई में बनने वाले व्यजंन हरा धनिया और मिर्च के बिना अधूरे हैं। स्नैक्स से लेकर दाल, सब्जी तक हर किसी में मिर्च और धनिया स्वाद और रूप दोनों बढ़ाता है। ऐसे में जब भी लोग सब्जी की खरीदारी करते हैं तो सब्जियों में वैरायटी भले ही हो लेकिन हरा धनिया और मिर्च हर बार घर लेकर ही आते हैं। हालांकि अगर आप हर बार सब्जी बनाते समय बाजार से धनिया या मिर्च खरीदने के झंझट से बचना चाहते हैं तो कोई स्थाई उपाय अपना लें। घर पर खुद से धनिया और मिर्च उगाकर जब चाहें तब ताजी सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए न तो बहुत जगह चाहिए, ना ही बहुत खर्चा। ज्यादा देखभाल की भी जरूरत नहीं है, बस थोड़ी मेहनत और सही जानकारी से आप छत या बालकनी में गमले में ही अपनी हरी-भरी खेती कर सकते हैं।

### घर पर कैसे उगाएं धनिया-मिर्च?

### मिट्टी तैयार करें

धनिया और मिर्च दोनों के लिए ढीली, जैविक खाद युक्त मिट्टी जरूरी है। आप गमले या ग्रो बैग में कम्पोस्ट और मिट्टी को बराबर मात्रा में मिलाकर उपयोग करें।

### बीज और रोपण का सही तरीका

धनिया के बीज को थोड़ा कूटकर छह से आठ घंटे पानी में भिगो दें और फिर गमले में बो दें। मिर्च के लिए पुराने मिर्च के बीज भी उपयोग किए जा सकते हैं। बीजों को एक सेमी गहराई में मिट्टी में दबाएं।

### पानी देने का सही तरीका

धनिया को हर रोज हल्का पानी देना चाहि लेकिन ध्यान रखें पानी जमा न हो। वहीं मिर्च के पौधे को सप्ताह में दो से तीन बार पानी दें। बहुत अधिक पानी से पौधे सड़ सकते हैं।

### धूप और तापमान

धनिया को सुबह की हल्की धूप और ठंडी जलवायु पसंद है जबकि मिर्च को छह-सात घंटे की तेज धूप की जरूरत होती है। इन्हें ऐसी जगह रखें जहां हवा और रोशनी भरपूर मिले।

### देखभाल और कटाई

हरा धनिया का पौधा 30 से 35 दिन में कटाने योग्य हो जाता है। जैसे ही बीज से पत्तियां आने लगें, आप इन्हें तोड़कर उपयोग में ला सकते हैं। मिर्ची के पौधों को उगने और उसमें फल आने में 60-70 दिन का समय लग जाता है। इस दौरान समय-समय पर सूखे पत्ते और खरपतवार हटाते रहें।

# सूखे पौधों में नई जान डालेगा रसोई का कचरा

अगर आपके घर के पौधे मुरझा रहे हैं, पत्तियां पीली हो रही हैं या बिल्कुल सूखने की कगार पर हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। महंगे फर्टिलाइज़र नहीं, बल्कि आपकी रसोई ही उन्हें नई जिंदगी दे सकती है। केले के छिलके, चायपत्ती, छाछ, प्याज के छिलके और दाल का पानी आदि रसोई घर से रोज कचरे के तौर पर निकलने वाली ये चीजें नेचुरल टॉनिक की तरह पौधों पर काम करते हैं।

इनका उपयोग सही तरीके से करके घर पर ही पौधों के लिए नेचुरल खाद बना सकते हैं, जिससे मुरझा रहे पौधे एक बार फिर खिल उठेंगे। आइए जानते हैं रसोई घर के किन कचरों का उपयोग खाद की तरह किया जा सकता है और कैसे।

### केले का छिलका

केले का छिलका फेंकने की गलती न करें। ये प्राकृतिक पोटैशियम सप्लीमेंट है। केले के छिलकों में भरपूर पोटैशियम और फॉस्फोरस होता है, जो पौधों की जड़ों को मजबूत करता है और फूलों को खिलने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल के लिए छिलकों को छोटे टुकड़ों में काटें और मिट्टी में मिला दें। चाहें तो एक लीटर पानी में रातभर भिगोकर उसी पानी से पौधों को सींच सकते हैं।

### इस्तेमाल की हुई चायपत्ती

भारतीय घरों की रसोई में दिन में कम से कम दो बार चाय तो जरूर बनती है। चाय बनने के बाद इस्तेमाल हुई चायपत्ती से



खाद बना सकते हैं। यह मिट्टी के लिए मल्टीविटामिन के गुण रखती है। बची हुई चायपत्ती पौधों के लिए एक बढ़िया ऑर्गेनिक खाद है। ये मिट्टी की क्वालिटी सुधारती है और फंगल इंफेक्शन से बचाती है। इस्तेमाल करने के लिए चायपत्ती को धोकर सूखा लें और सीधे मिट्टी में मिलाएं या खाद में डालें।

### छाछ

छाछ बैक्टीरिया से लड़ने वाली टॉनिक है। छाछ में मौजूद लैक्टिक एसिड पौधों की जड़ों को फंगल इंफेक्शन से बचाता है और मिट्टी के pH को बैलेंस करता है। एक भाग छाछ को तीन भाग पानी में मिलाकर पौधों पर स्प्रे करें या जड़ों में डालें।

### प्याज के छिलके

माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर प्याज के छिलकों में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम होता है, जो पौधों की वृद्धि में मदद करता है। प्याज के छिलकों को पानी में रातभर भिगोकर छान लें और उससे पौधों को पानी दें।

### दाल या सब्जियों का बचा पानी

उबली दाल या सब्जियों का पानी जिसमें नमक न हो, पौधों के लिए फ्री में मल्टीविटामिन की तरह है। यह पौष्टिक और वेस्ट फ्री होता है, इसका उपयोग करना चाहते हैं तो जब भी दाल या सब्जी उबालें, पानी फेंकने के बजाय ठंडा करके पौधों को दें।

# सीजीएमएससी घोटाला में ईडी ने 40 करोड़ की संपत्ति सीज की

## इसमें 2 लग्जरी कार, बैंक खातों के पैसे शामिल, मोक्षित-कॉर्पोरेशन के डायरेक्ट और उनके करीबियों पर एक्शन

रायपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सीजीएमएससी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने मोक्षित कंपनी के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा, उनके परिजनों और उनकी व्यवसायिक संस्थाओं की 40 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें 2 लग्जरी कार, बैंक खातों में बाकी राशि फिक्स्ड डिपॉजिट और डिमैट खातों में शेयर की राशि शामिल है।

दरअसल, 30-31 जुलाई को ईडी ने छापेमारी कंपनी के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा, उनसे जुड़े अन्य सहयोगियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ अधिकारियों के आवासीय और कार्यालय परिसर समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। जिसके बाद संपत्ति को सीज किया गया है।

ईडी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दो लग्जरी कार की फोटो शेयर कर बताया कि, दो दिन कार्रवाई के दौरान ईडी को




कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइसेज और क्राइम की कमाई से संबंधित संपत्तियों के प्रमाण मिले हैं।

छापेमारी के दौरान 40 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त-फ्रीज़ की गई है।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, छापे के दौरान बरामद डिजिटल डिवाइसेज़ (लैपटॉप, मोबाइल, हार्ड ड्राइव आदि) और दस्तावेजों से घोटाले की पूरी पैसों के लेन-देन, फर्जी बिलिंग और फंड डायवर्जन की जानकारी मिली है। इनकी फोरेंसिक जांच जारी है।

दरअसल, दिसंबर 2024 में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने दिल्ली में पीएमओ, केंद्रीय गृहमंत्री कार्यालय, सीबीआई और ईडी मुख्यालय जाकर सीजीएमएससी में घोटाले की शिकायत की थी। ननकीराम कंवर की शिकायत के बाद केंद्र से ईओडब्ल्यू को निर्देश मिला। इसके बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने 5 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की।

छत्तीसगढ़ सीजीएमएससी घोटाले में अधिकारियों और कारोबारियों ने सरकार को 411 करोड़ रुपए का कर्जदार बना दिया है। आईएएस, आइएएफ समेत अफसरों ने मिलीभगत कर सिर्फ 27 दिनों में 750 करोड़ रुपए की खरीदी कर ली।

सीजीएमएससी के अधिकारी, मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉर्ड्स एवं मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज और सीबी कार्पोरेशन ने 8 रुपए में मिलने वाला इडीटीए ट्यूब 2,352 रुपए और 5 लाख वाली सीबीएस मशीन 17 लाख में खरीदी। मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने 300 करोड़ रुपए के रीएजेंट भी खरीदे।

# 734 कार्टून में 6588 लीटर शराब बरामद

## मार्केट में कीमत 51 लाख, मुखबिर की सूचना पर नशे के खिलाफ एक्शन

जशपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अवैध तरीके से छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए लाई गई शराब को जशपुर पुलिस ने पकड़ा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, शराब पंजाब से आई थी। उसे झारखंड के रास्ते छत्तीसगढ़ में सप्लाई करना था।

पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि बड़ी मात्रा में अवैध शराब छत्तीसगढ़ आ रही है जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की।

**51 लाख रुपये की पकड़ी गई शराब**

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 51लाख रुपये है। शराब को पंजाब के चंडीगढ़ से रांची होते हुए जशपुर के रास्ते ट्रक में भरकर लाया जाया जा रहा था।



जिसे सिटी कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर घर दबोचा हैं। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर चीमा राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस को मुखबिर से मिली थी सूचना**

एएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन चलाकर शराब तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

जशपुर पुलिस की सूत्रों से जानकारी मिली कि यूपी पासिंग गाड़ी नम्बर में पंजाब के चंडीगढ़ से जशपुर के रास्ते झारखंड रांची शराब का बड़ा खेप ट्रक में भरकर तस्करी करते ले जाया जा रहा था। जिसे घेराबंदी कर नेशनल हाइवे 43 आगडीह के पास ट्रक को रोका गया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान ट्रक से 734 कार्टून में 6588 लीटर शराब बरामद हुई है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 51 लाख रुपये है।

उन्होंने बताया कि आरोपी ड्राइवर चीमा राम राजस्थान का रहने वाला है। उसे आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

रायपुर में भी हुई थी कार्रवाई

इससे पहले सोमवार को रायरपुर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया था। ड्रग्स तस्करों के पास से हेराइन बरामद हुई थी जिसका मार्केट में कीमत करीब 1 करोड़ थी। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी।

# भूपेश के बेटे चैतन्य ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

## ईडी की गिरफ्तारी को बताया असंवैधानिक, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया था इनकार



बिलासपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उनके वकील हर्षवर्धन परगनिया ने यह याचिका लगाई है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई से इनकार करते हुए पहले हाईकोर्ट में केस लगाने कहा था।

दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉनड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है। जिसके बाद चैतन्य बघेल को भिलाई से गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं।

शराब घोटाले से मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया। ब्लैक मनी को वाइट करने के लिए फर्जी निवेश दिखाए और सिंडिकेट के साथ मिलकर 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई।

बता दें कि, सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली थी। ईडी के मामलों को लेकर लगाई अग्रिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका को सुनने से इनकार कर दिया, वहीं दूसरी याचिका पर सुनवाई 6 अगस्त को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि दोनों ने एक ही याचिका में पीएमएलए के कई सेक्शन को चुनौती देने के साथ-साथ जमानत जैसी व्यक्तिगत राहत की मांग भी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'जब किसी मामले में कोई प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होता है, तो वो सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करता है।

यदि हम ही सब केस सुनेंगे तो बाकी अदालतें किस लिए हैं। अगर ऐसा ही होता रहा तो फिर आम आदमी कहां जाएंगे। एक साधारण आदमी और वकील के पास पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट में कोई स्पेस ही नहीं बचेगा।'

# 4 किमी पैदल चली गर्भवती महिला, रास्ते में हुई डिलीवरी

बलरामपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बलरामपुर जिले के सोनहत के पंडो पारा गांव में सड़क नहीं होने से गर्भवती महिला को 4 किमी पैदल चलना पड़ा। जिस कारण रास्ते में ही उसकी डिलीवरी हो गई। फिर बाइक पर बैठाकर 15 किमी दूर रघु-नाथनगर अस्पताल ले गए। जहां दोनों को भर्ती कराया गया है। दरअसल, महिला के गांव तक पहुंचने के लिए सड़क ही नहीं है। रास्ते में नाले हैं, जिसमें पुल नहीं है। इस कारण गर्भवती महिला को लेने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस घर तक नहीं पहुंच सकी। मामला वाड्रफनगर ब्लॉक का है।

जानकारी के मुताबिक, वाड्रफनगर के दूरस्थ क्षेत्र सोनहत की निवासी पंडो महिला मानकुंवर (28) प्रेग्नेंट थी। उसे प्रसव पीड़ा का एहसास होने पर पति केश्वर पंडो और परिजनों ने एम्बुलेंस को कॉल किया। एक एम्बुलेंस बलरामपुर और दूसरे एम्बुलेंस के दूर होने के कारण तत्काल एम्बुलेंस नहीं मिल सकी।

# राहुल गांधी की चाईबासा कोर्ट में पेशी आज

## अमित शाह के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, पहले 26 जून को पेश होने का था आदेश

चाईबासा, 5 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 6 अगस्त को चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना होगा। झारखंड हाईकोर्ट ने यह निर्देश उस मामले में दिया है, जिसमें राहुल गांधी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

यह मामला वर्ष 2018 का है, जब राहुल गांधी ने चाईबासा में एक चुनावी रैली के दौरान भाजपा नेताओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इस मामले की सुनवाई विशेष एमपी-एमएलए अदालत में हो



रही है। राहुल गांधी ने 2 जून को विशेष अदालत के समन आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने उन्हें 26 जून को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन उनके अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि राहुल गांधी निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं हो सकेंगे।

इसके बाद उनकी ओर से कोर्ट से 6 जून के बाद की कोई नई तारीख निर्धारित करने का अनुरोध किया गया। अदालत ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए अब 6 अगस्त को पेश होने का अंतिम अवसर दिया है।

इस मामले में लंबे समय से सुनवाई चल रही है। 20 फरवरी 2020 को झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश पर चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट से इस केस को रांची के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर किया गया। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने इसी साल राहुल गांधी को समन भेजा, लेकिन वे कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। फिर उन्हें स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट से जमानती वारंट जारी किया गया। इसमें भी वह अदालत में पेश नहीं हुए, इसके बदले उनके वकील ने झारखंड हाईकोर्ट में वारंट रोकने के लिए अर्जी दायर की, जिसे कोर्ट ने डिस्पोजल कर दिया था।

# जमशेदपुर में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, महिला से 14 ग्राम सोने की चेन लूटी

जमशेदपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र में एक बार फिर चेन स्नैचर्स ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। वृंदावन गार्डन अपार्टमेंट के मुख्य गेट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला से सोने की चेन छीन ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

पीड़िता मीरा नारायण वृंदावन गार्डन अपार्टमेंट की निवासी हैं। वह सब्जी खरीदने के बाद बाजार से वापस लौट रही थीं। तभी यह वारदात हुई।

दोनों आरोपी एक बाइक पर सवार थे और हेलमेट पहने हुए थे। इससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। आरोपियों ने पहले वृंदावन गार्डन के गेट के पास पहुंचकर आसपास का मुआयना किया। फिर वापस लौटकर महिला की ओर बढ़े।

# 48 घंटे में 2 ग्रामीण आईईडी की चपेट में आए

## नहाने गया था युवक, ब्लास्ट से दोनों हथेली में आई गंभीर चोटें

बीजापुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को टारगेट करने के लिए नक्सलियों की तरफ से लगाए गए आईईडी बम ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो ग्रामीण इन विस्फोटकों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

दरअसल, बीजापुर जिले के ईलमिडी निवासी प्रमोद ककेम मंगलवार सुबह ब्लास्ट की चपेट में आ गया। इससे पहले सोमवार को कांकेर के स्कूलपारा निवासी कमलू, जो जंगल में पशु चराने गया था, आईईडी विस्फोट में



घायल हुआ था।

रविवार सुबह करीब 8 बजे प्रमोद ककेम (24) अपने रिश्तेदार के घर ग्राम गुंजेपर्ती (उसूर थाना क्षेत्र) आया था। वो पास के नाले में नहाने गया, तभी नक्सलियों का प्लांट प्रेशर आईईडी ब्लास्ट हो गया। विस्फोट में प्रमोद के दोनों हाथों की हथेली में गंभीर चोटें आई हैं।

इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उसे उठाकर प्राथमिक इलाज दिलवाया, फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस की अपील- जंगलों में रहें सतर्क

पुलिस ने एक बार फिर आम जनता से अपील की है कि, जंगलों या संवेदनशील इलाकों में आवागमन के दौरान सतर्कता बरतें। कोई संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि दिखे तो तत्काल निकटतम थाना या सुरक्षाबल कैंप को सूचित करें।

बस्तर संभाग के छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर क्षेत्र में नक्सलियों ने बड़ी संख्या में आईईडी बिछा रखे हैं।

इनका मकसद सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन अब इसकी चपेट में बेगुनाह ग्रामीण भी आ रहे हैं। लगातार हो रहे इस तरह के हादसे से इलाके में दहशत का माहौल है।

# बीजेपी सरकार के फैसले से भगवान राम से जुड़ी धरोहर पर खतरा

## रामगढ़ पर्वत और लेमरू प्रोजेक्ट पर बड़ा खुलासा

अंबिकापुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ सरकार पर केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को अनुमति देने के लिए आंकड़ों में हेरफेर का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि यह कदम सरगुजा की सांस्कृतिक धरोहर रामगढ़ पर्वत और लेमरू हाथी प्रोजेक्ट के लिए खतरा बन गया है।

**कॉरपोरेट हितों को रखा गया ध्यान**

टीएस सिंहदेव ने आरोप लगाया कि सरकार ने कॉरपोरेट हितों और पूंजीपतियों के फायदे के लिए प्रकृति, आदिवासी जीवन और सांस्कृतिक विरासत को दांव पर लगा दिया। सिंहदेव ने बताया कि 2020-21 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वन विभाग के सर्वे के आधार पर पाया था कि रामगढ़ पर्वत केंटे एक्सटेंशन कोल माइंस के 10 किमी दायरे में आता है।

इस खदान से ऐतिहासिक धरोहर को गंभीर नुकसान और लेमरू हाथी अभ्यारण्य के हाथियों को पलायन करना पड़ेगा, जिससे मानव-हाथी संघर्ष बढ़ेगा। इसके अलावा, खदान के लिए 4 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे, जिसे कांग्रेस सरकार ने एनओसी देने से इंकार कर दिया था।

**भगवान राम से जुड़ी धरोहरों का होगा नुकसान**

टीएस सिंहदेव ने कहा कि वर्तमान सरकार, राजस्थान सरकार की आड़ में आंकड़ों में हेरफेर कर रामगढ़ पर्वत को



खदान से 11 किमी दूर बताकर प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी। सिंहदेव ने कहा कि खदान शुरू होने से प्रभु श्रीराम और सीतामाता से जुड़ी सीता बेंगरा, जोगीमारा गुफा और प्राचीन नाट्यशाला पर खतरा मंडराएगा। पहले से मौजूद दो खदानों के कारण रामगढ़ पर्वत में दरारें पड़ चुकी हैं और नई खदान स्थिति को और गंभीर कर देगी।

**आंदोलन की चेतावनी**

टीएस सिंहदेव ने कहा, खदान की अनुमति तत्काल रद्द हो, वरना हम रामगढ़ पर्वत की अडिग चट्टानों की तरह संघर्ष करेंगे। बहरहाल उनके इस बयान ने सरगुजा में खदान के खिलाफ आंदोलन की सुगबुगाहट तेज कर दी है।

टीएस सिंहदेव ने वीडियो जारी करते हुए कहा- हसदेव अरण्य छत्तीसगढ़ की अमूल्य संपत्ति है - रामगढ़ पहाड़ सरगुजा, छत्तीसगढ़ और भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जनआस्था की एक अनमोल धरोहर है। पूंजीपतियों के स्वार्थ के लिए हम इन्हें किसी भी हालत में नष्ट नहीं होने देंगे।

सरकार इस फैसले को तुरंत वापस ले, अन्यथा जनमानस के साथ मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे और सरकार को इसे रोकने पर मजबूर करेंगे।

# खुखड़ी चुनने गईं मां बेटी और नातिन की मौत

## पहाड़ी नदी पार करते समय गहरे पानी में डूबीं, दो दिन बाद मिले शव

पलामू, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। रविवार को जंगली सब्जी खुखड़ी चुनने गई एक महिला, उसकी बेटी और नातिन की पहाड़ी नदी पार करते समय डूबने से मौत हो गई। तीनों का शव मंगलवार को बरामद किया गया।

मृतकों में बटउआ गांव की 52 वर्षीय शांति कुंवर, 14 वर्षीय अंजलि कुमारी और 7 वर्षीय काजल कुमारी शामिल हैं। तीनों एक ही परिवार से थीं। अंजलि और काजल शांति की बेटी और नातिन थीं।

परिजनों के अनुसार, तीनों जंगल से खुखड़ी चुनकर लौट रही थीं। इस दौरान उन्हें पहाड़ी नदी पार करना था। भारी बारिश के कारण नदी में पानी का बहाव तेज हो गया था। तीनों नदी से बहकर गौराहा डैम तक पहुंच गईं, जहां उनकी डूबकर मौत हो गई।

घटना इतनी सुनसान जगह पर हुई कि किसी को इसकी जानकारी नहीं मिली। जब तीनों लंबे समय तक घर नहीं लौटीं, तब परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की।

मंगलवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर गोताखोरों की मदद से गौराहा डैम से तीनों के शव निकाले गए।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से पूरे इलाके में शोक छा गया है। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है।

पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। ग्रामीणों ने जंगल और डैम जैसे इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद होने से गुस्से में कांग्रेस



रायपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। कांग्रेस ने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 6 अगस्त को जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता एवं 7 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

**बिजली बिल छूट का लाभ नहीं मिलेगा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था।

# बदल रहा है बस्तर मिट रही नक्सलवाद की छवि

## डेढ़ साल में 130 स्वास्थ्य संस्थानों को मिली बड़ी उपलब्धि

रायपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान बस्तर क्षेत्र के 130 स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त हुआ है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक जनवरी 2024 से 16 जून 2025 तक केवल बस्तर संभाग में ही कुल 130 स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्यूएएस के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जिनमें एक जिला अस्पताल, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 113 उप-स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 65 अन्य संस्थाओं का प्रमाणीकरण कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों कांकेर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के 14 संस्थानों को भी गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पत्नी ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर पति को मार-डाला

## 2 बच्चों की मां को मैकेनिक से हुआ प्यार, शराब पिलाई, फिर तकिए से मुंह दबाकर हत्या

गरियाबंद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में 2 बच्चों की मां ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मार डाला। पत्नी का गांव के मैकेनिक युवक से अफेयर था। पति ने दोनों को पहले भी घर पर रंगे हाथों पकड़ा था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। इसलिए पति को रास्ते से हटाकर पत्नी प्रेमी संग घर बसाना चाहती थी।

पति की युवक से भी अच्छी जान-पहचान थी। साजिश के तहत 25 जुलाई की रात प्रेमी ने पहले पति को खूब शराब पिलाई। जब वह होश में नहीं रहा तो उसे घर छोड़ने आया। फिर पत्नी और प्रेमी ने मिलकर तकिए से उसका दम घुटते तक मुंह दबाए रखा, जिससे उसकी जान चली गई। मामला पाण्डुका थाना क्षेत्र का है।

वारदात के बाद बॉयफ्रेंड चला गया और पत्नी रात भर पति की लाश के पास सोई रही। सुबह घरवालों के सामने रोने का नाटक करने लगी। उसने बताया कि ज्यादा शराब पीने से पति की मौत हो गई। परिवार वालों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन दशगात्र से पहले ससुर को शक होने पर वह थाने पहुंचा। तब मामले का खुलासा हुआ।

कोपरा के रहने वाले चुम्मन साहू (35) और प्रतिमा साहू (30) की शादी को 4 साल हो गए थे। उनके 2 बच्चे हैं। 1 साल की बेटी, 2 साल का बेटा है। चुम्मन किसान परिवार से था, लेकिन वह बेरोजगार था।

इसी गांव का रहने वाला दौलत पटेल (32) पेशे से मैकेनिक है। वह बिजली के काम से चुम्मन के घर आया करता था। डेढ़ साल पहले दौलत और चुम्मन की पत्नी का अफेयर शुरू हो गया। दोनों घर में कई बार रंगे हाथ पकड़ाए। पति ने प्रतिमा की पिटाई की थी। इसके बाद से वह पत्नी से अक्सर मारपीट करता था। घर वालों को भी इसकी जानकारी थी।

पूछताछ में पत्नी ने बताया कि वह अफेयर के बाद पति की मारपीट से परेशान पत्नी। प्रेमी के साथ घर बसाना चाहती थी। घटना वाली रात दोनों ने मोबाइल पर मर्डर की पूरी प्लानिंग की थी।

पत्नी और बॉयफ्रेंड को पता था कि चुम्मन शराब का आदी है। 25 जुलाई की रात दौलत चुम्मन से मिला। उससे साथ बैठकर शराब पीने की बात कही। इस दौरान दौलत ने चुम्मन को इतनी शराब पिलाई कि वह होश में नहीं रहा।

जब चुम्मन घर लौटा तो दौलत भी उसके साथ आया। पति के सोते ही प्रतिमा और दौलत ने तकिए से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद प्रतिमा सुबह तक मृत पति के साथ बिस्तर पर सोती रही।

सुबह होने से पहले प्रतिमा ने परिवार वालों को जगाया। उसने बताया कि ज्यादा शराब पीने की वजह से चुम्मन की मौत गई।

# भारत और फिलीपींस के अभ्यास से भड़का चीन

## चीनी सेना के कमांड ने कहा कि फिलीपींस 'संयुक्त गश्त' के नाम पर एक बाहरी देश को दक्षिण चीन सागर में हस्तक्षेप के लिए उकसा रहा है

बीजिंग, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और फिलीपींस की नौसेना के दक्षिण चीन सागर में नौसैनिक अभ्यास से चीनी सेना बौखला गई है। लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करने वाली चीनी सेना कहा है कि फिलीपींस के इस कदम ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर किया है। चीनी सेना पीएलए के दक्षिणी थिएटर कमांड ने कहा कि फिलीपींस 'संयुक्त गश्त' के नाम पर एक बाहरी देश को दक्षिण चीन सागर में हस्तक्षेप के लिए उकसा रहा है। चीनी सेना ने कहा कि वह पूरी तरह से सतर्क है। साथ ही राष्ट्रीय क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों तथा हितों की दृढ़ता से रक्षा कर रही है। उसने यह भी कहा कि दक्षिण चीन सागर में बाधा पैदा करने वाली हर तरह की सैन्य गतिविधियां और शोर मचाने का प्रयास पूरी तरह से कंट्रोल में है।

चीनी सेना ने कहा कि वह हाई अलर्ट पर हैं और राष्ट्रीय क्षेत्रीय संप्रभुता तथा समुद्री अधिकारों एवं हितों की पूरी ताकत से रक्षा करेगी। भारतीय नौसेना पहली बार दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन्स के साथ अभ्यास कर रही है। फिलीपींस की सेना के प्रमुख रोमियो ने कहा है कि यह



नौसैनिक अभ्यास उनके विशेष आर्थिक क्षेत्र में हो रहा है। चीन इस पूरे अभ्यास पर नजर रखे हुए है। इससे पहले भी फिलीपींस की नौसेना के विदेशी सेनाओं के साथ अभ्यास पर भी चीन ने नजर रखी थी। भारत की ओर से गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रायर आईएनएस दिल्ली, टैंकर आईएनएस शक्ति, कोरवेत्ती आईएनएस किल्टन इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं।

**भारत के दौरे पर पहुंचे फिलीपींस के राष्ट्रपति**

इस बीच फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर भारत के दौरे पर पहुंचे हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह राजकीय यात्रा भारत और फिलीपींस के बीच बढ़ती साझेदारी की पुष्टि करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर फिलीपींस के राष्ट्रपति सोमवार को भारत की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, मार्कोस ने कहा, 'यह यात्रा उस गठबंधन और साझेदारी की दोबारा पुष्टि है जिसे हम मजबूत कर रहे हैं। पहले हमें एशिया-प्रशांत क्षेत्र कहा जाता था, अब हमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहा जाता है, जो राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था की वैश्विक प्रकृति के कारण उस समझ का सही विकास है।'

मार्कोस ने आगे कहा, 'हम यहां (भारत और फिलीपींस) जो पहले से मौजूद है, उसे और बेहतर बनाने के लिए और निश्चित रूप से उन अनेक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आए हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में नई तकनीकों और वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा हमारे आसपास की भू-राजनीति में बदलती स्थिति के कारण उत्पन्न हुए हैं।' विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनकी यात्रा भारत और फिलीपींस के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, फिलीपींस के राष्ट्रपति आर. मार्कोस का भारत की पहली राजकीय यात्रा पर गार्ड ऑफ ऑनर और औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गर्मजोशी से स्वागत किया।

# इमरान खान की गिरफ्तारी के दो साल पूरे

### देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी पीटीआई, रावलपिंडी में धारा 144 लागू



इस्लामाबाद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के आज दो साल पूरे हो गए हैं। जियो न्यूज के मुताबिक इस मौके पर इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। एहतियातन रावलपिंडी जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 अगस्त से 10 अगस्त तक धारा 144 लागू कर दी है। चार से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, रैली, धरना या प्रदर्शन पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

इमरान खान रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई समर्थकों ने जेल के बाहर प्रदर्शन की योजना बनाई है। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की है।

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला, चुनाव में हार के बाद तख्तापलट की साजिश करने का आरोप

ब्रासीलिया, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रची। कोर्ट ने कहा कि बोल्सोनारो ने पहले से लगाए गए एहतियाती प्रतिबंधों का उल्लंघन किया है।

इस मामले की निगरानी कर रहे न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डि मोरायस ने कहा कि बोल्सोनारो ने अपने तीन सांसद बेटों के जरिए सार्वजनिक संदेश भेजे, जो कि प्रतिबंधों का उल्लंघन है।

बोल्सोनारो ने रविवार को रियो डी जेनेरियो में उनके समर्थकों की एक रैली को अपने बेटे के फोन से संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा, गुड आफ्टरनून कोपाकबाना, गुड आफ्टरनून माय ब्राजील, यह हमारी आजादी के लिए है।

**क्या है तख्तापलट की साजिश का मामला?**

ब्राजील के सरकारी वकीलों का



आरोप है कि बोल्सोनारो ने चुनाव हारने के बाद सत्ता को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पर हमले की साजिश रची, राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और जज डि मोरायस की हत्या की योजना बनाई। सैन्य तख्तापलट के जरिए चुनाव परिणाम पलटने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही उन्हें रात के समय बाहर निकलने पर रोक लगा दी थी और एंकल मॉनिटर पहनने का आदेश दिया था।

**ट्रम्प ने कोर्ट के फैसले को बदले की कार्रवाई बताया**

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोल्सोनारो पर कोर्ट के फैसले को बदले की कार्रवाई बताया है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध कहा है। इसके पहले अमेरिका ने ब्राजील से आयात होने वाले सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था।

ट्रम्प के इस कदम के बाद ब्राजील में इससे राष्ट्रवादी माहौल गरमा गया है। सभी राजनीतिक दलों ने इसका तीखा विरोध किया है।

दूसरी तरफ बोल्सोनारो के बेटे फ्लावियो ने कोर्ट पर तानाशाही का आरोप लगाया और कहा कि ब्राजील अब आधिकारिक रूप से एक तानाशाही है। उन्होंने इंस्टाग्राम से बोल्सोनारो का संदेश वीडियो भी डिलीट कर दिया।

# भारत पर बांग्लादेश की सीमा से होगा हमला?

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख की नापाक रणनीति का प्रवक्ता ने किया खुलासा, बड़ा खतरा




इस्लामाबाद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सेना ने भारत को एक से ज्यादा मोर्चों पर घेरने की रणनीति बनाने के संकेत दिए हैं। पाकिस्तानी आर्मी बांग्लादेश की जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर सकती है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर भारत के खिलाफ अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहे हैं। इसमें पाकिस्तान अपने बजाय बांग्लादेश के बॉर्डर से भारत में हलचल पैदा करने की कोशिश करेगा। पाक आर्मी की बांग्लादेश को अपना मोहरा बनाने के संकेत और ढाका की मौजूदा युनूस सरकार का भारत विरोधी रुख दिल्ली की चिंता को बढ़ाता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने द इकोनॉमिस्ट से इंटरव्यू में कहा है कि भविष्य के किसी भी संघर्ष में हम पूर्व से शुरुआत करेंगे। भारत के खिलाफ पूर्व से शुरुआत करने का मतलब है कि पाकिस्तानी आर्मी बांग्लादेश को ठिकाना बनाते हुए भारत पर हमला करेगी। इस टिप्पणी से पाक के भारत के खिलाफ एक नया मोर्चा खोलने के इरादे को समझा जा सकता है।

भारत ने भविष्य में पकिस्तान पर हमला किया तो इस्लामाबाद इसकी क्या प्रतिक्रिया देगा। इस सवाल पर चौधरी ने कहा कि हम पूर्व से शुरुआत करेंगे। भारत को यह समझना होगा कि उन पर हर जगह हमला हो सकता है।' उन्होंने संकेत दिया कि बांग्लादेश में बीते साल आई मोहम्मद यूनुस सरकार के साथ संबंधों का फायदा पाकिुस्तान को मिल सकता है।

मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान के प्रति नरम रुख का संकेत दिया है। उन्होंने पाकिस्तान की खुफिया सेवाओं के साथ संबंधों को फिर से सक्रिय किया है।

# कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग, तीन लोग घायल

कैलिफोर्निया, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य कैलिफोर्निया के लॉस पैड्रेस राष्ट्रीय वन में भीषण आग फैल गई है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने से सैकड़ों घरों को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के दौरान अब तक कम से कम तीन लोग घायल हो गए हैं। सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को मिली जानकारी के अनुसार, गिफोर्ड आग सांता बारबरा और सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी के 259 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में फैल चुकी है। हालांकि, अभी तक इस पर सिर्फ तीन फीसदी ही नियंत्रण पाया जा सका है। यह आग शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को सांता मारिया और बेकर्सफील्ड के बीच स्टेट रूट 166 पर लगी कई छोटी आग से शुरू हुई थी।

# जम्मू को राज्य बनाया जाएगा

## कश्मीर बना रहेगा यूनियन टेरेटरी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बड़ा दावा

इस्लामाबाद, 5 अगस्त(एजेंसियां)। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने जम्मू कश्मीर को लेकर नया दावा किया है। डार ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर को बांटने जा रही है। मोदी सरकार जम्मू को राज्य का दर्जा देने की योजना बना रही है। वहीं कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश ही बनाए रखा जाएगा। मंगलवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में बोलते हुए डार ने यह बात कही। डार ने कहा कि इस संबंध में अगले कुछ दिनों में ऐलान किया जा सकता है।

भारत सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को एक अहम फैसले में आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी करते हुए जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था। सरकार ने जम्मू और कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया था। इसके बाद से



लगातार जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग हो रही है। इसी बीच डार का ये बयान सामने आया है।

एक्सपर्ट पाकिस्तान के मंत्री डार के बयान को जम्मू और कश्मीर को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश की तरह देख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि डार की इसके पीछे सोची समझी साजिश है। वह यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत की सरकार जम्मू के साथ है क्योंकि वहां हिन्दू ज्यादा हैं। दूसरी ओर कश्मीर के मुस्लिमों को वह राज्य का दर्जा नहीं देना चाहती। यह उनकी बंटवारे की कोशिश है।

पाकिस्तानी मीडिया ने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति के साथ बैठके की हैं। इसने इस अटकल को हवा दी है कि भारत सरकार जम्मू कश्मीर को लेकर अहम फैसला कर सकती है।

इसके अलावा भारत के सुप्रीम कोर्ट नें भी जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई हो रही है।

**कश्मीर पर बयान देते रहे हैं पाक नेता**

पाकिस्तान की ओर से कश्मीर का मुद्दा घरेलू मंचों से इंटरनेशनल फोरम तक लगातार उठाया जाता रहा है। खासतौर से 5 अगस्त, 2019 के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट साफ दिखी है। डार ने भी मंगलवार को एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगों को राजनयिक समर्थन देता रहेगा।

डार ने कहा कि कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादित मुद्दा माना गया है। ऐसे में भारत को इस क्षेत्र में बदलाव की कोशिश नहीं करना चाहिए। डार ने यह भी कहा कि पाकिस्तान पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों की इच्छा रखता है। वह टकराव की बजाय बातचीत को प्राथमिकता देता है।

# ब्रह्मोस मिसाइलों की मार से कराह रहा पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस

## फिर बढ़ाई खोलने की तारीख, नहीं हो पा रही मरम्मत

इस्लामाबाद, 5 अगस्त(एजेंसियां)। पाकिस्तान ने रहीम यार खान एयरबेस को फिर से खोलने की तारीख बढ़ा दी है। पाक आर्मी ने रणनीतिक रूप से अहम अपने इस एयरबेस को 15 अगस्त तक बंद रखने का फैसला लिया है। इसे बंद रखने की वजह भारतीय मिसाइल हमलों के बाद यहां पुरानी स्थिति बहाल ना हो पाना है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस एयरबेस को भारतीय सेना ने निशाना बनाया था। इससे यहां काफी ज्यादा नुकसान हुआ और इसके कई हिस्सों को बंद कर दिया गया। करीब तीन महीने बाद भी इसे फिर से नहीं खोला जा सका है।

पाकिस्तान ने इससे पहले एक एनओटीएएम (एयरमैन नोटिस) जारी कर एयरबेस को 5 अगस्त तक बंद रखने की बात कही थी। सैटेलाइट इमेजरी एक्सपर्ट डेमियन साइमन ने एक्स पर बताया है कि नूर खान एयरबेस का एकमात्र रनवे 15 अगस्त तक बंद रहेगा। इस रनवे को भारतीय ब्रह्मोस मिसाइलों ने निशाना बनाया था, इससे यह क्षतिग्रस्त हो गया था। रावलपिंडी शहर स्थित पाकिस्तानी सेना का यह ठिकाना बेहद मबहत्वपूर्ण है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बंद

पकिस्तान के साथ चार दिवसीय संघर्ष के दौरान भारत ने 10 मई को रहीम यार खान बेस पर मिसाइल दागी थी। इस हमले से एयरबेस के एकमात्र रनवे के बीच में गड्ढा बन गया था। 19



फीट चौड़े इस गड्ढे की वजह से यहां उड़ाने रोकनी पड़ीं। सैटेलाइट तस्वीरों में भी दिखा कि एयरबेस के हैंगर और एप्रन क्षेत्रों में नुकसान हुआ है और मलबा पूरे परिसर में बिखरा पड़ा है।

**7-10 मई तक चली थी लड़ाई**

रहीम यार खान को आधिकारिक तौर पर प्रमुख अड्डे के रूप में मान्यता नहीं दी गई है लेकिन भारत के साथ बढ़े तनाव के दौरान पारंपरिक तैनाती और आकस्मिक अभियानों के लिए इसका इस्तेमाल किया गया है। पाकिस्तान के लिए रणनीतिक तौर पर इसका काफी महत्व है।

# भारत व अमेरिकी संबंधों में प्रवासी जीवंत पुलः क्वात्रा

न्यूयॉर्क, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के साथ बातचीत में प्रवासियों की भूमिका को जीवंत पुल बताया है।

यह बातचीत न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में हुई। इसमें न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी, कनेक्टिकट और पेंसिल्वेनिया के प्रवासी भारतीय शामिल हुए। भारतीय राजदूत ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में प्रवासियों की अहम भूमिका रेखांकित की है।

# मध्य मेक्सिको में बरामद हुए गुप्त रूप से दफनाए गए 32 शव

## इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही हिंसा

मेक्सिको, 5 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के अधिकारियों ने बताया कि इरापुआतो इलाके में एक सरकारी जमीन से 32 शव बरामद किए गए हैं। इन शवों को गुप्त तरीके से दफनाया गया था। बरामद किए गए शवों में से आधों की पहचान हो चुकी है। बाकी शवों की पहचान की कोशिश की जा रही है। जिस इलाके में कब्रें मिली हैं, वह इलाका लंबे समय से हिंसा की चपेट में है।

**शवों की पहचान की चल रही कोशिश**

गुआनाजुआतो राज्य अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि ये शव मेक्सिको सिटी से लगभग 320 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, इरापुआतो में ला कैलेरा समुदाय की संपत्ति पर गुप्त कब्रों में पाए गए।

अभियोजकों ने बताया कि फोरेंसिक टीमें 30 जुलाई से घटनास्थल पर काम कर रही थीं। अधिकारी शेष शवों की पहचान करने में जुटे हैं।

इरापुआतो में करीब दो महीने पहले एक पार्टी में सामूहिक गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमें 12 लोगों की मौत की हुई थी। उस घटना के बाद अब यहां शवों के मिलने को सामूहिक गोलीबारी की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। गुआनाजुआतो राज्य में हाल के वर्षों में लगातार हिंसा देखी गई है।

यहां शक्तिशाली जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का स्थानीय सांता रोजा डे लीमा संगठित अपराध समूह के साथ लड़ाई चल रही है। जनवरी से जुलाई तक राज्य में 1,500 से ज़्यादा हत्याएँ दर्ज की गईं।

# कनाडा में 'खालिस्तान दूतावास' का दावा

## रिपब्लिक ऑफ खालिस्तान दिया नाम, कनाडा सरकार के फंड से बनी बिल्डिंग

जालंधर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स में खालिस्तान समर्थक संगठन एसएफजे ने कथित तौर पर 'रिपब्लिक ऑफ खालिस्तान' का दूतावास खोलने का दावा किया है।

बताया जा रहा है कि यह इमारत कनाडा सरकार के फंड से बनी थी और हाल ही में इसमें 1.5 लाख डॉलर की लागत से लिफ्ट भी लगाई गई है। अब इसी इमारत पर 'खालिस्तान गणराज्य' का बोर्ड लगाया गया है।

यह इमारत पहले स्थानीय सिख समुदाय के लिए कम्युनिटी सेंटर के रूप में इस्तेमाल होती थी। अब इसका इस्तेमाल खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में होना भारत के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस कदम से भारत-कनाडा के पहले से तनावपूर्ण संबंध और खराब हो सकते हैं।

**भारत-कनाडा के बीच पहले से ही चल रहा तनाव**

सितंबर 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में पहले ही तनाव था।

भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया और कनाडा में अपने राजनयिक स्टाफ की संख्या भी कम करनी पड़ी थी।

अब कनाडा के सरे शहर में 'रिपब्लिक ऑफ खालिस्तान' का कथित दूतावास खुलने से स्थिति और गंभीर हो गई है। भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी संगठनों को शह देने का आरोप लगाता रहा है।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय विदेश मंत्रालय जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई कर सकता है। भारत, कनाडा से इस दूतावास को हटाने और एसएफजे जैसी गतिविधियों पर पाबंदी की मांग कर सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह मुद्दा अब भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ गया है और इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक ले जाया जा सकता है।

करीब 6 महीने पहले एसएफजे के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी कर भारत में खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह शुरू करने की धमकी दी थी। इससे पहले वह अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोप के कई देशों में भी इसी तरह के रेफरेंडम करा चुका है।

एसएफजे टीम नाम से एक सोशल मीडिया अकाउंट से वोटिंग के लिए QR कोड और वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी शेयर की गई थी।

फॉर्म में सिखों के साथ अन्य धर्मों के लोगों को भी वोट करने की छूट दी गई थी।

# स्वर्ग से गिरेगा आग का दरिया

## जमीन से फूटेगा लावा, बाबा वेंगा की अगस्त महीने की 'डबल फायर' चेतावनी क्या है? डरी दुनिया

सोफिया, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बल्गारिया की रहस्यमयी भविष्यवक्ता बाबा वेंगा, जिनकी कई भविष्यवाणियों के सत्य होने का दावा किया है, वो एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। इस बार दावा उनकी अगस्त महीने को लेकर की गई भविष्यवाणी को लेकर किया गया है। बाबा वेंगा को मानने वाले लोगों का दावा है कि उन्होंने सालों पहले ही दुनिया की बड़ी घटनाओं को लेकर भविष्यवाणी कर रखी है और अगर उन्हें सही से समझा जाए, तो इंसान कई तबाही से बच सकता है। दावा किया जा रहा है की इस बार की उनकी भविष्यवाणी है 'डबल फायर' को लेकर। जिसका मतलब है कि स्वर्ग और धरती, दोनों जगहों से आग की लपटें उठेंगी। इस भविष्यवाणी की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है, क्योंकि यह ऐसे समय आई है जब दुनिया पहले से



ही जलवायु संकट, भू-राजनीतिक तनाव और तकनीकी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।

'बाल्कन की नास्त्रेदमस' कही जाने वाली बाबा वेंगा की भविष्यवाणियां अक्सर अस्पष्ट होती हैं। उनका मतलब खोजना काफी मुश्किल होता है। इसीलिए 'डबल फायर' भविष्यवाणी ने लोगों को परेशान कर रखा है। बाबा वेंगा की डबल फायर की बात को लेकर उनके फॉलोवर्स के बीच कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

कुछ इसे जंगलों में फैलती भयावह आग बता रहे हैं, जो पिछले वर्षों में अमेरिका, कनाडा, ग्रीस, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भीषण रूप ले चुकी हैं। तो कई लोगों का मानना है कि ये धरती से फूटने वाले किसी ज्वालामुखी का भी संकेत हो सकता है। रूस में ही 2 दिन पहले 600 सालों से शांत पड़ा एक ज्वालामुखी फटा है। इसके अलावा 'स्वर्ग और पृथ्वी से एक साथ आग उठना', इसका मतलब किसी उल्कापिंड के गिरने से भी निकाला जा रहा है। यानी एक आपदा आकाश से आ सकती है जबकि दूसरी धरती से।

बल्गारिया के प्रसिद्ध अखबार 'मेड इन विनियस' ने उनकी भविष्यवाणी को प्रकाशित किया है। जिसमें बल्गेरियाई रहस्यवादी ने अगस्त 2025 में स्वर्ग और पृथ्वी से एक साथ उठने वाली दोहरी आग की बात की थी। हालांकि इस मुहावरे का अर्थ स्पष्ट नहीं है, इसीलिए इसके बारे में कई अटकलें लगाई जा रही हैं।



# छात्रसंघ चुनाव की मांग पर एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन

## सचिन पायलट पर चला वॉटर कैनन



जयपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों की बहाली को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को एनएसयूआई ने जयपुर में शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए कूच किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट भी शामिल हुए। जैसे ही प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़े, पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वॉटर कैनन का सहारा लिया। इस दौरान सचिन पायलट पर भी पानी की बौछार की गई, जिससे राजनीतिक माहौल गरमा गया।

प्रदर्शन के दौरान सचिन पायलट ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास ठप है। सरकार को चुनाव नहीं कराने की सलाह कौन दे रहा है? ये सत्ता में बैठकर सिर्फ मजे लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की आवाज को दबा नहीं सकती। विधायक अभिमन्यु पूनिया ने चेतावनी दी कि अगर आज किसी छात्र पर मुकदमा दर्ज हुआ तो कांग्रेस पार्टी सख्त प्रतिक्रिया देगी। वहीं विधायक मुकेश भाकर और मनीष यादव ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें डरना नहीं है, यह लड़ाई युवाओं के हक की है और इसे हर हाल में जीता जाएगा। एनएसयूआई ने ऐलान किया है कि आने वाले दिनों में विरोध और तेज किया जाएगा। संगठन की मांग है कि राज्य में जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं।

# राहुल गांधी पर 'गोपनीय जानकारी' के आरोप पर प्रदेश कांग्रेस का पलटवार

## कहा- उन्होंने सच बोला, निडरता से पूछे सवाल







जयपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। गलवान घाटी में चीनी घुसपैठ और 20 भारतीय सैनिकों की शहादत को लेकर लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों पर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा उन पर गोपनीय जानकारी साझा करने का आरोप लगाने पर कांग्रेस ने कड़ा जवाब दिया है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्होंने कोई गोपनीय बात नहीं कही, बल्कि वही सच सामने रखा जो पहले से सार्वजनिक है।

राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में मोर्चा खोलते हुए कहा है कि गलवान में चीन की घुसपैठ और 20 जवानों की शहादत की जानकारी पहले से ही सार्वजनिक है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि ₹बात देश की सीमा सुरक्षा की हो, तो चुप रहना देशभक्ति नहीं है...सच बोलना और सरकार से सवाल पूछना ही सच्चा राष्ट्रप्रेम है।₹ उन्होंने राहुल गांधी को निडर योद्धा बताते हुए कहा कि लद्दाख के स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और अंतरराष्ट्रीय मीडिया पहले ही इन बातों की पुष्टि कर चुके हैं, ऐसे में राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी नहीं दी।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा कि चीन की घुसपैठ से संबंधित जानकारियां पहले से ही विश्वसनीय स्रोतों पर इंटरनेट और मीडिया में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ₹सोनम वांगचुक जैसे कार्यकर्ता भी समय-समय पर इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं।₹ गहलोत ने यह भी जोड़ा कि ₹राहुल गांधी का बयान कोई सनसनी नहीं, बल्कि सरकार से इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई की अपील है।₹

दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि सरकार को चाहिए था कि वह स्वयं इस विषय पर संसद में चर्चा करती ताकि देश को विश्वास में लिया जा सके, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने इसे सरकार की जवाबदेही से बचने की कोशिश बताया।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी दोहराया कि राहुल गांधी का अब तक का जनसंघर्ष, भारत जोड़ो यात्रा और जनता की समस्याओं को संसद में उठाना उनके देशप्रेम का प्रमाण है।

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने सीएम भजनलाल को बांधी राखी

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला तोहफा



जयपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपना बड़ा भाई मानते हुए उनके हाथ पर राखी बांधी। इस भावपूर्ण पल ने राजस्थान की सियासत में एक सुंदर संदेश दिया। जवाब में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीया कुमारी को शगुन के रूप में तोहफा भेंट किया।

बता दें, इस कार्यक्रम की खास बात रही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रति विशेष सम्मान और स्नेह। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रक्षाबंधन का तोहफा दिया। प्रत्येक कार्यकर्ता के बैंक खाते में 501 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने 'राखी का तोहफा' करार दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं समाज की रीढ़ हैं, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण व शिक्षा के लिए अथक परिश्रम करती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 'बहन' संबोधित करते हुए कहा कि यह राशि न केवल राखी का उपहार है, बल्कि उनके समर्पण और मेहनत के प्रति सरकार की ओर से एक छोटा-सा सम्मान भी है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कल्याण के लिए और कदम उठाएगी।

**रक्षाबंधन का भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक**

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। दीया कुमारी ने इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत से समाज का हर तबका लाभान्वित हो रहा है।

वहीं, कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस पहल की जमकर तारीफ की। कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें रक्षाबंधन के अवसर पर इस तरह का सम्मान मिला है। बताते चलें कि बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

# टोल नाके पर गुजारी रात, यहीं बैठकर खाना भी खाया

## मकराना और परबतसर विधायक धरने पर



नागौर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के मकराना-मंगलाना सड़क मार्ग पर स्थित टोल नाके को लेकर विवाद तेज हो गया है। 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के वाहनों को टोल मुक्त करने की मांग को लेकर मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत और परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया धरने पर बैठ गए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने रात भी टोल नाके पर ही गुजारी और सुबह की चाय भी धरना स्थल पर ही पी।

धरना विधायक की अगुवाई में शुरू हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। दोपहर 3 बजे के बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर टोल पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। इस दौरान टोल नाके से होकर निकलने वाले कई वाहन दूसरे रास्तों से होकर निकले।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि टोल नाके से कुछ गांवों की दूरी महज 2 से 5 किलोमीटर है लेकिन फिर भी इन गांवों से गुजरने वाले कमर्शियल वाहनों से टोल वसूला जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी गांवों को टोल से मुक्त किया जाए।

धरना देर रात तक जारी रहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर कुचामन राकेश गुप्ता धरनास्थल पर पहुंचे और जनप्रतिनिधियों से वार्ता की। हालांकि मकराना उपखंड कार्यालय में हुई बातचीत में कोई सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी गई।

धरने को नागौर सांसद और रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल का भी समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि 20 किमी के भीतर बसे गांवों से टोल वसूली गलत है और इस मुद्दे को डीडवाना-कुचामन जिला दिशा समिति की बैठक में भी उठाया गया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अब मंगलवार को डीडवाना-कुचामन जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक होगी, जिसमें इस विवाद के समाधान पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# बाइक पर घुमाने के बहाने 11 साल के बच्चे का अपहरण

## एक लाख फिरौती मांगी, मासूम को अलवर में छोड़कर फरार

जयपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में रविवार को 11 साल के मासूम पीयूष योगी का अपहरण कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पीड़ित परिवार का परिचित था और अक्सर उनके घर आता-जाता था। उसने घुमाने के बहाने बच्चे को बाइक पर बैठाया और महवा की ओर ले गया।

कुछ देर बाद बच्चे की मां को फोन पर धमकी मिली कि अगर पीयूष चाहिए तो 1 लाख रुपए दो। घटना की सूचना मिलते ही रामनगरिया थाना पुलिस हरकत में आई। मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर पुलिस ने महवा से लेकर अलवर तक सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। अंततः पुलिस की सक्रियता और घेराबंदी के चलते आरोपी घबरा गया और अलवर के लक्ष्मणगढ़ स्थित एक फास्ट फूड रेस्टोरेंट के पास पीयूष को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंप दिया।

रामनगरिया थाना अधिकारी चंद्रभान ने बताया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है। वह महल रोड पर काम करता है और पीड़ित परिवार से परिचित है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अक्सर जगतपुरा के महल रोड स्थित एक ढाबे पर खाना खाने आता था। यहीं से उसकी पीयूष और उसकी मां से जान-पहचान हुई। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे आरोपी पीयूष को घुमाने के बहाने बाइक पर बैठाकर महवा की ओर ले गया। कुछ देर बाद उसने मां को कॉल कर फिरौती की मांग की थी। पुलिस आरोपी की तलाश में है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी संभव है।

# अब ऑनलाइन होगा राजस्थान के हर राजस्व गांव का रिकॉर्ड

## इससे कई लाभ होगा

सवाई माधोपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रामीण इलाकों में निचले स्तर के जरूरतमंद पात्र लोगों को राजस्थान सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और सही लोग सरकारी योजनाओं से लाभांवित हो स के । इसके लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना शुरू की है। इसके तहत सभी गांवों में लोगों की संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।

योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों को ई-ग्राम प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ई-ग्राम प्रभारी सभी गांवों में घर-घर जाकर लोगों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करेंगे।

ई-प्रपत्र को ऑनलाइन करने के बाद कंप्यूटर में एक क्लिक करते ही उस गांव का इतिहास, गांव में कितने लोग हैं और कौन-कौनसी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं या किससे वंचित हैं आदि जानकारी मिल सकेगी। इससे सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सकेगा।

# सरहद पर जासूसी नेटवर्क का खुलासा

## सुरक्षा एजेंसियों ने डीआरडीओ गेस्ट हाउस के मैनेजर को पकड़ा

जैसलमेर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान सीमा पर जासूसी नेटवर्क एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। जैसलमेर से पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे एक और संदिग्ध को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार आरोपी महेन्द्र सिंह जैसलमेर के चांधन गांव का रहने वाला है और डीआरडीओ गेस्ट हाउस में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। यह गेस्ट हाउस सैन्य परीक्षण से जुड़े अधिकारियों और वैज्ञानिकों के ठहरने का प्रमुख स्थान है।

महेन्द्र सिंह पर आरोप है कि उसने पोकरण फायरिंग रेंज जैसे संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों की जानकारी सीमा पार पाकिस्तान भेजी। उसके मोबाइल और चैट्स से कई अहम और गोपनीय जानकारियों के लीक होने के सबूत मिले हैं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से इस पर निगरानी रखी जा रही थी और अब उसे गिरफ्तार कर सुरक्षा एजेंसियां और मिलिट्री इंटेलिजेंस मामले की गहन जांच कर रही है।

करीब तीन महीने पहले भी जैसलमेर से ही एक और जासूसी का मामला सामने आया था। उस समय राजस्थान सरकार के एक पूर्व मंत्री के पीए शकूर खां को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था।

शकूर खां सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली सरकारी बैठकों में भाग लेने के बहाने भारतीय सेना की गतिविधियों और रणनीतिक सूचनाओं को पाकिस्तान भेजता था। पूछताछ में सामने आया कि वह सात बार पाकिस्तान जा चुका है और वहां सिंध प्रांत के रहीम यार खान, सक्खर और घोटकी इलाकों में उसके रिश्तेदार हैं। उस पर पाकिस्तान से मोटी रकम लेने के भी आरोप हैं, जो उसके बैंक खातों में जमा होती थी। इस मामले की जांच भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं।

# विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

## दो दिन पहले बीकानेर घूमने आई थी पीड़ित

बीकानेर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बीछवाल थाना क्षेत्र के एक होटल में विदेशी महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले बीकानेर भ्रमण पर आई विदेशी महिला होटल में ठहरी थी।

महिला का आरोप है कि आरोपी युवक ने उसे डिनर के बहाने होटल बुलाया और वहीं दुष्कर्म किया। महिला भारत में वर्किंग वीजा पर रह रही है और बीकानेर के एक अपार्टमेंट में किराए से रहती है।

घटना के सामने आने के बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण पीबीएम अस्पताल में विशेष मेडिकल बोर्ड से कराया गया ताकि जांच में पारदर्शिता बनी रहे। पुलिस आरोपी के मोबाइल की लोकेशन व अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

होटल कर्मचारियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। चूंकि मामला विदेशी नागरिक से जुड़ा है, प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। अधिकारियों ने कहा है कि दोषी को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# बगरू में लेबर इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या

## आरोपी ने थाने जाकर सरेंडर किया



जयपुर, 5 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के बगरू इलाके एक साले ने अपने ही जीजा की दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार लेबर इंस्पेक्टर शंकर बलाई मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। लौटते समय आरएसी जवान अजय ने शंकर को गोलियों से भून दिया। आरोपी ने शंकर पर करीब 7 राउंड फायर किए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार हत्यारा जवान अजय और इंस्पेक्टर शंकरलाल रिश्ते में साला-जीजा हैं। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि अजय मानसिक तनाव में था। शंकरलाल ने ही अजय की सगाई करवाई थी, लेकिन बाद में पता चला कि युवती का किसी और से प्रेम संबंध था। इस कारण रिश्ता टूट गया। युवती ने मिलने से इंकार करते हुए शंकरलाल का नाम लिया, जिससे अजय ने उन्हें ही दोषी मान लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय ने युवती से आमने-सामने बैठकर बात करने की कोशिश की, तो उसने मना कर दिया और कहा कि "शंकरलाल भाईसाहब ने मिलने से मना किया है।" इसी बात को लेकर अजय अंदर ही अंदर घुटता रहा और इस वजह से शंकरलाल को ही अपनी परेशानी की जड़ मान लिया।

घटना बगरू थाना इलाके में मंगलवार सुबह 6.30 बजे की है। आरोपी अजय सुबह जयपुर से शंकरलाल के घर बगरू पहुंचा था। उस वक्त शंकरलाल मॉर्निंग वॉक पर गए थे। जैसे ही वे वापस लौटे तो हत्यारे ने एसएलआर राइफल से करीब 7 राउंड फायर कर दिए। हत्या के बाद आरोपी ने फुलेरा थाना में सरेंडर कर दिया। अब पुलिस आरोपी से मामले में पूछताछ कर रही है।

वाटिका इन्फोटेक सिटी में हुई वारदात

इधर कॉलोनीवासियों में घटना को लेकर रोष है। सोसायटी के रहवासी भुवनेश गोयल का कहना है कि बिल्डर द्वारा करोड़ों रुपये वसूलने के बाद भी एक जवान बंदूक लेकर कॉलोनी में घुस गया और अंधाधुंध गोली चलाकर सरकारी कर्मचारी की हत्या कर दी। किसी भी गार्ड ने बाहर से आई टैक्सी को रोककर पूछा भी नहीं कि कहां जा रहे हो। वहीं दूसरी ओर बिल्डर वाटिका इन्फोटेक सिटी के निवासियों से सुरक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये वसूल रहे हैं।

# सड़क हादसे ने छीनी 11 साल की ताइक्वांडो खिलाड़ी की जिंदगी

अलवर5 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर शहर में हृदयविदारक हादसे ने न सिर्फ एक मासूम की जान ले ली, बल्कि खेल जगत को भी गमगीन कर दिया। महज 11 साल की होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी तूलिका की मौत एक तेज रफ्तार बाइक की लापरवाही के कारण हो गई। तूलिका ने राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में न सिर्फ भाग लिया था, बल्कि पदक भी जीते थे। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने का सपना देख रही थी, लेकिन एक दर्दनाक हादसे ने वह सपना अधूरा ही छोड़ दिया। हादसा उस समय हुआ जब तूलिका अपनी मां के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर कोचिंग से बाजार जा रही थी। ई-रिक्शा जब मन्नी का बड़ के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और तूलिका सड़क पर गिर पड़ी। गिरने के दौरान उसका सिर रिक्शा के नीचे दब गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। सिर से तेजी से खून बहने लगा और मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तूलिका न सिर्फ स्कूल स्तर की खिलाड़ी थी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीत चुकी थी। उसकी असमय मृत्यु से खेल जगत में गहरा शोक है। प्रशिक्षकों और साथी खिलाड़ियों ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और प्रशासन से सड़कों पर बेहतर ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है। घटना के बाद इलाके में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। स्थानीय व्यापारी संजय सैनी ने कहा कि अब तो छोटे बच्चे भी सड़क पर सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन की नाकामी पर सवाल उठाते हुए कहा कि न ट्रैफिक पुलिस दिखती है, न वाहन चालकों में कोई डर। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# कालेश्वरम का निर्माण विशेषज्ञों की सलाह पर हुआ है, राजनीतिक सनक पर नहीं

## कांग्रेस के आरोपों का खंडन करने के लिए हरीश राव ने प्रस्तुत किए तथ्य

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सिंचाई मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने मंगलवार को कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) का जोरदार बचाव किया और कांग्रेस सरकार के 'निराधार आरोपों' का खंडन किया।

कई दस्तावेजों के साथ तथ्य-आधारित प्रस्तुति देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी स्थानीय निकाय चुनावों से पहले जनता को गुमराह करने के लिए कालेश्वरम के बारे में जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ रहे हैं। तेलंगाना भवन में कालेश्वरम परियोजना पर कांग्रेस की साजिशें। आयोग की विकृतियां, तथ्य शीर्षक से एक विस्तृत प्रस्तुति में हरीश राव ने इस परियोजना का बचाव करते हुए इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसे विशेषज्ञ सलाह, कैबिनेट प्रस्तावों और एक या दो नहीं, बल्कि 11 केंद्रीय एजेंसियों से वैधानिक अनुमोदन प्राप्त है।

उन्होंने कहा, रेवंत रेड्डी एक राजनीतिक धारावाहिक चला रहे हैं, बिना तथ्यों के रिपोर्ट बना रहे हैं और केसीआर की विरासत को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने घोष आयोग की 665 पृष्ठों की रिपोर्ट को किसी भी अधिकारी से पहले मीडिया में चुनिंदा तरीके से लीक करने और 'एकतरफा और आधारहीन' कहानी को फैलाने के लिए एक संक्षिप्त संस्करण जारी करने पर सवाल उठाया।

बिंदुवार खंडन में, पूर्व सिंचाई मंत्री ने जोर देकर कहा कि मूल बैराज स्थल को तुम्मिडी हट्टी से मेडिगड्डा स्थानांतरित करने का निर्णय राजनीतिक नहीं था, बल्कि विशेषज्ञों की सलाह पर आधारित एक सुविचारित निर्णय था। तत्कालीन एनडीए सरकार के तहत केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने स्पष्ट रूप से कहा था कि तुम्मिडी हट्टी पर्याप्त जल उपलब्धता (160 टीएमसी) सुनिश्चित नहीं करेगा। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने एक लिखित संदेश में भी इस बात को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा, यही कारण था जिसके कारण वैज्ञानिक और जलविज्ञान संबंधी आकलन के आधार पर मेडिगड्डा को अधिक व्यवहार्य स्थान के रूप में चुना गया। सीडब्ल्यूसी द्वारा अनुमोदित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में भी इसी बदलाव का उल्लेख किया गया था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने तुम्मिडी हट्टी में 152 मीटर के प्रस्तावित पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) को अनुमति देने से इनकार कर दिया था, जिससे इस स्थान पर आगे बढ़ना अव्यावहारिक हो गया था।

इस आरोप का खंडन करते हुए कि परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी नहीं मिली थी, वरिष्ठ बीआरएस विधायक ने 14 जून, 2016, 27 मई, 2018 और 1 अगस्त, 2021 को पारित कैबिनेट प्रस्तावों को दर्शाते हुए रिकॉर्ड प्रस्तुत किए, जिनमें केएलआईपी के पुनः इंजीनियर डिजाइन और घटकों का समर्थन किया गया था। उन्होंने कहा, यह दावा कि कैबिनेट की मंजूरी नहीं थी, जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से किया गया एक सफेद झूठ है। उन्होंने आगे कहा कि तत्कालीन तेलंगाना कैबिनेट और राज्य विधानमंडल दोनों ने कालेश्वरम डिजाइन और उसके घटकों की पुष्टि की थी। मंजूरी के अभाव के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि कालेश्वरम परियोजना को एक वर्ष के भीतर सीडब्ल्यूसी सहित 11 केंद्रीय सरकारी एजेंसियों से मंजूरी मिल गई है।


दक्षिण मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 68-72_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी 25 दि.4-8-2025 PUB/0940

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे (द.म.रे.), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से दि.26-08-2025 के 15.00 खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सूचना सं. 68_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _25, कार्य विवरणः वर्क ए- हैदराबाद डिवीजनः एडीइएन/केसीजी क्षेत्राधिकार के तहत ड्रेन, लीकी रूफ का सुधार कार्य, पानी की आपूर्ति की व्यवस्थाएं, प्लिन्थ प्रोटेक्शन कार्य, इन्टरनल सर्विस रोड्स, सर्विस बिल्डिंग्स के लिए पार्किंग शेड्स एवं टायलेट्स या शौचालय की व्यवस्था। वर्क बी- हैदराबाद डिवीजनः एडीइएन/केआरएनटी क्षेत्राधिकार के तहत ड्रेन, लीकी रूफ का सुधार कार्य, पानी की आपूर्ति की व्यवस्थाएं, प्लिन्थ प्रोटेक्शन कार्य, इन्टरनल सर्विस रोड्स, सर्विस बिल्डिंग्स के लिए पार्किंग शेड्स एवं टायलेट्स या शौचालय की व्यवस्था। अनुमानित लागतःरु. 4,98,10,027.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.3,99,100.00

निविदा सूचना सं. 69_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _25, कार्य विवरणः वर्ष 2025-26 के लिए एडीइएन/इआयआय/एचवायबी के नियंत्रण के तहत एसएसइ/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/ एलजीडी क्षेत्राधिकार के तहत कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, एमएण्डइ स्टोर्स, स्क्रैप डिपो, एसटीसी/एससी तथा ल्यूब आयल फिल्टर प्लान्ट/एससी पर सभी सर्विस बिल्डिंग्स की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव कार्य। अनुमानित लागतःरु.2,30,00,004 .00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,65,000.00

निविदा सूचना सं. 70_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _25, कार्य विवरणः ए) सीएच/एलजीडी पर वार्ड नं.5 एवं 9, ओपीडी मेडिकल स्टोर, फिजियोथेरपी वार्ड के लिए, नये डक्टेबुल एयर कण्डीशनींग सिस्टम के प्रावधान के लिए सीएच- नवीकरण या रेनोवेशन कार्य। बी) एमओटी में एचएवीसी आधारित सिस्टम सहित मौजूदा नान-इनवर्टर आधारित सिस्टम का अपग्रेडेशन या अद्यतन करना। सी) सीएच/एलजीडी में ग्नाइक वार्ड में कोडल लाइफ कम्प्लीटेड एसी प्लान्ट सिस्टम का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन करना। अनुमानित लागतःरु.1,22,51,356.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,11,300.00

निविदा सूचना सं. 71_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _25, कार्य विवरणः एससी-एमयुइ सेक्शनः एसएसइ/पी.डब्ल्यू/एनजेड्बी क्षेत्राधिकार के तहत विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित सेस्स रिपेयर वर्क्स या तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरु.1,57,59,030.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,28,800.00

निविदा सूचना सं. 72_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _25, कार्य विवरणः 1) एसएसइ/डब्ल्यू/जीओसी क्षेत्राधिकार के तहत हैदराबाद भवन की तीसरी मंजिल पर एसआर. डीइइ/टीआरडी तथा एडीइइ/टीआरडी चेम्बर्स का प्रस्तावित आवास व्यवस्था या अकामडेशन कार्य। 2) "बी' ब्लाक, रेल निलयम के पीसीएमइ आफिस (जी+1 फ्लूर्स) पर लिफ्ट का प्रावधान। 3) मीडिया एड्रेसिंग रूम/स्टुडियो ग्राउण्ड फ्लूर, बी ब्लाक, रेल निलयम का नवीकरण कार्य या रिनोवेशन करना। 4) एसएसइ/डब्ल्यू/एमएलवाय क्षेत्राधिकार के तहत 7बीएन/आरपीएसएफ/एमएलवाय पर वीसी सुविधा सहित कानफरंस हाल की अपडेटिंग या अद्यतन तथा क्लर्क्स की डीलींग हेतु इंडिवीड्यूएल डेस्क्स सहित एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग का नवीकरण कार्य या रेनोवेशन कार्य। अनुमानित लागतःरु.94,04,015.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.1,88,100.00

सीनि. डीइएन/को-आर्ड./हैदराबाद

निविदा सूचना सं. 05-जीएस-एससी-।।-25-ओटी दि.4-8-2025 PUB/0941

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीएओ/सी /आरएसपी/एससीआऱ-इन्जीनियरिंग/द.म.रे. सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से दि.26/08/2025 के 15.00 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.05-जीएस-एससी-।।-25-ओटी, कार्य विवरणः अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.00 एम चौडी या वाइड एफओबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य तथा बसर(बीएसएक्स) स्टेशन पर लिफ्ट्स एवं एस्केलेटर्स का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु. 12,73,97,395.33, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.7,87,000.00

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/हैदराबाद

निविदा सं. जीटीएल-इएम-09-25-26 दि.4-8-2025 PUB/0942

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. जीटीएल-इएम-09-25-26 कार्य विवरणः गुण्टकल डिवीजनः टीपीटीवायः कोचिंग रखरखाव सुविधाओं का सुधार कार्य, बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित लागतःरु.33,56,402.91

बंद करने की तिथि व समयः 26-08-2025 के 15.00 बजे

टेन्डर बिड्डिंग या निविदा बोली एवं विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें।

टिप्पणीः इस निविदा में सहभागिता/बोली में भाग लेने के लिए, निविदादाता के पास वैध डिएससी (डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुण्टकल

A1159

निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः http://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


## मैं अपने भाई को मंत्री पद देने की स्थिति में नहीं हूं : कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी

नई दिल्ली, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने आज मुनुगोडु विधायक और अपने छोटे भाई कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी द्वारा राज्य मंत्री पद को लेकर की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें राजगोपाल रेड्डी को मंत्री पद दिए जाने के आश्वासन की जानकारी नहीं है। दिल्ली दौरे पर आए वेंकट रेड्डी ने मीडिया के सामने स्पष्ट किया कि वह अपने भाई को मंत्री पद देने के चरण में नहीं हैं।

कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि उन्हें केंद्रीय पार्टी अधिकारियों द्वारा राजगोपाल रेड्डी को मंत्री पद दिए जाने के आश्वासन की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके भाई को मंत्री पद दिए जाने पर फैसला आलाकमान लेगा। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे और इस मुद्दे पर फैसला लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही वह कैबिनेट में एक वरिष्ठ मंत्री हैं, लेकिन आलाकमान का फैसला ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मिलकर पदों पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान और राज्य पार्टी नेतृत्व सब कुछ संभालेंगे।

# ग्राहकों की भारी डिमांड पर '100 प्रतिशत धमाका सेल' को 3 दिन और बढ़ाया गया





हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शिवराज ज्वेलर्स द्वारा आयोजित 100 प्रतिशत धमाका सेल, जो शुरूआत से ही ग्राहकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है, अब 3 दिन और आगे बढ़ा दी गई है। यह निर्णय ग्राहकों की जोरदार मांग, भारी भीड़ और सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए लिया गया है।

ग्राहकों ने न सिर्फ भारी संख्या में शोरूम का दौरा किया, बल्कि उन्होंने ज्वेलरी के कलेक्शन, क्वालिटी और रेंज की जमकर तारीफ की। इतनी वैरायटी और ट्रेंडी डिज़ाइन्स एक ही जगह पर देखना बेहद रोमांचक था, एक महिला ग्राहक ने बताया।





**शादी-ब्याह के खरीदारों का भी खास आकर्षण :**

शादी और सगाई के लिए ज्वेलरी खरीदने वालों ने इस सेल को स्वर्ण अवसर माना। ब्राइडल नेकलेस सेट्स, पोल्की, डायमंड और ट्रेडिशनल राजस्थानी डिजाइन्स विशेष रूप से पसंद किए जा रहे हैं। हाथफूल, बाजूबंद, बोर, मांगटीका जैसे विवाह के विशेष आइटम्स की भी खूब डिमांड रही।

**क्वालिटी और क्रिएटिविटी का अनोखा मेल :**

शिवराज ज्वेलर्स ने इस सेल में क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं किया। हर पीस में परफेक्शन और क्राफ्ट्समैनशिप का अद्भुत संगम देखने को मिला। विशेष रूप से फाइन कट डायमंड ज्वेलरी और ऑक्सिडाइज़्ड सिल्वर कलेक्शन को काफ़ी सराहा गया। सोशल मीडिया पोस्ट्स और वीडियो रील्स ने हजारों लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जिससे कई नए ग्राहक पहली बार शोरूम पर आए। ऑफर का लाभ उठाने वालों में महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों से भी ग्राहक शामिल रहे।

## नवकार मंत्र से सोया भाग्य जागृत हो जाएगा

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ जी ने कहा कि श्रद्धा और भक्ति के साथ अगर कोई भी व्यक्ति महामंत्र नवकार का जाप करता है तो उसका सोया भाग्य जग जाता है। नवकार मंत्र के जाप से तन के रोग दूर होते हैं, मन निर्मल होता है, आत्मा-परमात्मामय हो जाती है। नवकार मंत्र ब्रह्माण्ड की सिद्ध-बुद्ध शक्तियों से संपर्क साधने का दिव्य मंत्र है। यह मंत्र अखिल मानवता का मंत्र है।

वे एग्जिबिशन ग्राउंड में नवकार मंत्र के चमत्कार विषय पर प्रवचन दे रहे थे। राष्ट्र-संत श्री चन्द्रप्रभ जी ने कहा कि मंत्र भारतीय संस्कृति की आत्मा है और ओम मंत्रों की आत्मा।

सृष्टि का जन्म घर्षण से हुआ और घर्षण से ध्वनि व प्रकाश पैदा हुआ। प्रकाश से ईश्वरीय शक्ति पैदा हुई और ध्वनि से ओम। इसलिए ओम सारे मंत्रों का बीजमंत्र है। एक ओंकार के आह्वान से विश्व की सारी शक्तियों का आह्वान हो जाता है। ओम का अ जहां जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का और अल्लाह का वाचक है वहीं ओम् का म अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का और अंतिम पैगम्बर मोहम्मद साहब का परिचायक है। ओम् के अ उ म में ब्रह्मा, विष्णु और महादेव समाए हैं। एक ओम बोलने से सारे तीर्थंकरों, अवतारों और पैगम्बरों की वंदना हो जाती है।

संतप्रवर ने नवकार मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि यह मंत्र हमें विश्व की पांच शक्तियां अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं साधु से जोड़ता है। इसमें पापों को नष्ट करने और विश्व का मंगल करने की कामना है। नवकार मंत्र में 68 अक्षर है जो कि 68 तीर्थों के परिचायक है अर्थात् एक बार नवकार मंत्र बोलने से हमें अड़सठ तीर्थों की यात्रा का पुण्य मिल जाता है। उन्होंने कहा कि घर-दुकान में कोई वास्तुदोष हो तो तोड़-फोड़ करने की बजाय बीचोबीच नवकार मंत्र का पट्ट लगा दें, वास्तुदोष खतम हो जाएगा। अगर भूत-प्रेत या ऊपरी बाधा हो तो कागज पर लिखे नवकार मंत्र का ताबीज सीधे हाथ पर बांध दें, बाधा दूर हो जाएगी। जी मचलने लगे या तन में व्याधि हो जाए तो गंगाजल कटोरी में लेकर तीन बार नवकार मंत्र पढ़ें और वह पानी पी लें, थोड़ी देर में ही शांति एवं सुकून मिल जाएगा।

## केपीएचबी में महिला को धोखा देने के आरोप में फर्जी वीआईपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केपीएचबी पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिस पर खुद को डॉक्टर बताकर टीडीपी पार्टी के एक सांसद का बेटा होने का दावा करने तथा एक महिला छात्रावास की मालकिन से उसकी सोने की चेन बदलने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। संदिग्ध, वी वेंकटेश्वरलू उर्फ डॉ. विक्रांत रेड्डी (29) (जो आंध्र प्रदेश के गुंटूर का मूल निवासी है) ने खुद को एक निजी अस्पताल में न्यूरोसर्जन के रूप में पेश किया और केपीएचबी में जेएनटीयू के पास महिला छात्रावास में कई बार आया।

पुलिस ने बताया कि वेंकटेश्वरलू ने शिकायतकर्ता का विश्वास जीतकर खुद को एक आभूषण की दुकान का मालिक बताया और उसे 4 तोला सोने के गहने रीमॉडलिंग के लिए देने के लिए राजी कर लिया। इसके अलावा, उसने सोना जोड़ने के नाम पर उससे 1 लाख रुपये ठग लिए। हालांकि, पैसे और सोना लेने के बाद, वह फरार हो गया। शिकायत के बाद, केपीएचबी पुलिस ने जांच शुरू की। संदिग्ध व्यक्ति का पता लगाया गया और उसे जेएनटीयूएच ट्रैफिक सिग्नल के पास से पकड़ लिया गया।

जांच से पता चला कि वेंकटेश्वरलू पहले तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 14 आपराधिक मामलों में शामिल था, जिनमें चोरी, धोखाधड़ी और यहां तक कि बलात्कार का मामला भी शामिल था।

# तेलंगाना वैष्णव समाज का 11वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न





हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। घटकेसर स्थित श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रीनिधी रिसोर्ट में तेलंगाना वैष्णव समाज बन्धुओं के सानिध्य में 11वां वार्षिकोत्सव व सावन की सैर कार्यक्रम रविवार 3 अगस्त को आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष विष्णु रामावत व संतोष टीलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भाति ग्यारहवां वार्षिकोत्सव व सावन की सैर का आयोजन भव्य रूप से किया गया। प्रात: 9 बजे पूजा-अर्चनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

पधारे सम्मानित अतिथियों व भामासाहों को मंच पर आमंत्रितकर शॉल व मोतियों की माला से सम्मानित कर समाज के प्रतिभावान उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार, महिलाओं द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेल-कूद, रैन डांस, तम्बोला गेम कार्यक्रम आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये।

समाज बन्धुओं ने हरियाली सावन की सैर का सपरिवार लाभ लिया। अवसर पर अध्यक्ष विष्णु रामावत ने संबोधन भाषण में समाज बन्धुओं को ग्यारहवें वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्यकाल में किये गये विकासशील कार्यो से समाज को अवगत कराते हुए विगत 10 वर्षो का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर, समाज के नवनिर्माणाधीन कार्यो में समाज बन्धुओं से तन-मन-धन से सहयोग करने का आग्रह किया। पधारे समज बन्धुओं के लिए अल्पाहार एवं भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी।

महिला अध्यक्षा श्रीमती किरन लता ने भी समाज के विकासशील कार्यो मे हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विष्णु रामावत, रामाकिशन, सम्पतदास, किशन गोपाल, हरिदास, जगदीश प्रसाद, बाबुलाल, संतोष टीलावत, ओमप्रकाश, सुरेशकुमार, लक्ष्मण, राजुदास, प्रकाशचन्द, पिन्टु भाई व बहुत से समाज बन्धु सपिरवार उपस्थित रहे। महासचिव संतोष टीलावत के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।



मल्लापुर स्थित श्री आईमाताजी बडेर में महिला मंडल कमिटि द्वारा बच्चों के लिए आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता म्यूजिकल चेयर, एक पैर पर चलना, बैलून गेम के विजेताओं को प्रमाण पत्र कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्षा श्रीमती पार्वतीदेवी पँवार, सचिव कवितादेवी सोयल, अध्यक्ष तुलसाराम सीन्दड़ा, सचिव ओंकाराम सीरवी, पदाधिकारी व समाज बन्धु।

## अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला

आसिफाबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी का पूर्ण कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब से कक्षा 10 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा अधिकारियों ने उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार संभालने पर बधाई दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

## खम्मम पुलिस कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

खम्मम, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त सुनील दत्त ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए। पुलिस आयुक्त ने टास्क फोर्स के जवानों, हेड कांस्टेबल एसके कासिम अली, कांस्टेबल वी गोपी और एम सतीश की सराहना की, जिन्होंने जिले में गांजा तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए प्रयास किए और उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने गांजा के 33 मामलों में 120 आरोपियों को गिरफ्तार करने और 192 किलोग्राम गांजा जब्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इनसे प्रेरणा लेते हुए, सभी को समाज की सुरक्षा के लिए समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। टास्क फोर्स के एसीपी सत्यनारायण और इंस्पेक्टर उदय कुमार मौजूद थे।

# सिखवाल ब्राह्मण समाज की सावन की सैर संपन्न




हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महेश्वरम तेलंगाना स्थित महापिरामिड ध्यान केंद्र में सिखवाल ब्राह्मण समाज 18खेड़ा द्वारा भव्य सावन की सैर (वनमहोत्सव) का आयोजन संपन्न हुआ। इस रमणीक स्थल पर लगभग 2500 समाज बंधुओं ने भरपूर आनंद लिया। ट्रस्ट के चेयरमैन भास्कर रेड्डी, ट्रस्टी साम्भशिवा, पोला राजशेखर, चंद्रशेखर, श्रीमती लक्ष्मी, सुधीर शाह द्वारा अद्भुत सहयोग दिया गया। मारवाड़ी सिखवाल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष भगवान व्यास ने चेयरमैन भास्कार रेड्डी, सिखवाल सेवा संघ अध्यक्ष सुरेश उपाध्याय, सैर संयोजक मुकुनलाल उपाध्याय, गोविन्द व्यास, श्रीमती सीरिया देवी व्यास ने सभी ट्रस्टीयों का शाल ओढ़कर स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, पांच घायल

जगतियाल, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोरुतला मंडल के इलापुर के बाहरी इलाके में मंगलवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय घटी जब पीड़ितों को ले जा रही एक कार बिजली सब-स्टेशन के पास सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। चालक गडीपेल्ली नरेश (36) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में बोल्लापल्ली श्रीनिवास और उनकी पत्नी सुजाता नामक एक दंपति और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। सभी पीड़ित कोरुतला मंडल के इलापुर निवासी थे और तीर्थयात्रा पूरी करके अपने पैतृक गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने घायलों को जगतियाल सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 'हम पसंद से ...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध दिन-ब-दिन मजबूत हो रहे हैं, जो गहरे विश्वास का प्रतीक हैं। दोनों देश समुद्री राष्ट्र हैं, इसलिए समुद्री सहयोग जरूरी और स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पहली बार, भारतीय नौसेना के तीन जहाज फिलीपींस में हो रही नौसेना अभ्यास में भाग ले रहे हैं, जिसमें भारत का हाइड्रोग्राफी जहाज भी शामिल है।

**भारत-फिलीपींस के द्विपक्षीय संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन भारत-फिलीपींस के द्विपक्षीय संबंधों के लिए ऐतिहासिक है। अब दोनों देशों के रिश्ते रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर पहुंच रहे हैं, जिससे रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में मजबूती आएगी।

पिछले कुछ वर्षों में व्यापार, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में बहुत प्रगति हुई है। अगले पांच वर्षों के लिए एक कार्य योजना बनाई गई है। फिलीपींस जुलाई 2027 तक भारत का देश समन्वयक होगा और 2026 में वह आसियान के अध्यक्ष पद का संचालन करेगा।

### क्या हम आतंकवादी ...

सभापति ने कहा कि क्या यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं है? उन्होंने कहा कि सदस्यों द्वारा वेल में प्रदर्शन गलत है और यह सदन की परंपरा के खिलाफ है क्योंकि वेल की एक पवित्रता होती है।

सभापति के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब सदन के नेता महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होते हैं तो उस समय सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती गलत है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जब अरुण जेटली राज्यसभा में और सुषमा स्वराज लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, तो उन्होंने कहा था कि व्यवधान डालना भी लोकतंत्र को मजबूत करने का तरीका है।

हम इसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करते रहेंगे और ये हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

खड़गे ने कहा कि ऐसे में अगर मैंने आपको पत्र लिखा और उस बारे में मीडिया में जानकारी दी गई तो उस पर आपको इतनी आपत्ति क्यों है? मैं सभी सदस्यों को सूचित नहीं कर सकता, इसलिए एक प्रेस नोट जारी किया। मुझे बताइए सीआईएसएफ को वेल में तैनात क्यों किया गया? क्या हम आतंकवादी हैं?

खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि कार्यवाही को बाधित करना अलोकतांत्रिक है और यह नियमों के खिलाफ है।


स्वतंत्र वार्ता
Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com
Epaper : epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement : swadds1@gmail.com

# इंग्लैंड के बाद अब टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज के साथ

खेल डेस्क, 5 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया का इंग्लैंड दौरा अब खत्म हो चुका है। इस दौरे पर भारतीय टीम ने इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली, जो 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। सीरीज का आखिरी मुकाबला ओवल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच को शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने 6 रनों से जीतकर सीरीज को 2-2 पर खत्म किया। कप्तान के तौर पर शुभमन गिल की ये पहली टेस्ट सीरीज थी। सीरीज में गिल की कप्तानी और बल्लेबाजी प्रदर्शन कमाल का रहा। वहीं अब फैंस के मन में बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज कब और किस टीम के



साथ होगी? चलिए इसके बारे में हम आपको जानकारी देने वाले हैं।

इंग्लैंड के बाद टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज अब वेस्टइंडीज के साथ होगी। अक्टूबर में वेस्टइंडीज की टीम भारत का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। शुभमन गिल एकबार फिर से सीरीज में कप्तानी करते हुए दिखाई देंगे। वहीं इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीरीज के लिए चुना जा सकता है।

सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा और आखिरी मुकाबला 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने अपनी आखिरी टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के साथ घर पर खेली थी, जिसमें टीम को 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

### इंग्लैंड में शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन

इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल ने कमाल का प्रदर्शन किया। इस सीरीज में गिल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में गिल के बल्ले से कुल 754 रन निकले। इस दौरान उन्होंने 4 शतक और एक दोहरा शतक भी लगाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

## युवराज के पिता बोले-गिल की कप्तानी में मैच्योरिटी की क्लास

# योगराज ने कहा-ओवल में जीत किसी जंग जैसी सिराज की बॉलिंग में कपिल देव की झलक

चंडीगढ़, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज के बूते भारत ने ओवल टेस्ट में रोमांचक जीत हासिल की. इस जीत के साथ ही पांच मैच की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर हो गई. असंभव नजर आ रही जीत को संभव बनाकर सिराज रातों-रात हीरो बन चुके हैं.

इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर योगराज सिंह ने भी मोहम्मद सिराज की दिल खोलकर तारीफ की. युवराज सिंह की पिता योगराज ने मोहम्मद सिराज की तुलना कपिल देव से कर डाली. वही कपिल देव जिन्हें योगराज सार्वजनिक मंच से कई बार बुरा-भला कह चुके हैं.



न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में योगराज सिंह ने कहाः

जिस तरह से हमारे खिलाड़ी खेले, वह देखना अद्भुत था... मोहम्मद सिराज ने जिस तरह से गेंदबाजी की, उसने मुझे कपिल देव की याद दिला दी... शुभमन गिल की कप्तानी परिपक्व थी. ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि वह पहली बार कप्तान बने हैं.

यहां बताना जरूरी हो जाता है कि योगराज सिंह और कपिल देव दोनों ने अपना करियर लगभग एक साथ शुरू किया था. कपिल देव काफी आगे निकल गए और भारत को 1983 में देश का पहला वर्ल्ड कप दिलाया. दूसरी ओर योगराज सिंह को ज्यादा मौके नहीं मिल पाए. योगराज कई बार कपिल देव पर पर्सनल निशाना साध चुके हैं.

मैच की बात करें तो मोहम्मद सिराज मैच में कुल नौ विकेट लेकर छह रन से जीत के शिल्पकार रहे. इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ करा ली. इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिए 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी. सिराज ने आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाकर भारत को छह रन से अविस्मरणीय जीत दिलाई.

# तब अली, अब मोहम्मद, 54 साल बाद फिर ओवल टेस्ट में हैदराबाद से जुड़े जीत के तार

हैदराबाद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। 93 सालों के अपने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत ने अब तक 20 टेस्ट ओवल पर खेले हैं. मगर उसमें जीत उसे सिर्फ 3 टेस्ट में ही मिली है. भारत को पहली टेस्ट जीत ओवल के मैदान पर साल 1971 में मिली थी. दूसरी जीत 2021 में और अब 4 अगस्त 2025 को भारत ने ओवल पर अपनी तीसरी टेस्ट जीत की पटकथा लिखी. भारत को 1971 में मिली पहली और उसके 54 साल बाद 2025 में मिली तीसरी टेस्ट जीत के बीच एक समानता है. इन दोनों ही जीत के तार हैदराबाद से जुड़े हैं. 1971 में अली छाए थे तो 54 साल बाद 2025 में मोहम्मद.

भारत ने ओवल के मैदान पर पहला टेस्ट 1971 में अजीत




वाडेकर की कप्तानी में जीता था. वो टेस्ट मैच भारत ने 4 विकेट से अपने नाम किया था. इंग्लैंड ने भारत के सामने 1971 के टेस्ट में 173 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारत ने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया था.

अजीत वाडेकर की कप्तानी में मिली 1971 की उस जीत में आबिद अली का नाम छा गया था. इसलिए नहीं कि वो प्लेयर ऑफ द मैच बने थे. बल्कि इस वजह से क्योंकि उनके बल्ले से ही भारत के लिए विजयी रन निकला था.

### 54 साल बाद ओवल पर मोहम्मद ने किया कमाल

54 साल बाद ओवल टेस्ट पर भारत ने जब अपना सबसे लेटेस्ट और तीसरा टेस्ट जीता तो उसमें मोहम्मद सिराज ने गेंद से वही काम किया, जो 1971 में आबिद अली ने बल्ले से किया था. सिराज ने गेंद से 374 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड की टीम का आखिरी विकेट गिराकर भारत की जीत पर मुहर लगाई. ओवल में भारत की पहली जीत के हीरो आबिद अली और 54 साल बाद मिली तीसरी जीत के हीरो मोहम्मद सिराज के बीच एक कॉमन बात भी है. भारत की जीत पर मुहर लगाने वाले ये दोनों खिलाड़ी हैदराबाद से हैं. मतलब, ओवल पर जो 3 टेस्ट भारत ने जीते हैं उसमें से दो जीत के तार हैदराबाद से जुड़े हैं.

# फुटबॉल प्रेमियों को लगा झटका

## केरल दौरे पर नहीं आएगी मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना टीम

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय फुटबॉल प्रेमियों को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि लियोनल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का केरल दौरा रद्द हो गया है। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने बताया कि मेसी और उनकी टीम इस दौरे पर नहीं आएंगे। भारतीय प्रशंसकों को मेसी को भारत की जमीन पर खेलते देखने का बेहद इंतजार था, लेकिन इस खबर से उन्हें झटका लगा है।

इससे पहले अब्दुर्रहमान ने जोर देकर कहा था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम राज्य का दौरा करेगी और प्रायोजक ने पहले ही इस दौरे के लिए मैच



फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने हालांकि पत्रकारों से कहा कि अर्जेंटीना की टीम ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल अक्तूबर में राज्य का दौरा करने में परेशानी हो रही है, लेकिन प्रायोजक ने जवाब दिया कि हमें केवल अक्तूबर के महीने में इस दौरे में रुचि है।

अब्दुर्रहमान ने पहले कहा था कि टीम के इस साल अक्तूबर या नवंबर में आने की अधिक संभावना है। उन्हें कहा था कि टीम को राजकीय अतिथि के रूप में माना जाएगा, जिनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाएं सरकार द्वारा प्रदान की जाएंगी।

# इरफान पठान की पोस्ट पर भड़के यूजर्स

## कोहली-बुमराह को निशाना बनाने का लगाया आरोप



मुंबई, 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय टीम ने ओवल टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड को हराकर सीरीज को 2-2 की बराबरी पर खत्म किया। इस मैच में टीम इंडिया ने आखिरी दिन 6 रनों से जीत हासिल की। टीम इंडिया की इस जीत और मैच में मोहम्मद सिराज द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन को सालों साल याद रखा जाएगा। इस मैच में जसप्रीत बुमराह भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, फिर भी गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करके दिखाया। वहीं मैच के बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसपर बवाल छिड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यूजर्स ने इरफान पठान पर विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

दरअसल ओवल टेस्ट में टीम इंडिया की जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके लिखा "यह सीरीज एक बार फिर सबको याद दिलाती है कि क्रिकेट किसी के लिए नहीं रुकता!" इरफान की इस पोस्ट पर कमेंट करके एक यूजर ने लिखा "आप कोहली से इतने नाराज क्यों हैं?"

दरअसल इस सीरीज से पहले विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था, कोहली के इस फैसले से हर कोई हैरान था।

### टीम इंडिया ने 6 रनों से जीता मैच

ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 396 रन बनाए थे। जिसके बाद मैच को जीतने के लिए इंग्लैंड के सामने 374 रनों का लक्ष्य था। मैच में चार दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है।

पांचवें दिन इंग्लैंड को जीतने के लिए महज 36 रन बनाने थे और उसके हाथ में 4 विकेट भी बचे थे, लेकिन मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने ऐसा होने नहीं दिया। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 367 रनों पर सिमट गई थी। जिसके चलते टीम इंडिया ने मैच को 6 रनों से अपने नाम कर लिया।

# अमन सहरावत कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में करेंगे डेब्यू

## सुजीत भी भारतीय टीम में

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमर सहरावत कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू के लिए तैयार हैं। विश्व चैंपियनशिप के लिए हुए चयन ट्रायल में अमन (57 किग्रा) को कोई खास चुनौती नहीं मिली। क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा।

इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आये। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी।



### अमन बोले- सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटा

अमन ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया हूं। मेरी फिटनेस अच्छी है और मेरी लय भी वापस आ गई है। मैं विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार हूं। मैंने मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कुछ गलतियां की थी लेकिन वह एक साल बाद मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मुझे लगता है कि मैंने इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया था, मैं एक समय 11-6 से आगे भी चल रहा था, लेकिन मैं उस हार को स्वीकार करता हूं।

दूसरी ओर, सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल कालीरमन (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया। वह मुश्किल स्थिति से जवाबी हमला करके अंक बटोरने में सफल रहे। बजरंग पुनिया के हटने के बाद 65 किग्रा में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन लचर रहा है लेकिन सुजीत ने इस प्रदर्शन से उम्मीदें जगा दी है।

### दीपक पूनिया ने दबदबा कायम रखा

टोक्यो ओलंपिक में 86 किग्रा में चुनौती पेश करने वाले दीपक पूनिया ने 92 किग्रा के अपने नए भार वर्ग में दबदबा कायम करते हुए विश्व चैंपियनशिप का टिकट कटाया। दीपक ने महज 73 सेकेंड में मंजीत को हराने के बाद हरियाणा के सचिन को परास्त किया। अंडर 20 चैंपियन मुकुल दाहिया भी सीनियर टीम में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने 86 किग्रा में सचिन जगलान और आशीष को एकतरफा अंदाज में हराया। हरियाणा के अमित ने 79 किग्रा में दबदबा कायम किया, जबकि 74 किग्रा में सिर्फ दो पहलवानों के बीच हुए मुकाबले में जगदीप ने जीत दर्ज की। रोहित (70 किग्रा), उदित (61 किग्रा) विक्की (97 किग्रा) और रजत (125 किग्रा) फ्रीस्टाइल टीम में जगह बनाने वाले अन्य पहलवान थे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

## हरमनप्रीत की कप्तानी में खेलने उतरेगी टीम

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित कर दी है। यह दौरा एशिया कप की तैयारियों को देखते हुए अहम माना जा रहा है। भारत 15 अगस्त से शुरू हो रहे इस दौरे में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में खेलने उतरेगा। टीम में कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने हैं चार मैच

अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालिफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

### आठ अगस्त को रवाना होगी टीम

भारतीय टीम आठ अगस्त को बंगलूरू से ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमारा ध्यान शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम

गोलकीपरः कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा

डिफेंडरः हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह, पूवन्ना सीबी

मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह

फॉरवर्डः मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

# आईएसएल को रोके जाने का मामला

## एआईएफएफ के शीर्ष अधिकारी आठ क्लबों के सीईओ से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी देश के आठ क्लबों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोके जाने के बाद देश के फुटबॉल की 'वर्तमान स्थिति और दिशा' पर व्यक्त की गयी उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। आईएसएल के ये आठ क्लब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। आईएसएल के आयोजक (फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड – एफएसडीएल) ने राष्ट्रीय महासंघ के साथ मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण नहीं होने पर देश की शीर्ष फुटबॉल लीग पर रोक लगा दी है। एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच 15 साल का एमआरए 18 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'एआईएफएफ अधिकारी सात अगस्त 2025 गुरुवार को नई दिल्ली में इंडियन सुपर लीग के आठ क्लबों के सीईओ के साथ भारतीय फुटबॉल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे।' एआईएफएफ (एआईएफएफ) के साथ 'सकारात्मक बातचीत' की मांग करने वाले पत्र पर बेंगलुरु एफसी, जमशेदपुर एफसी, एफसी गोवा, हैदराबाद एफसी, केरल ब्लास्टर्स, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी ने हस्ताक्षर किए हैं। इस पर हालांकि कोलकाता के तीनों क्लब मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के साथ मुंबई सिटी एफसी और चेन्नईयिन एफसी के अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं है।

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पिछले ने यह आश्वासन दिया था कि इस आईएसएल के आगामी सत्र का आयोजन होगा। उन्होंने हालांकि शीर्ष-स्तरीय घरेलू प्रतियोगिता के शुरू होने की तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया। आईएसएल का सत्र आम तौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलता है।

# राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा

## 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद

अहमदाबाद, 5 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। यह दल आयोजन स्थलों का निरीक्षण करेगा और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं। यह दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया, 'हां, राष्ट्रमंडल खेल (जिसे पहले राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के नाम से जाना जाता था) की एक टीम नयी दिल्ली में है और पांच से सात अगस्त तक अहमदाबाद का दौरा करेगी।' मेहमान दल ने यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडaल इस महीने के अंत में दौरा करेगा।' पिछले महीने कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।



**आंध्र प्रदेश महेश सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड द्वारा बैंक के स्टाफ का खेल टूर्नामेंट किया गया इसका उद्घाटन महेश बैंक के निदेशक गोविंद राठी ने लैंप लगा कर किया इस अवसर पर विशेष अधिकारी राम नारायण बोगा, बैंक के प्रबंध निदेशक वी अरविंद महाप्रबंधक जी श्रीनिवास राव उपस्थित रहे।**



**दूसरी नेशनल रोलर हैंड बॉल स्केटिंक चैंपियनशिप 2025 उस्मानिया यूनिवर्सिटी में आयोजित की गयी, जिसमें तेलंगाना ने आंध्रप्रदेश को फाइनल मैंच में हराकर गोल्ड मीडल जीता। जिसमें न्यू पैरामाउंट हाई स्कूल, ज्ञान बाग कालोनी के छात्र टी अंकीत सिंह, कक्षा 7वीं ने गोल्ड मीडल जीता। गोल्ड मीडल प्रदान करते हुए आल इन्डीया हैंड बाल सेक्रटरी-टीके थोम्बरे।**

# राज्य भर में 65 हज़ार लोगों को सरकारी नौकरी देने का श्रेय सरकार को : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के आईटी, उद्योग और ज़िला प्रभारी मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि गरीबों के उत्थान के उद्देश्य से, सरकार राशन कार्ड के माध्यम से प्रत्येक परिवार को औसतन 1,200 रुपये प्रति माह का नि:शुल्क चावल उपलब्ध कराएगी।

मंगलवार को महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र के बालापुर मंडल के मल्लापुर स्थित एक गार्डन में आयोजित नए राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री शामिल हुए और उन्हें संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री जी ने कहा कि राज्य में सरकार गरीबों के उत्थान के उद्देश्य से शासन कर रही है और इसी के तहत पात्र गरीबों को राशन कार्ड जारी करने के उद्देश्य से राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं।

हालांकि राज्य सरकार प्रति माह 61 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च कर रही है, फिर भी गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज़िले में 12 हज़ार नए राशन कार्ड जारी होने से औसतन 50 हज़ार लोगों को बढ़िया चावल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में हमारी सरकार ने कृष्णा नदी का जल लाकर हैदराबाद शहर को पेयजल की समस्या से मुक्त किया था और अब राज्य के मुख्यमंत्री गोदावरी नदी का जल लाने की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम इस क्षेत्र में नए उद्योग ला रहे हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को अब तक राज्य भर में 65 हज़ार लोगों को सरकारी नौकरी देने का श्रेय प्राप्त है। कार्यक्रम में शामिल हुए सरकारी मुख्य सचेतक पटनम महेंद्र रेड्डी ने कहा कि गरीबों को राशन कार्ड प्रदान करना एक सतत प्रक्रिया है और जो पात्र हैं उनकी भी जल्द ही पहचान कर उन्हें कार्ड दिए जाएंगे।

साथ ही, महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण योजना के तहत करोड़ों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, उन्हें व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इंदिरा महिला शक्ति के माध्यम से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बाद में, मंत्री ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के महेश्वरम और बालापुर मंडलों के लोगों को राशन कार्ड वितरित किए और लाभार्थियों के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में जिला अतिरिक्त कलेक्टर चंद्रा रेड्डी, स्थानीय विधायक सबिता इंद्रा रेड्डी, टीयूएफआईडीसी के अध्यक्ष चल्ला नरसिम्हा रेड्डी, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष यदय्या, कंदुकुरु आरडीओ राजेश्वर रेड्डी, पूर्व विधायक किचन्ना गारी लक्ष्मा रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

## इंदिराम्मा घर नहीं मिलने पर करीमनगर के युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

करीमनगर, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इंदिराम्मा आवास योजना के तहत घर नहीं मिलने से परेशान होकर, एक युवक, वंथाडुपुला श्रीनिवास ने मंगलवार को चिगुरुमामिडी मंडल के सुंदरगिरि गांव में पेट्रोल पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। श्रीनिवास अपनी पत्नी के साथ करीमनगर-हुस्नाबाद रोड पर पेट्रोल की बोतल लेकर धरना दे रहे थे और तुरंत मकान की मंजूरी की मांग कर रहे थे। उन्होंने परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर और इंदिराम्मा समिति के सदस्यों से मौके पर आकर उनकी शिकायत का समाधान करने का आग्रह किया। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर, श्रीनिवास ने आत्महत्या करने की कोशिश में पेट्रोल पी लिया। सतर्क स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और पुलिस को सूचित किया, जो मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए हुस्नाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले, श्रीनिवास ने कहा था कि वह इस योजना के तहत घर पाने के पात्र हैं, लेकिन लाभार्थियों की पहली सूची में उनका नाम नहीं था।

# ईगल के पंजे में फंसे गांजा तस्कर : 4.2 करोड़ से अधिक मूल्य का गांजा बरामद

## ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जा रही थी खेप



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इस साल के सबसे बड़े मादक पदार्थ भंडाफोड़ों में से एक हैं, तेलंगाना की विशिष्ट मादक पदार्थ निरोधक इकाई ईगल ने आरएनसीसी खम्मम और साइबराबाद नारकोटिक पुलिस स्टेशन के साथ एक 847 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया। ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जा रही इस खेप को शमशाबाद में रोका गया और ओडिशा के मलकानगिरी के दो आदतन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। खिला धना (29) और राजेंद्र बजिंग (26) के रूप में पहचाने गए आरोपियों का पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी का रिकॉर्ड रहा है और वे रमेश सुकरी (फरार) के नेतृत्व में एक सुसंगठित नेटवर्क के तहत काम कर रहे थे। सिंडिकेट ने पकड़े जाने से बचने के लिए एचडीपीई पैकेजिंग, ग्रामीण मार्गों और बेसिक फोन का इस्तेमाल किया। गांजे के साथ, पुलिस ने एक महिंद्रा बोलेरो, दो मोबाइल फोन और सुरक्षा के लिए रखी गई 23 इंच की एक तलवार भी जब्त की।

एनडीपीएस अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। ईगल के अधिकारियों ने बताया कि इस छापेमारी ने उत्तर भारत के एक प्रमुख तस्करी गलियारे को काफी हद तक बाधित कर दिया है। पुलिस ने जनता से अपील है कि वे किसी भी नशीले पदार्थों से संबंधी गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन 1908 पर दें। सभी सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। ईगल के अधिकारियों ने बताया कि आरएनसीसी खम्मम टीम के चौधरी श्रीधर, डीएसपी, विजय, इंस्पेक्टर, रवि प्रसाद, एसआई और उनकी टीम, हरिश्चंद्र रेड्डी डीएसपी, सीएनपीएस, रमेश रेड्डी, इंस्पेक्टर, रामू नायक, इंस्पेक्टर और उनकी टीमों को कार्य के उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष प्रशंसा दी जाती है। ईगल तेलंगाना में नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ "शून्य सहनशीलता नीति" के लिए प्रतिबद्ध है।

# डोडाचूरा रैकेट का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद नारकोटिक्स एन्फोर्समेंट विंग (एच-न्यू) और अंबरपेट पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 किलो अफीम की भूसी, एक मिक्सर ग्राइंडर, दो जार, तौलने की मशीन, एक छलनी, दो मोबाइल फोन और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित ड्रग प्रोसेसिंग उपकरण जब्त किए, जिनकी कीमत 3.5 लाख रुपये है। आरोपी की पहचान मंगला राम (44) के रूप में हुई है, जो राजस्थान के बाड़मेर जिले का निवासी है और हैदराबाद के चेंगिचेरला का निवासी है। वह स्टील वेल्डर का काम करता था। नशे की लत और आसानी से पैसे कमाने के लालच में, वह कथित तौर पर राजस्थान से सस्ते दामों पर अफीम की भूसी खरीदकर शहर में महंगे दामों पर बेच रहा था। पुलिस ने अंबरपेट थाने में अपराध संख्या 347/2025 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अस्थिर आय वाले व्यक्ति अक्सर नशीली दवाओं के व्यापार में फंस जाते हैं और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना दें।

## बंजारा हिल्स में पानी का टैंकर गिरने से नाले पर सड़क धंसी

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स के नवीन नगर में मंगलवार को एक निजी पानी के टैंकर के नाले पर चढ़ने से सड़क धंस गई। नाले का वह हिस्सा उस समय ढह गया जब पास में ही माहेश्वरी चैंबर्स से कथित तौर पर 10,000 लीटर पानी लेकर आ रहा एक टैंकर खड़ा था। किसी के घायल होने या मौत की कोई खबर नहीं है। सोमवार रात हुई भारी बारिश के बाद शहर में यह पहली घटना थी। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जिससे इस समृद्ध इलाके में यातायात काफी बाधित हुआ। यातायात पुलिस और जीएचएमसी स्वच्छता शाखा के अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई और वे नुकसान का आकलन करने और स्थिति को संभालने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। जीएचएमसी अधिकारियों ने बताया कि टैंकर के भारी वजन के कारण नाला क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे पास की सड़क धंस गई। घटना के बाद टैंकर चालक तुरंत घटनास्थल से चला गया। धंसने के कारण कई वाहन फंस गए, और निवासियों को बुनियादी ढांचे की मरम्मत होने तक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि सड़क के नीचे की नाली की लाइन समय के साथ अपर्याप्त रखरखाव और भारी वाहनों के आवागमन के कारण खराब हो गई होगी, जिसके कारण अचानक धंसने की घटना हुई होगी। स्थानीय निवासियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बंजारा हिल्स में सड़कों और जल निकासी व्यवस्था की खराब स्थिति के बारे में उनकी लगातार की जा रही शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# वीआईपी की आड़ में धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वीआईपी बनकर महिला से धोखाधडी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता जेएनटीयू बस स्टॉप, केपीएचबी के सामने सितारा महिला पीजी होटल चलाती है और हॉस्टल में ही रहती है। डॉ. विक्रांत रेड्डी नाम का एक व्यक्ति अपने चचेरे भाई से मिलने उसके हॉस्टल आया था। वह अपने जूनियर छात्रों से मिलने हॉस्टल गया और खाना खाने के लिए चार बार हॉस्टल भी गया। उसके कई बार आने के कारण शिकायतकर्ता उससे परिचित हो गई। बाद में, उसने उसे बताया कि जुबली हिल्स में उसकी आभूषण की दुकान है और उसने उसे अपनी चेन रिमॉडलिंग के लिए देने पर ज़ोर दिया। इसलिए, उसने उस पर भरोसा किया और अपनी चार तोले सोने की चेन उसे दे दी। इसके अलावा, उसने उसे बताया कि चेन रिमॉडलिंग के लिए उसे और सोना चाहिए, जिसके लिए उसने उसे 55,000 रुपये ऑनलाइन और 45,000 रुपये नकद दिए। उसके बाद, उसका फ़ोन नंबर नहीं मिल रहा था। उसने बताया कि वह जुबली हिल्स स्थित एक बडे अस्पताल में न्यूरो सर्जन के पद पर कार्यरत है। आरोपी ने अपना नाम डॉ. विक्रांत रेड्डी उर्फ वायला वेंकटेश्वरलू, निवासी गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश बताया। के. सुरेश कुमार, पुलिस उपायुक्त, बालानगर क्षेत्र के मार्गदर्शन और ई. रवि किरण रेड्डी, सहायक पुलिस आयुक्त, कुकटपल्ली संभाग, एस. राजशेखर रेड्डी, थाना प्रभारी, केपीएचबी के पर्यवेक्षण में, थाना केपीएचबी की महिला उपनिरीक्षक एम. श्रीलता और केपीएचबी के कर्मचारियों के सहयोग से केपीएचबी पुलिस ने आरोपी को जेएनटीयूएच ट्रैफिक सिग्नल पर से गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस पार्टी की पदयात्रा का जनता से कोई लेना-देना नहीं : धनपाल

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक दल के सचेतक धनपाल सूर्यनारायण गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस की पदयात्रा का जनता के समर्थन से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा जनता की समस्याओं को लेकर पदयात्राएं करने का ज़िक्र करते हुए मज़ाक उड़ाया कि कांग्रेस पार्टी अपने 20 महीने के शासन की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताने के लिए पदयात्रा कर रही है। कांग्रेस ने अपने 20 महीने के शासन में जनता के लिए क्या किया है? इसीलिए लोग आपकी पदयात्रा पर विश्वास नहीं कर रहे हैं। लोगों ने टीपीसीसी अध्यक्ष को रथ पर खड़े होकर यह कहते सुना कि उन्होंने फलां-फलां निर्वाचन क्षेत्रों में पैसा दिया है। जनता कांग्रेस की छह गारंटियों, पांच घोषणाओं और छल-कपट के वादों का शिकार हो गई है।

वे इंदिराम्मा के घरों के नाम पर एक बार फिर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। उस वादे का क्या हुआ जिसमें राज्य की 18 साल से ऊपर की हर महिला को उनके बैंक खातों में हर महीने 2500 रुपये दिए जाने की बात कही गई थी? चुनाव से पहले, कांग्रेस ने घोषणा की थी कि कल्याण लक्ष्मी योजना के तहत गरीब लड़कियों को 1,00,116 रुपये नकद और एक ग्राम सोना दिया जाएगा। लेकिन सरकार बनने के 19 महीने बाद भी, सोने का वादा पूरा नहीं हुआ है। वे यह वादा भूल गए हैं कि 18 साल से ऊपर की और पढ़ाई कर रही हर युवती को इलेक्ट्रिक स्कूटर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता दिल्ली जाकर पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर नाटक कर रहे हैं। उन्होंने पूछा, आपके कांग्रेस विधायक ने विधानसभा में पेश की गई जाति जनगणना रिपोर्ट फाड़ दी। पिछले बीआरएस सर्वेक्षण में पिछड़ा वर्ग 61 प्रतिशत था, लेकिन अब यह 56 प्रतिशत है। मुसलमान 10 प्रतिशत हैं- पिछड़ा वर्ग की संख्या कैसे कम हो गई? उन्होंने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि गुरुकुलों में लोग कीड़ों वाला चावल खा रहे हैं। छात्र बीमार पड़ रहे हैं। आखिरकार, अगर पिछड़े वर्ग के छात्रों को 6000 करोड़ रुपये की फीस प्रतिपूर्ति नहीं दी जा सकती, तो उनका भविष्य किसके हाथ में है? हमें पदयात्राओं के ज़रिए नहीं, बल्कि शासन के जरिए विश्वास पैदा करने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन यह पहले से ही स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार ऐसा नहीं कर सकती।

# कांग्रेस की चालों से सावधान रहें: भाजपा

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने आज लोगों को सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की धोखेबाज़ी भरी चालों से सावधान रहने को कहा, जो तेलंगाना में 42 प्रतिशत आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्ग समुदाय को फिर से धोखा देने की कोशिश कर रही है।

पेद्दापल्ली में भाजपा के ज़िला स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा में कांग्रेस सरकार द्वारा पेश किए गए 42 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का बिना शर्त समर्थन किया है। लेकिन अब कांग्रेस पार्टी 42 प्रतिशत में से 10 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को देने की कोशिश कर रही है, जिसे हमारी पार्टी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने दोहराया कि भाजपा ने हमेशा धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध किया है और सवाल किया कि अगर 10 प्रतिशत मुसलमानों को दिया गया तो मूल पिछड़े वर्गों का क्या होगा, जो अपने अधिकार खो देंगे और उन्हें केवल 32 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कांग्रेस पार्टी के कामारेड्डी पिछड़ा वर्ग घोषणापत्र को याद करते हुए, राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कामारेड्डी पिछड़ा वर्ग घोषणापत्र के वादों को लागू करने में विफल



रहकर पिछड़ा वर्ग समुदाय के साथ धोखा किया है। भाजपा प्रमुख ने कहा कि तेलंगाना के लोग अब भाजपा को मौका देना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने बीआरएस के भ्रष्ट शासन और कांग्रेस पार्टी के जनविरोधी शासन का अनुभव किया है। राव ने ज़ोर देकर कहा कि भाजपा पार्टी राज्य भर में लगातार अपना आधार बढ़ा रही है। राव ने रेवंत रेड्डी सरकार से जानना चाहा कि उसने पिछले 19 महीनों में जाति और धर्म के नाम पर धोखा देने के अलावा पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि पेद्दापल्ली ज़िला कृषि प्रधान ज़िला है और यूरिया की कमी के लिए राज्य सरकार ज़िम्मेदार है, जबकि मोदी सरकार ने रबी सीज़न के लिए तेलंगाना को पर्याप्त यूरिया की आपूर्ति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार बिचौलियों का समर्थन करके यूरिया की कालाबाज़ारी को बढ़ावा दे रही है। किसानों के लिए शुरू किए गए विभिन्न विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों का विवरण देते हुए, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 20,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। राव ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करके दिल्ली में नाटक करने का आरोप लगाया, क्योंकि उन्हें अच्छी तरह पता है कि उनकी सरकार पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने में असमर्थ है और वे अपनी विफलता और अक्षमता के लिए केंद्र को दोषी ठहरा रहे हैं। प्रदेश पार्टी प्रमुख ने जिला नेताओं, कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के नेताओं से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। बाद में, राव ने बीआरएस नेता नल्ला मनोहर रेड्डी और उनके समर्थकों का पार्टी स्कार्फ भेंट करके भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया। पार्टी प्रमुख रामचंदर राव की उपस्थिति में बीआरएस और कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इससे पहले, राव को पेद्दापल्ली के मुख्य मार्गों से होते हुए एक जुलूस के साथ सभा स्थल तक ले जाया गया। पेद्दापल्ली पहुंचने से पहले सुल्तानाबाद में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पार्टी प्रमुख आज से पेद्दापल्ली, मंचिरियाला, कोमाराम भीम आसिफाबाद जिलों के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

# राजनेताओं को भाषा के मामले में गरिमापूर्ण व्यवहार करना चाहिए : वेंकैया नायुडू

हैदराबाद, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायुडू ने आज कहा कि राजनेताओं को भाषा के मामले में गरिमापूर्ण व्यवहार करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि कई पत्रकार अब यूट्यूब पर अपनी मनमर्जी से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में भाषा का बहुत महत्व है। उन्होंने सुझाव दिया कि नेताओं को भाषा के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलना चाहिए।

वरिष्ठ संपादक इनागंती वेंकट राव द्वारा लिखित पुस्तक "मर्जर-डिवीजन मना मुख्यमंत्रीलु" का विमोचन मंगलवार को बशीरबाग प्रेस क्लब में हुआ। राज्य मीडिया अकादमी के अध्यक्ष के. श्रीनिवास रेड्डी और पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायुडू ने "मर्जर-डिवीजन हमारे मुख्यमंत्री" पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर नायुडू ने कहा कि आज के युवाओं को "मर्जर-डिवीजन आवर चीफ मिनिस्टर्स" पुस्तक अवश्य पढ़नी चाहिए। अगर वे इस पुस्तक को पढ़ेंगे, तो उन्हें नेताओं के प्रशासन, ज्ञान और नेतृत्व के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र समाज का दर्पण होता है और इसे लोगों को यह बताना चाहिए कि समाज में क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में दो बार आँसू बहाए हैं। एक बार जब मुझे अपनी माँ की याद आई, तो मैंने अपनी माँ को नहीं देखा। दूसरी बार जब मुझे संसदीय दल की बैठक में बुलाया गया और उपराष्ट्रपति बनाया गया, तो मैं राजनीति से बाहर नहीं आना चाहता था। वेंकैया नायुडू ने याद करते हुए कहा कि उस दिन से लेकर आज तक वे पार्टी कार्यालय नहीं गए। मीडिया अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि इनागंती वेंकट राव पत्रकारों की एक पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।

उन्होंने कहा कि यह उनकी पुस्तक "मर्जर-डिवीजन" से बेहतर उपन्यास है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा केंद्रीय पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना वेंकैया नायुडू की प्रतिभा का प्रमाण है। उन्होंने कई पदों पर आसीन होने और उन्हें गौरवान्वित करने के लिए वेंकैया नायुडू की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि दिवंगत जयपाल रेड्डी और वेंकैया नायुडू उस समय के विधानसभा सत्रों में आत्मविश्वास से बोलते थे और उन्हें जाना-माना माना जाता था।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, पुस्तक लेखक वेंकट राव, कट्टा शेखर रेड्डी, बंडारू श्रीनिवास और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# कान में कीटनाशक डालकर व्यक्ति की हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

करीमनगर, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्वनियोजित हत्या के एक खौफनाक मामले में 29 जुलाई को करीमनगर शहर के बाहरी इलाके में बोम्माकल फ्लाईओवर पर रेलवे ट्रैक के पास नशे की हालत में एक 45 वर्षीय व्यक्ति के कान में खरपतवारनाशक डालकर उसकी हत्या कर दी गई। सुभाषनगर निवासी और एक पुस्तकालय में सफाईकर्मी, ऐलावेनी संपत, संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। करीमनगर ग्रामीण पुलिस ने उनके बेटे की शिकायत पर जांच शुरू की और उनकी पत्नी रमादेवी को मुख्य आरोपी बताया।

पुलिस के मुताबिक, संपत शराब का आदी था और अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। रमादेवी (जिसका किसननगर के कर्रे राजैया के साथ विवाहेतर संबंध था) ने अपने पति और खादरगुडेम के केसरी श्रीनिवास नामक एक अन्य साथी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची। साजिश के तहत, राजैया और श्रीनिवास ने संपत को शराब पीने के बहाने बोम्मकल फ्लाईओवर पर बुलाया। जब वह पूरी तरह नशे में धुत हो गया, तो उन्होंने उसके कान में कीटनाशक डाल दिया और उसकी मौत की पुष्टि करने के बाद भाग गए।

संदेह से बचने के लिए, रमादेवी और उसके साथियों ने संपत की तलाश करने का नाटक किया और बाद में शव की खोज की तथा जांच को गुमराह करने के लिए पुलिस को सूचित किया। करीमनगर पुलिस आयुक्त गौश आलम ने मंगलवार को ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मीडिया के सामने आरोपियों को पेश करते हुए कहा कि रामादेवी, राजैया और श्रीनिवास को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है।

## बिजली का तार टूटने से जिंदा जल गया किसान

कोत्तागुडेम, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुंडाला मंडल के शंभुनिगुडेम ग्राम पंचायत के वेनेलाबैलु गांव में मंगलवार को एक युवा किसान को जिंदा जल गया, जबकि उसका परिवार भयभीत होकर देख रहा था और मदद करने में असमर्थ था। पीड़ित, पारसिका राजू (30), मोटरसाइकिल से अपने खेत जा रहा था, तभी उसे ज़मीन पर पड़ी टूटी हुई बिजली की लाइन का ध्यान नहीं आया। जैसे ही उसकी बाइक बिजली के तार के संपर्क में आई, उसे करंट लगा और वह ज़मीन पर गिर पड़ा। फिर मोटरसाइकिल में आग लग गई और राजू वहीं आग की लपटों में घिर गया जहां वह गिरा था। घटना के गवाह बने आस-पास के किसानों ने राजू के परिवार को इसकी सूचना दी, जो घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उसे मरते हुए केवल देख पाए, क्योंकि बिजली का झटका लगने के डर से वे हस्तक्षेप नहीं कर पाए। स्थानीय किसानों ने नॉर्दर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनपीडीसीएल) को ज़िम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि यह हादसा अधिकारियों और फील्ड स्टाफ की लापरवाही का नतीजा है।

उन्होंने कहा कि बिजली के खंभे पर लगा एक इंसुलेटर टूट गया था, जिससे तार टूट गया, लेकिन बिजली कर्मचारियों ने सूचना दिए जाने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की। किसानों ने एनपीडीसीएल से कृषि भूमि से गुजरने वाली खतरनाक रूप से नीचे लटकी वितरण लाइनों को ठीक करने तथा आगे की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित भूमि निकासी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# वार्षिक पवित्रोत्सव का धार्मिक आयोजन

तिरुमला, 5 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमला में मंगलवार को वार्षिक पवित्रोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। तीन दिवसीय उत्सव के एक भाग के रूप में, पहले दिन, श्रीदेवी और भूदेवी के साथ श्री मलयप्पा स्वामी के शोभायात्रा देवताओं का स्नेपना तिरुमंजनम किया गया। कल्याणोत्सव मंडपम में, वेद पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उत्सव देवताओं को पवित्र और सुगंधित सामग्रियों से दिव्य स्नान कराया गया।



पहले दिन पुजारियों द्वारा आगम विधि के अनुसार पवित्र प्रतिष्ठा की जाएगी। दोनों तिरुमला के पुरोहित, टीटीडी के अतिरिक्त ईओ चौधरी वेंकैया चौधरी, मंदिर के मुख्य पुजारी, मंदिर के उप ईओ लोकनाथम, पेशकार रामकृष्ण और अन्य कर्मचारी, भक्त भी उपस्थित थे।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.